सेंसेक्स 74,244.90 -793.25
डॉलर 83.616 +0.268

तापमान (डिग्री सेल्सियस)
आज का अनुमान

| | अधिकतम | न्यूनतम | (न्यूनतम) |
|---|---|---|---|
| रांची | 34.0 | 22.0 | 27.0 |
| धनबाद | 38.0 | 23.0 | 30.0 |
| जमशेदपुर | 40.0 | 24.0 | 31.0 |
| पलामू | 37.0 | 21.0 | 29.0 |

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते





रांची, चैत्र शुक्ल पक्ष 06, विक्रम संवत 2081 | रांची, रविवार, 14 अप्रैल 2024, वर्ष-25, अंक-72, पृष्ठ-12, मूल्य ₹3.00, रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155 | www.rastriyanaveenmail.com



संपादकीय — चुनाव में व्यक्ति नहीं, मूल्यों की स्थापना ... 08


रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित


एक झटके में हम हिंदुस्तान से गरीबी मिटा ...12 — देश-विदेश


## वासंतिक नवरात्र

### षष्टम : कात्यायनी



नवरात्रि का छठा दिन मां कात्यायनी की उपासना का दिन होता है। इनके पूजन से अद्भुत शक्ति का संचार होता है व दुश्मनों का संहार करने में ये सक्षम बनाती हैं। इनका ध्यान गोधुली बेला में करना होता है। मां कात्यायनी का स्वरूप अत्यंत चमकीला और भास्वर है। इनकी चार भुजाएं हैं। माताजी की दाहिनी तरफ का ऊपरवाला हाथ अभयमुद्रा में तथा नीचेवाला वरमुद्रा में है। बायीं तरफ के ऊपरवाले हाथ में तलवार और नीचेवाले हाथ में कमल-पुष्प सुशोभित है। इनका वाहन सिंह है।

चन्द्रहासोज्ज्वलकरा
शार्दूलवरवाहन।
कात्यायनी शुभं दद्याद्देवी
दानवघातिनी।।

मां दुर्गा की छठी शक्ति को कात्यायनी के रूप में जाना जाता है। कात्यायन ऋषि की पुत्री के रूप में जन्म लेने के कारण उनके इस स्वरूप का नाम कात्यायनी पड़ा। इस दिन साधक का मन 'आज्ञा' चक्र में स्थित होता है। योग साधना में इस आज्ञा चक्र का अत्यंत महत्त्वपूर्ण स्थान है। इस चक्र में स्थित मनवाला साधक मां कात्यायनी के चरणों में अपना सर्वस्व निवेदित कर देता है। परिपूर्ण आत्मदान करनेवाले ऐसे भक्तों को सहज भाव से मां के दर्शन प्राप्त हो जाते हैं। मां कात्यायनी अमोघ फलदायिनी हैं।

**चैती छठ : खरना संपन्न, 36 घंटे का निर्जला उपवास शुरू**

# अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य आज

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

खरना अनुष्ठान के साथ ही चैती छठ महापर्व का 36 घंटे का निर्जला उपवास शनिवार को शुरू हो गया। खरना अनुष्ठान को लेकर शाम से ही लोगों में भारी उत्साह देखा गया। लोग व्रतियों के घर खरना का प्रसाद ग्रहण करने पहुंचने लगे। सबसे पहले व्रतियों ने पूजन के बाद खरना में गुड़ व दूध के खीर का प्रसाद ग्रहण किया, इसके बाद श्रद्धालुओं व आमलोगों के बीच प्रसाद का वितरण हुआ। अब रविवार की शाम अस्ताचलगामी सूर्य को छह बजकर दस मिनट में तालाब व जलाशयों में अर्घ्य दिया जाएगा। मालूम हो कि शुक्रवार को नहाय-खाय अनुष्ठान के साथ छठ महापर्व शुरू हो गया था। सोमवार को पांच बजकर 28 मिनट पर उर्ध्वगामी सूर्य को अर्घ्य देने के साथ चार दिवसीय छठ महापर्व संपन्न हो जायेगा। इसके बाद ही व्रति पारण करेंगे। इधर व्रतियों ने छठ मइया को अर्पित किये जाने वाले फलों और सब्जियों, साड़ी, धोती, बांस टोकरी, सूप, गिलास, नारियल की खरीदारी की।



## जेएलकेएम ने रांची धनबाद व दुमका से की उम्मीदवारों की घोषणा

**रांची।** जयराम महतो की पार्टी झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति (जेएलकेएम) ने राज्य के तीन लोकसभा सीट से उम्मीदवारों की घोषणा कर दी है। पार्टी ने रांची, धनबाद और दुमका लोकसभा क्षेत्र से उम्मीदवार उतारे हैं। इस संबंध में शनिवार को पार्टी के केंद्रीय प्रधान महासचिव ने सूची जारी की है। इसके अनुसार धनबाद सीट से इकलाख अंसारी, दुमका से बेबी लता टुडू और रांची से देवेंद्र नाथ महतो को उम्मीदवार बनाया गया है। इससे पूर्व पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष जयराम महतो गिरिडीह लोकसभा सीट से उतरने की घोषणा कर चुके हैं।

# जैक बोर्ड 20 को जारी करेगा मैट्रिक परीक्षा का रिजल्ट



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड अधिविद्य परिषद (जैक) की मैट्रिक की परीक्षा का रिजल्ट 20 अप्रैल को जारी किया जाएगा। इसे लेकर जैक ने सारी तैयारी पूरी कर ली है। मैट्रिक परीक्षा की कॉपियों की जांच का कार्य पूरा हो गया है। मार्क्स फाइल भी तैयार कर ली गई है। यह जानकारी जैक की ओर से स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के सचिव को दी गई है। जैक सचिव सच्चिदानंद तिग्गा ने बताया कि 20 अप्रैल को मैट्रिक परीक्षा का रिजल्ट जारी कर दिया जाएगा। वहीं, इंटर परीक्षा की कॉपियों की जांच का कार्य अभी कुछ जिलों में पूरा नहीं हो सका है। इस कारण इंटर की परीक्षा का रिजल्ट मैट्रिक के साथ नहीं जारी होगा। इंटर का रिजल्ट 17 मई के आसपास जारी होने की संभावना है। इस बार मार्क्स फाइल तैयार करने में उच्च तकनीक का इस्तेमाल किया गया, जिसका लाभ रिजल्ट तैयार करने में मिल रहा है। जमशेदपुर में विवेकानंद हाई स्कूल में चल रहे मूल्यांकन केंद्र पर अब तक 2,744 कॉपियों का मूल्यांकन कार्य नहीं हो सका है। इसमें अंग्रेजी की कॉपियां शामिल हैं। इसके साथ ही अन्य सभी शेष पृष्ठ 11 पर



## जय प्रकाश भाई पटेल ने कल्पना सोरेन से की मुलाकात

**रांची।** हजारीबाग लोकसभा से कांग्रेस उम्मीदवार जय प्रकाश भाई पटेल ने शनिवार को पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन से मुलाकात की। बताया गया कि यह दोनों की शिष्टाचार मुलाकात थी। इस दौरान कई राजनीतिक विषयों और उलगुलान न्याय महारैली के तैयारी को लेकर चर्चा हुई।

# 'झारखंड की सभी 14 सीटों पर महागठबंधन की होगी जीत'

### सरायकेला में बूथ कमेटी की बैठक में शामिल हुए मुख्यमंत्री

### चार दिवसीय दौरे पर अपने विधानसभा क्षेत्र सरायकेला में रहेंगे



**नवीन मेल संवाददाता। सरायकेला**

लोकसभा चुनाव की तिथि सामने आते ही झामुमो चुनाव की तैयारी में जोर-शोर से जुट गया है। पार्टी का लक्ष्य इंडी गठबंधन के साथ प्रदेश की सभी 14 सीटों पर जीत दर्ज करना है। झामुमो राज्य सरकार का नेतृत्व कर रही है ऐसे में सरकार के मुखिया की जिम्मेदारी काफी बढ़ गई है।

खासकर सिंहभूम और जमशेदपुर लोकसभा सीट झामुमो के लिए प्रतिष्ठा की सीट बन गई है। चुनाव तैयारियां का जायजा लेने के लिए शनिवार को मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन चार दिवसीय दौरे पर अपने विधानसभा क्षेत्र सरायकेला पहुंचे। मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन सबसे पहले गम्हरिया के पिंडराबेड़ा में ग्रामीणों से मिले। इसके बाद एक होटल में झामुमो कार्यकर्ताओं के साथ बूथ कमेटी की बैठक में शामिल हुए। सरायकेला जिला के गम्हरिया प्रखंड की सभी बूथ कमेटी की बैठक में उन्होंने कार्यकर्ताओं के सामने लक्ष्य निर्धारित किया और सभी सीटों पर जीत सुनिश्चित करने के लिए जी-जान से जुटने को कहा। मुख्यमंत्री सोरेन ने पार्टी कार्यकर्ताओं को कई टिप्स भी दिए। बैठक के बाद पत्रकारों से बात करते हुए मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर आयोजित बैठक में कार्यकर्ताओं को चुनावी टिप्स दिए गए हैं। इस दौरान मुख्यमंत्री ने झारखंड की सभी 14 लोकसभा सीटों पर शेष पृष्ठ 11 पर

## प्रदेश में पावर शिफ्टिंग की चल रही तैयारी!

**क्या** राज्य में सत्तारूढ़ दल झामुमो में पावर सेंटर बदलने वाला है? यह बदलाव सरकार के पद या महत्व के स्तर पर हो सकता है। हाल के राजनीतिक घटनाक्रम तो कुछ ऐसे ही संकेत दे रहे हैं। मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने के बाद चंपई सोरेन बड़ी बेबाकी से लगभग रोज ही जनता के बीच जाकर अपनी सरकार की उपलब्धियां गिना रहे थे। कई लोगों का मानना है कि जनता से कनेक्ट करने का उनका तरीका पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से ज्यादा सशक्त था। वहीं केंद्र सरकार से भी अनावश्यक या सहयोगी दलों के एजेंडे के अनुसार हर समय टकराव की मुद्रा नहीं रखना भी उन्हें लोकप्रियता दे रहा था। प्रधानमंत्री के धनबाद कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री चंपई का सौम्य व्यवहार को सभी सराह रहे थे। ऐसे में उनके जनसंपर्क अभियान पर अचानक ब्रेक लग गया। गत एक सप्ताह से मुख्यमंत्री का कोई महत्वपूर्ण बयान भी नहीं आया। वहीं कल्पना सोरेन प्रो एक्टिव हो गईं। लगभग रोज उनके दौरों और वक्तव्यों की झड़ी सी लग गई। 21 अप्रैल को होने वाले उलगुलान न्याय रैली के केंद्र में भी कल्पना ही हैं। इस रैली की सफलता से कल्पना सोरेन को पार्टी का लोकप्रिय और सशक्त केंद्रीय नेता बनाने की तैयारी है। इसबीच तमाम चुनावी हलचल के बीच सीएम चंपाई सोरेन चार दिनों के लिए सरायकेला प्रवास पर चले गये हैं। इससे राजनीतिक शेष पृष्ठ 11 पर

### सीएम ने जलियांवाला बाग नरसंहार के बलिदानियों को किया नमन

मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने पंजाब के जलियांवाला बाग नरसंहार के बलिदानियों को याद किया। उन्होंने बलिदानियों को श्रद्धांजलि अर्पित की। मुख्यमंत्री ने इस संबंध में शनिवार को एक्स पर लिखा है कि अपने जलियांवाला बाग नरसंहार में शहीद हुए अमर बलिदानियों के वीरता एवं अदम्य साहस को कोटि-कोटि नमन। भारत को गुलामी की बेड़ियों से मुक्त कराने के लिए आपके सर्वोच्च बलिदान को, यह कृतज्ञ राष्ट्र कभी भुला नहीं पाएगा।

## नाबालिग आदिवासी लड़की के साथ दोस्तों ने किया सामूहिक दुष्कर्म

### ब्वॉयफ्रेंड ने सरहुल मेला घुमाने के बहाने बुलाकर शुक्रवार की रात घटना को दिया अंजाम

### पांचों आरोपियों को गिरफ्तार कर पोक्सो एक्ट के तहत एफआईआर दर्ज किया गया है



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

रातू स्थित महादेव टंगरा में आयोजित सरहुल मेला घुमाने के बहाने शुक्रवार की रात एक आदिवासी नाबालिग के साथ उसके ब्वॉयफ्रेंड और चार दोस्तों ने सामूहिक दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया। मामला प्रकाश में आने के बाद नाबालिग के बयान पर पोक्सो एक्ट के तहत शनिवार को एफआईआर दर्ज कर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए पांचों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। नाबालिग का मेडिकल जांच भी करवा लिया गया है। जानकारी के अनुसार पंडरा की एक नाबालिग को उसके ब्वॉयफ्रेंड ने शुक्रवार रात सरहुल मेला घुमाने की बात कही और षड्यंत्र के तहत उसे मेला क्षेत्र से कुछ दूर तिगरा गांव ले गया।

> आरोपी युवकों ने नाबालिग को घुमाने के बहाने इस सामूहिक दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया। घटना में संलिप्त सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। सभी आरोपियों से पूछताछ की जा रही है। पीड़िता ने शनिवार की सुबह पुलिस को घटना की जानकारी दी। उसने पुलिस को बताया कि उसके ब्वॉयफ्रेंड ने उसे शुक्रवार की रात को बुलाया और अपने साथ ले गया। जहां उसने अपने दोस्तो के साथ मिल कर घटना को अंजाम दिया।
>
> **सुमित अग्रवाल**
> **ग्रामीण एसपी**

वहां नाबालिग के ब्वॉयफ्रेंड सोनू लोहरा व उसके चार दोस्त उत्तम मुंडा, संजू मुंडा, सुभाष तिर्की और विपिन मुंडा ने मिलकर इस घटना को अंजाम दिया। घटना को तिगरा गांव के एक शेष पृष्ठ 11 पर

## रांची सर्राफा

सोना (10 ग्राम) 68,800

चांदी (1 किलो) 90,000


**व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें**

1994 से अनवरत हम आपके लिए समाचारों की प्रमुखता की नीति पर कार्य करते रहे हैं। इसे और सुगम बनाने के लिए एक विशेष व्हाट्सएप नंबर है, जिसमें आप सीधे अपनी परखी हुई सच्ची खबर फोटो सहित संक्षेप में इस नंबर 82925 53444 पर भेज सकते हैं।

आपत्तिजनक सामग्री भेजने पर आइटी एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई हो सकती है। यदि आपको अखबार की प्रति नहीं मिल पा रही है या विज्ञापन देना चाहते हैं तो इस नंबर पर 8292373444 संपर्क करें।


# लोस चुनाव के लिए आज भाजपा जारी करेगी चुनाव घोषणा पत्र

**-ब्यूरो। नई दिल्ली**

भाजपा लोकसभा चुनाव के लिए रविवार को बैसाखी और बाबासाहब अंबेडकर के जन्म दिवस पर अपना घोषणा पत्र जारी करने जा रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मौजूदगी में भाजपा रविवार को सुबह 8:30 बजे पार्टी मुख्यालय एक्सटेंशन में घोषणा पत्र जारी करेगी। भाजपा अपने चुनाव घोषणा पत्र को संकल्प पत्र के नाम से जारी करती है। प्रधानमंत्री मोदी के साथ-साथ भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, चुनाव घोषणा पत्र समिति के अध्यक्ष एवं रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह समेत कई अन्य दिग्गज नेता भी इस दौरान मौजूद रहेंगे।




बताया जा रहा है कि भाजपा के संकल्प पत्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन के मुताबिक 2047 तक भारत को विकसित देश बनाने के लक्ष्य को प्रमुखता से बताया जाएगा। प्रधानमंत्री मोदी के विजन के मुताबिक ही ज्ञान अर्थात जीवाईएएन फॉमूर्ले के तहत गरीब, युवा, अन्नदाता (किसान) और नारी (महिला) पर इस संकल्प पत्र में विशेष फोकस देखने को मिल सकता है।

**अमित शाह ने राहुल पर कसा तंज**

# बीस बार लांचिंग हुई पर फेल हो गई, कांग्रेस का ध्यान आपके बेटे-बेटियों पर नहीं


**एजेंसी। अलवर**

भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने राजस्थान के अलवर लोकसभा क्षेत्र से पार्टी उम्मीदवार भूपेंद्र यादव के समर्थन में शनिवार को चुनावी जनसभा की। इस दौरान उन्होंने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर तंज कसते हुए कहा कि बीस बार लांचिंग हुई पर फेल हो गई। कांग्रेस का ध्यान आपके बेटे-बेटियों पर नहीं है। भाजपा के वरिष्ठ नेता शाह ने अलवर लोकसभा क्षेत्र के किशनगढ़बास के हरसौली और खैरथल की



चुनावी सभाओं में कहा कि इस बार 400 पार करना है। कांग्रेस ने ओआरओपी का वादा पूरा नहीं किया है। दस साल में कई असंभव काम हुए हैं। कांग्रेस ने राम मंदिर के मुद्दे को लटकाए रखा, वहीं राम मंदिर के निमंत्रण को भी ठुकराया। मोदी को तीसरी बार पीएम बनाना है। शाह ने कहा कि पीएम मोदी ने बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान भी हाथ में लिया है। मोदी कहते हैं बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ और कांग्रेस एक ही नारा लेकर चली है, बेटा बचाओ-पीएम बनाओ। सोनिया का पूरा ध्यान राहुल बाबा को पीएम बनाने में है। आपके बेटे-बेटियों पर ध्यान नहीं हैं। राहुल बाबा एक ऐसा यान है जो 20 बार लॉन्च हुआ और हर बार लॉन्चिंग फेल हुई है। अब ऐसी स्थिति आ गई है कि राहुल बाबा को लॉन्च करते-करते कांग्रेस पूरी लॉन्च नहीं हो पा रही है। कांग्रेस ओबीसी वर्ग की विरोधी पार्टी है। पिछड़ा वर्ग से कांग्रेस ने सालों तक अन्याय किया। काका साहेब कालेलकर और मंडल कमीशन की रिपोर्ट को दबाकर रखा। मोदी ने आकर ओबीसी कमीशन को संवैधानिक मान्यता देने का काम किया। केंद्र के सारे दाखिलों में 27 प्रतिशत रिजर्वेशन ओबीसी समाज को देने का काम मोदी ने किया।

## आज के मैच




समय : 14 अप्रैल, 3:30 बजे से
स्थान : कोलकता




समय : 14 अप्रैल, 7:30 बजे से
स्थान : मुंबई

## आजकल





# इंडिया उपेक्षित बचपन और बढ़ती हिंसा, जिम्मेदार कौन?



सुनील बादल

***समाज*** में हिंसा या गुस्सा कोई नई बात नहीं पर बच्चे जब हत्या और बलात्कार जैसे जघन्य अपराधों में शामिल होने लगें और उनके अंदर धैर्य समाप्त होने लगे तो यह एक चिंताजनक बात होती है। खूंटी में जिला बाल कल्याण समिति की अध्यक्ष तनुश्री सरकार बहुत दिनों से बच्चों के अधिकार, ट्रैफि किंग और जनजातीय महिलाओं की स्थिति पर काम कर रही हैं बताती हैं कि खूंटी में महिलाओं की स्थिति चिंताजनक है जो दिन रात काम करती हैं,घर भी संभालती हैं और उनका कोई अस्तित्व नहीं पति ही मालिक होता है जिसे वे पालती भी हैं और उससे मार भी खाती हैं। चुनाव पूर्व जनता का मूड भांपने जब हम खूंटी पहुंचे तो सब्जी बेचने से लेकर नौकरी करने वाली महिलाएं ऐसी ही सोच वाली मिली। शहरी क्षेत्र में व्यस्त माता पिता या घर पर ही पार्टी उड़ानेवाले परिवारों के बच्चे गुस्सैल निकल रहे हैं। समाज में गुस्सा बढ़ता ही जा रहा है। हाल ही में सफदरजंग के कुछ डॉक्टरों और मनोचिकित्सकों ने दिल्ली के स्कूलों में एक अध्ययन किया था। उसमें पाया गया कि 55 प्रतिशत बच्चे और किशोर तथा 46 प्रतिशत बच्चियां और किशोरियां गुस्से से भरी हैं। वे अपने व्यवहार में आक्रामक और हिंसक भी हैं। लड़के-लड़कियों का हिंसक होना क्या समाज को डराता नहीं है? दरअसल पिछले 50 वर्षों में हमारी फिल्मों, कला के अन्य माध्यमों, साहित्य ने एक ऐसी स्त्री की छवि गढ़ी है, जो गुस्से और बदले से भरी है और हिंसक होने से भी परहेज नहीं करती। इसे स्त्री की ताकत के रूप में पेश किया गया है। इंतकाम की आग में जलती स्त्री रोल मॉडल बना दी गई है। स्त्री की ऐसी छवि को मीडिया भी हाथों-हाथ लेता है। आपको हिसार की वे बहनें तो याद ही होंगी, जो



चलती बसों, पार्कों, आदि में लड़कों को पीटती थीं। एक ऐसा ही वीडियो वायरल हुआ, तो फौरन हरियाणा सरकार ने उन्हें पुरस्कृत कर दिया। मीडिया ने इन लड़कियों को बहादुर लड़कियों की तरह पेश किया। बाद में पता चला कि वे लड़कियां वीडियो बनाने के लिए ऐसा करती थीं। गाजियाबाद की उस लड़की का किस्सा भी याद होगा, जिसने दहेज का आरोप लगाकर बारात लौटा दी थी। दूल्हे और उसके परिवार पर दहेज मांगने का आरोप लगाया था। यह सब उसने इसलिए किया था, क्योंकि वह उस लड़के से शादी न करके अपने मित्र से शादी करना चाहती थी। इस लड़की ने भी मीडिया में बहुत सुर्खियां बटोरी थीं। उस दूल्हे को लंबी अदालती लड़ाई के बाद निरपराध साबित किया गया था। कहने का अर्थ यह है कि यदि मारपीट और हिंसा करती स्त्री को आदर्श की तरह पेश किया जाएगा, तो आम लड़कियां भी यही सीखेंगी कि ऐसा करना अच्छी बात है। वे तात्कालिक गुस्से में अच्छा-बुरा सब भूल जाएंगी, जैसा कि उस लड़की के साथ हुआ कि उसने बिना कुछ सोचे-समझे सिर्फ घूरने और वीडियो बनाने के चलते उस युवक को मार डाला। ठीक है कि आपने गुस्सा दिखा दिया, बदला ले लिया, लेकिन अब क्या? अब तो जिंदगी सलाखों के पीछे ही बीतेगी। काश, हमारे युवाओं को कोई समझाने वाला हो कि क्षणिक गुस्से में लिए गए निर्णय अक्सर अनिष्टकारी होते हैं, लेकिन समझाए भी कौन? संयुक्त परिवार के विघटन के बाद अच्छे-बुरे की सीख देने वाले दादा-दादी परिवार की परिधि से बाहर हैं और माता-पिता को रोजमर्रा के झंझट से फुर्सत ही नहीं है। ऐसे में, जिनके ऊपर समझाने की जिम्मेदारी बचती है, वे हिंसा और अपराध बेचकर ही अपनी कमाई कर रहे हैं। झारखंड जैसे विकासशील राज्य में जहां संघर्षशील परिवारों में बच्चों के लिए समय कम रहता है वहां ये बातें अधिक प्रासंगिक हैं।

# कांग्रेस की नई सूची में 16 नाम, रांची का फैसला टला

**मंडी से विक्रमादित्य मैदान में, पवन बंसल का टिकट कटा**



**-ब्यूरो। नई दिल्ली**

कांग्रेस ने शनिवार को लोकसभा चुनाव के लिए 16 और उम्मीदवारों की सूची जारी कर दी। सूची में चंडीगढ़ लोकसभा सीट के अलावा, गुजरात की चार, हिमाचल प्रदेश की दो और ओडिशा की नौ लोकसभा सीट के लिए उम्मीदवारों का एलान किया गया है। इसके साथ ही पार्टी ने गुजराज की पांच विधानसभा सीटों पर होने वाले उपचुनाव के लिए भी उम्मीदवारों का एलान कर दिया है। वहीं झारखंड के रांची सीट पर अभी भी कोई फैसला नहीं लिया गया। कहा तो जा रहा है कि इस सीट से सुबोधकांत सहाय का नाम तय है लेकिन घोषणा नहीं होने से संशय बढ़ता जा रहा है। सूची में पूर्व केंद्रीय मंत्री मनीष तिवारी को चंडीगढ़ संसदीय क्षेत्र से मैदान में उतारा गया है। यहां पिछली बार पूर्व केंद्रीय मंत्री पवन बंसल को टिकट दिया गया था। वहीं, पार्टी ने हिमाचल की मंडी लोकसभा सीट पर विक्रमादित्य सिंह को टिकट दिया है। विक्रमादित्य सिंह कांग्रेस की हिमाचल प्रदेश इकाई की प्रमुख प्रतिभा सिंह के बेटे हैं।

## एक नजर

### जय श्रीराम कमेटी मुरी सिल्ली की झांकी का आयोजन कल

**सिल्ली।** जय श्री राम कमेटी मुरी सिल्ली के द्वारा 15 अप्रैल सोमवार को एक झांकी का आयोजन किया गया है। यह झांकी सिल्ली ग्राम विकास स्कूल से 3:30 बजे शाम में पैदल जय श्री राम का नारा लगाते हुए झारखंड मोड, बड़ा मुरी, छोटा मुरी होते हुए ए टाइप बजरंगबली मंदिर के प्रांगण में आकर संपन्न होगा। कमेटी के सदस्यों से अनुरोध किया गया है कि अधिक से अधिक राम भक्त झांकी में शामिल होकर झांकी को सफल बनाएं। इसकी जानकारी कमेटी के पदाधिकारी चंद्र मोहन महतो ने दिया।

### एक व्यक्ति ने फांसी लगाकर आत्महत्या की

**मांडर।** मांडर निवासी 45 वर्षीय रमेश खलखो ने अपने ही घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना शुक्रवार की दोपहर लगभग 12:00 की है। बताया जाता है कि घटना के वक्त रमेश के परिवार का कोई भी सदस्य घर पर नहीं था। गुरुवार को सरहुल मनाने के बाद परिवार के सभी सदस्य घर से बाहर थे। घर आने पर लोगों को पता चला कि रमेश ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। घटना की जानकारी मिलने पर मांडर पुलिस ने शव को अपने कब्जे में ले लिया और पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया। रमेश के दो बेटे और एक बेटी है। रेफरल अस्पताल परिसर के निकट वह किराने की दुकान चलाता था। पुलिस आत्महत्या के कारणों की जांच कर रही है। वहीं परिजनों का घटना के बाद से रो रोकर बुरा हाल है।

### फास्ट फूड स्टाल उद्यमी प्रशिक्षण कार्यक्रम की होगी शुरुआत

**सिल्ली।** श्री धर्मस्थला मंजूनाथेश्वर शिक्षण ट्रस्ट एवं केनरा बैंक द्वारा संचालित रूडसेट संस्थान सिल्ली राँची में 19 अप्रैल से फास्ट फूड स्टॉल उद्यमी का प्रशिक्षण शुरू होने जा रहा है कग्रामीण क्षेत्र के इच्छुक बेरोजगार युवक एवम महिलाएं जिनका उम्र 18 से 45 वर्ष के बीच है तथा प्रशिक्षण लेकर वह स्वयं का रोजगार करना चाहते हैं तो रुडसेट संस्थान के कार्यालय मे आकर कर अपना नामांकन करा सकते हैं। प्रशिक्षण के लिए आधार कार्ड, राशन कार्ड, बीपीएल कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड, शैक्षिक योग्यता प्रमाण पत्र, बैंक पासबुक,महिला समूह कोड सभी का फोटो कॉपी आदि दस्तावेज लगेगा ।

### रेलवे की हाईटेंशन तार की चपेट में मजदूर झुलसा, दो घायल

**कोडरमा।** तिलैया आरओबी के पास शनिवार की सुबह करीब नौ बजे रेलवे के हाईटेंशन तार की चपेट में आने से आरकेएस कंपनी के अधीन सेटरिंग का कार्य के दौरान मजदूर 35 वर्षीय वर्मेश्वर टुड्डू, पिता-मंगल ट्डू, थाना बेंगाबाद, जिला गिरिडीह गंभीर रूप से झुलस गया। इसके साथ ही एक और मजदूर 28 साल दिलीप मुर्मू को मामूली चोट लगी है। निर्माण एजेंसी के सुपरवाइजर अनिल साव, 44 साल का पैर फ्रैक्चर कर गया है।

# डॉ परमेश्वर भगत सरहुल शोभा यात्रा में हुए शामिल

**नवीन मेल संवाददाता। मांडर** मांडर विधानसभा क्षेत्र के जाने-माने समाजसेवी और पूर्व डीडीसी, डॉ परमेश्वर भगत ने बेडो में अपने समर्थन और सेवा के संकल्प के साथ प्रकृति पर्व सरहुल शोभा यात्रा में शामिल हुए। बेडो में शनिवार को विभिन्न गांवों के आदिवासी समुदाय के साथ डॉ परमेश्वर भगत की उपस्थिति में सरहुल के प्रकृति पर्व में एक नया रंग और जोश भरा। उनका समर्थन और संवाद आदिवासी समुदाय के साथ समाजिक समूह को विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। यह यात्रा एक संवेदनशील और समर्थनीय संबंध का संदेश लेकर समाज को मिला। इस उत्सव के माध्यम से डॉ परमेश्वर भगत ने सामाजिक एवं पर्यावरणीय संदेश को साझा करते हुए आदिवासी समुदाय के साथ एक गहरा संवाद स्थापित किया, जो समृद्धि और सामर्थ्य की दिशा में नए कदमों की प्रेरणा देता। अंत में डॉ परमेश्वर भगत ने कहा कि हर हाल में प्रकृति का सरक्षण और संवर्धन होना



चाहिए। सरहुल का मतलब खुशी के साथ प्रकृति का रक्षा है। मौके पर डॉ नाफर अली, बिरसा उरांव, संतोष उरांव, अनिल उरांव, अमित भगत, सुमित भगत, रवि उरांव एवं आस पास के सैकड़ों लोग शोभा यात्रा में उपस्थित हुए।

### कल एसडीओ का विभागवार समीक्षात्मक बैठक

# प्रत्येक विभाग को एजेंडे के साथ उपस्थित होने का निर्देश

**नवीन मेल संवाददाता। बरही** महापर्व रामनवमी जुलूस को शांतिपूर्ण संपन्न करवाने के उद्देश्य से सोमवार को एसडीओ जोहन टुडू ने विभागवार समीक्षात्मक बैठक करेंगे. बैठक अपराह्न 12 बजे से अनुमंडल कार्यालय में आयोजित की जायेगी. जिसमें प्रत्येक विभाग के प्रतिनिधियों को अपने एजेंडे के साथ उपस्थित रहने का निर्देश दिया गया है. बैठक में कुल 22 एजेंडों पर समीक्षा किया जायेगा. जिनमें मुख्य रूप से स्वास्थ्य उपकेंद्र व अस्पतालों की व्यवस्था, पेयजल आपूर्ति व्यवस्था, विद्युतापूर्ति व्यवस्था, विस्फोटक पदार्थो की जांच, अवैध शराब की बिक्री पर रोक, सड़को पर निमार्णाधीन सामग्री, पशु विचरण पर रोक, रामनवमी पर्व संबंधित पूवार्भाष प्रतिवेदन, संवेदनशील स्थानों की समीक्षा, वारंटियों की गिरफ्तारी, असमाजिक तत्वों पर निगरानी व छापेमारी,



आईपीसी 107, 108, 109, 110 के तहत की कारवाई, चेकनाका लगाकर वाहन/संदिग्धों की जांच, लाइसेंस अखाड़ाधारियों की समीक्षा, विवादित जुलूस मार्ग, जबरन चंदा वसूली, ध्वनि प्रदूषण/डीजे पर प्रतिबंध, शांति व सौहार्दपूर्ण जुलूस निकालने पर पुरस्कार, सोशल मीडिया की निगरानी, थाना/प्रखंड स्तर पर नियंत्रण कक्ष का संचालन, अग्निशमन की व्यवस्था, पंचायत स्तरीय शांति समिति की बैठक और कम्युनिकेशन प्लान शामिल हैं।

# प्रशासन के मना करने के बाद भी ऑटो ठेला-खोमचा बीच सड़क पर कर रहे धंधा



**अमित कुमार। रांची**

शहर के सभी मुख्य मार्ग के दोनों किनारे पर प्रतिदिन अवैध रूप से वाहनों को लगा दिया जाता है। इसके अलावा, मेन रोड सहित शहर के अधिसंख्य मार्गों पर ठेला-खोमचा वालों की मनमानी चल रही है। वे अक्सर एक-दूसरे को देखते हुए अपने ठेले या खोमचे को बीच सड़क पर ही लगाने लगे हैं। इन लोगों की तादाद में दिन-प्रतिदिन लगातार बढ़ोतरी हो रही है। इस कारण आए दिन रोड पर ट्रैफिक जाम की समस्या देखने को मिल रही है। ट्रैफिक जाम की समस्या से कैसे मुक्ति मिले, इसका समाधान कैसे हो, इसके प्रति जिला प्रशासन में गंभीरता नजर नहीं आती है। मेन रोड में सरेआम अतिक्रमण दिखाई देता है, फिर भी इसे हटाया नहीं जाता है। हैरानी की बात यह है कि प्रतिदिन इसी रोड से जिला प्रशासन के अधिकारी व संबंधित विभाग के अधिकारी भी निकलते हैं, फिर भी अतिक्रमण करने वालों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की जाती। रोड के किनारे रेहड़ियों का कब्जा आज का नहीं है।

### ऑटो वालों की मनमानी

पैसेंजर को बैठाने के चक्कर में ऑटो वाले नियम कानून सब भूल जाते हैं। पैसेंजर आंखों से ओझल ना हो जाए, इसके लिए ऑटो वाले अक्सर बीच सड़क पर ही ऑटो लगा कर पैसेंजर को बुलाते हुए नजर आ जाते हैं। यदि किसी व्यक्ति को इस पर परेशानी होती है, तो उसके समझाने पर भी ऑटो वाले उल्टा उसी को धमका देते है। मानो पुलिस प्रशासन की ओर से ऑटो वाले को छूट मिली हुई हो। करमटोली चौक के पास मोरहाबादी की ओर से आने के क्रम में बीच सड़क पर ही ऑटो लगा हुई मिलेगा। जेल रोड से करमटोली की ओर, किशोरी यादव चौक के पास तो मानो ऑटो वालों ने चौक पर अपना अधिकार जमा लिया है। वहां पर बड़ी संख्या में ट्रैफिक पुलिस होने के बाद भी ऑटो वालों की अपनी मनमानी चलती है। हरमू रोड में चौक से लेकर गौशाला तक ऑटो वाले बीच सड़क पर कब्जा जमाए रहते हैं। कांटाटोली चौक के चारों ओर ऑटो का जमघट बीच सड़क पर ही देखने को मिल जाएगा। नगर निगम की इंफोर्समेंट टीम सहित पुलिस प्रशासन की ओर से कई बार शहर को अतिक्रमण मुक्त बनाने का प्रयास किया गया है। इसके लिए दिन भर प्रयास होता है और महीने में ऐसा कई बार होता है। बावजूद इसके, वे फिर से अतिक्रमण कर लेते हैं। शहर के अल्बर्ट एक्का चौक, सर्जना चौक, डेली मार्केट, उर्दू लाइब्रेरी के आसपास सड़कों पर ही दुकाने लगती हैं। इस वजह से मेन रोड में वाहनों के आवागमन व पैदल चलने वालों को परेशानी होती है। इंफोर्समेंट टीम के अभियान को लेकर फुटपाथ दुकानदारों में नाराजगी देखने को जरूर मिलती है।

ट्रैफिक को रेगुलेट करना हमलोगों का काम है। लेकिन, व्यवस्था देना नगर निगम का काम है। हम अतिक्रमणकारियों को चेतावनी देकर हटा हैं। इसके बाद वे फिर से आ जाते हैं। ऐसे में प्रत्येक दिन शहर से सभी अतिक्रणकारियों को हटाना असंभव जैसा है।

**कैलाश करमाली,**
**एसपी, ट्रैफिक, रांची।**

# ढुल्लू के खिलाफ मनी लांड्रिंग की जांच करे ईडी : सरयू राय

### कहा, कोयला कारोबार में भाजपा प्रत्याशी वसूल रहे रंगदारी

**नवीन मेल संवाददपाता। धनबाद** जमशेदपुर पूर्वी के विधायक सरयू राय ने धनबाद से भाजपा प्रत्याशी ढुल्लू महतो के खिलाफ एक बार फिर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा कि बीसीसीएल के एरिया 1 से 5 तक कोयला उठाव के लिए प्रतिटन 1800 रुपये रंगदारी वसूली जा रही है। रंगदारी वसूली के जरिए बड़े पैमाने पर काला धन जमा किया गया है। सरयू राय ने शनिवार को बोकारो के होटल में पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि बीसीसीएल के अधिकारियों की जानकारी में यह सब हो रहा है। इसलिए ईडी (प्रवर्तन निदेशालय) मनी लांड्रिंग के इस मामले की जांच करे। उन्होंने आरोप लगाया कि पहले रंगदारी की दर प्रतिटन 400 रुपये थी, जो वर्ष 2018 में बढ़कर 800 और अब 1800 रुपये प्रतिटन पहुंच गई है। उन्होंने कहा कि इस मामले को लेकर हार्ड कोक व्यवसायियों के सवाल उठाने पर पूर्ववर्ती रघुवर दास सरकार में मजदूरों के खाते में डीबीटी के जरिए भुगतान को लेकर तत्कालीन डीसी ए दोड्डे ने जांच कमेटी भी बनाई थी। हालांकि, उस कमेटी की रिपोर्ट आज तक लागू नहीं हुई है। वहीं, बाघमारा क्षेत्र में अब भी मनी लांड्रिंग का खेल जारी है। सरयू राय ने कहा कि हाई कोर्ट के आदेश पर ईडी ने ईसीआईआर दर्ज किया था। इस मामले की अभी भी जांच करने की जरूरत है। कहा कि बाघमारा विधायक ढुल्लू महतो पर अब तक 50 केस हुए हैं, जिनमें से चार मामले में सजा भी सुनाई गई है। इन सभी अलग-अलग सजा को जोड़ देने पर करीब 4 साल से ज्यादा हो जाती हैं।

### हजारीबाग जाने के क्रम में डिप्टी मेयर के नेतृत्व में किया गया जोरदार स्वागत

# इस बार के चुनाव में एनडीए को 400 सीटें प्राप्त होंगी : चंद्रप्रकाश

**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़** आजसू द्वारा शनिवार को हजारीबाग स्थित शिवम बैंक्वेट हॉल में हजारीबाग लोकसभा स्तरीय ग्राम प्रभारी सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमें शामिल होने के लिए जाने के क्रम में गोबरदरहा चौक पर शनिवार को गिरिडीह के लोकप्रिय सांसद सह गिरिडीह लोकसभा क्षेत्र से एनडीए प्रत्याशी चंद्रप्रकाश चौधरी का डिप्टी मेयर मनोज कुमार महतो के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं द्वारा जोरदार स्वागत किया गया। इस मौके पर गिरिडीह के लोकप्रिय सांसद सह गिरिडीह लोकसभा क्षेत्र से एनडीए के प्रत्याशी चंद्रप्रकाश चौधरी ने कहा कि इस बार के लोकसभा चुनाव में पूरे देश में एनडीए के पक्ष में मतदाताओं का रूझान है। श्री चौधरी



ने कहा कि देश के लोकप्रिय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पिछले 10 वर्षों में देश का तेजी से विकास हुआ है और भारत दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुका है। गिरिडीह सांसद ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश की एनडीए सरकार ने देश वासियों के लिए कई कल्याणकारी योजनाएं चलायी हैं। जिनका लाभ देश के आम लोगों को मिल रहा है। इसलिए इसबार के लोकसभा चुनाव में एनडीए गठबंधन को 400 से अधिक लोकसभा सीटों पर जीत मिलेगी। क्योंकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में एनडीए गठबंधन की सरकार ने देश वासियो के लिए जो कल्याणकारी योजनाएं चलायी हैं उससे देश वासियों का भरोसा प्रधानमंत्री पर बढ़ा है।

### सीसीटीवी से होगी चप्पे-चप्पे की निगरानी

# रिम्स में अब नहीं हो सकेगी दलाली और चोरी

**नवीन मेल संवाददाता। रांची** 30 मार्च को रिम्स में दलाली की खबर राष्ट्रीय नवीन मेल में प्रकाशित होने के बाद रिम्स के निदेशक प्रो (डॉ) राजकुमार ने संसथान की मॉनीटरिंग सीसीटीवी से करने की बात कही है। रिम्स के चप्पे-चप्पे पर सीसीटीवी कैमरा लगाने को लेकर रिम्स ने सहमति जताई है। इसके तहत 1500 से अधिक सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे। बता दें कि रिम्स में सुरक्षा के लिहाज से मॉनीटरिंग के लिए कोई भी मेकैनिज्म नहीं था। डॉक्टर कब आए, कब गए किसी को पता नहीं होता। दवाएं स्टोर से कैसे गायब हो रही हैं,



राष्ट्रीय नवीन मेल
समाज की संस्कृति, परंपरा को अक्षुण्ण बनाए रखने की जरूरत : समीर उरांव
डूबती नाव की सवारी से बच रहे लोग : प्रतुल शाहदेव
आइडी की नहीं होती है जांच, वार्ड में बेधड़क करता है प्रवेश
खूंटी में सघन वाहन जांच अभियान चलाया गया
चैंबर ने न्यूनतम मजदूरी की दरों को अव्यावहारिक बताया
साइबर ठग ठगी का अपना रहे नए-नए तरीके
फर्जी पुलिस वाला बन अधिवक्ता को शिकार बनाने का किया प्रयास

कहां पर किसे दलालों द्वारा ठगने का प्रयास हो रहा है सहित सभी मामलों पर अब रोक लगेगी। रिम्स में हजारों की संख्या में गरीब तथा मध्यम वर्ग के लोगों का इलाज होता है। उन्हें रिम्स की सभी व्यवस्था की जानकारी नहीं होने से इसका फायदा दलाल उठाते हैं। बाहर की जांच एजेंसियां अपने-अपने एजेंटो के माध्यम से रिम्स के सभी वार्डों के संपर्क में होते है। इसके साथ ही, यहां के कर्मी कुछ खास लोगों के साथ मिल कर बड़े पैमाने पर मंगाई गई दवाएं, सर्जिकल सामान, खाने-पीने के सामानों की बड़े स्तर पर चोरी करते आए हैं। अब इस पर अंकुश लग सकेगा।

### गिरीडीह में भाभी की हत्या कर दंपति फरार

**गिरिडीह ।** पचंबा थाना इलाका और गिरिडीह जमुआ रोड के रानीखावा गांव में बच्चों के मामूली विवाद में एक ही परिवार ने इतना हिंसक रूप ले लिया कि छोटी गोतनी और उसके पति ने मिलकर बड़ी गोतनी कुंती देवी (48) की हत्या कर दी। घटना की जानकारी मिलने के बाद पचंबा थाना प्रभारी नरेश यादव ने मृतिका के पति पुरन मंडल के आवेदन पर केस दर्ज कर लिया है। वहीं, दोनों आरोपित पति पत्नी सुनीता देवी और रमेश मंडल फिलहाल फरार बताए जा रहे हैं। लेकिन दोनों की गिरफ्तारी को लेकर पुलिस छापेमारी भी कर रही है। जानकारी के अनुसार हत्या का कारण घर में लगा एक नल बना, जिसके कारण दोनों गोतनी का बेटा आपस में लड़ गया। इस दौरान जब मृतिका कुंती देवी ने अपने बेटे को डांटते हुए घर के अंदर जाने को कही। छोटी गोतनी सुनीता देवी के बेटे को भी डांटी, तो सुनीता देवी अपने कमरे से बाहर निकली।

### छठ व्रतियों का 36 घंटे का निर्जला उपवास शुरू

# आज अस्ताचलगामी भगवान सूर्य को अर्घ्य दिया जाएगा



**नवीन मेल संवाददाता। बेड़ो** बेड़ो और लापुंग प्रखंड में लोक आस्था का महापर्व चार दिवसीय छठ महापर्व के दुसरे दिन नेम निष्ठा के साथ छठ व्रतियों ने खरना पूजा किया। एकांत में छठ व्रतियों ने छठी मईया की अराधना की। इस दौरान मिट्टी के बर्तन में खीर का महाप्रसाद का भोग लगाया गया। अंतःकरण की शुद्धि के बाद पारंपरिक रूप से पीतल के बर्तन में खीर का महाप्रसाद बनाया गया। तत्पश्चात देर शाम सूर्यास्त और उसके बाद खीर के महाप्रसाद के साथ कठिन छठ व्रत किया गया। एकांत में भगवान को याद कर अद्भुत तरीके से पूजा अर्चना की गई। खरना पूजा के बाद श्रद्धालुओं ने छठव्रतियों के घर घर जाकर खीर और पूड़ी का प्रसाद ग्रहण किया। पूरी नेम और निष्ठा के साथ किए जाने वाले छठ महापर्व के दौरान श्रद्धालुओं में आस्था और श्रद्धा देखी गई। छठ व्रतियों के खरना अनुष्ठान के बाद 36 घंटे का निर्जला उपवास शुरू हो गया।

## न्यूज बॉक्स

### महावीर मंडल पिठोरिया का हुआ पुनर्गठन



**पिठोरिया।** महावीर मंडल पिठोरिया का पुनर्गठन किया गया है। मंडल के पदाधिकारी निम्नलिखित हैं -अध्यक्ष कृष्ण कुमार चौरसिया, महामंत्री राम प्रसाद गोप, कोषाध्यक्ष बबलू महतो व सह कोषाध्यक्ष राहुल साहू को चुना गया है। इसके अलावा उपाध्यक्ष पद पर 24, संगठन मंत्री 25, प्रचार मंत्री 24, मंत्री 17, कार्यकारणी सदस्य 14, अस्त्र-शास्त चालान प्रतियोगिता के निर्णायक मंडली के लोगों को मीडिया प्रभारी बनाया गया है। महावीर मंडल के अनुसार 16 अप्रैल को झांकी सह जुलूस का आयोजन किया गया है। वहीं 17 अप्रैल को पिठोरिया बाजार चरण में झंडा मिलन समारोह का आयोजन किया गया है और 18 अप्रैल को झारखंड स्तरीय अस्त्र-शस्त्र चालान प्रतियोगिता का आयोजन पिठोरिया दुर्गा मंदिर परिसर में किया गया है। मंडल की ओर से सभी सनातन धर्मावलंबियों को अधिक से अधिक संख्या में उपरोक्त कार्यक्रम में भाग लेने की अपील की गई है। यह जानकारी संरक्षक अनिल कुमार केशरी ने दी।

### रांची लोकसभा से देवेंद्र नाथ महतो का आधिकारिक घोषणा

**सिल्ली।** राज्य की तापमान बढ़ने के साथ ही राजनीतिक गलियारों में भी राजनीतिक हल चल बढ़ने लगी है। झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा द्वारा आज शनिवार को अपने उम्मीदवार उतारने का अधिकारीक घोषणा किया गया। पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष टाइगर जयराम कुमार महतो द्वारा देवेंद्र नाथ महतो का नाम ऐलान किया गया। इसके साथ ही रांची लोकसभा का चुनावी समर काफी रोमांचक हो चुकी है। रांची लोकसभा चुनाव त्रिकोणीय संरचना लेते जा रही है। मीडिया वार्ता के दौरान पार्टी के प्रधान महासचिव ने कहा कि देवेंद्र नाथ महतो के नाम जारी होने के साथ ही संगठन के कार्यकर्ता में काफी उत्साह का संचार हुआ है। देवेंद्र नाथ महतो झारखंड के छात्र आंदोलन को लेकर काफी सक्रिय रहे हैं। जेपीएससी एवं जेएसएससी के अनियमितता के खिलाफ युवाओं के आवाज को लगातार बुलंद करते आए हैं। बताते चलें कि एनडीए की ओर से वर्तमान स्टिंग सांसद संजय सेठ मेदान में है। वहीं अब तक इंडिया एयरलाइंस की ओर से अपने उम्मीदवार का आधिकारिक घोषणा नहीं किया गया है।

### सरहुल शोभायात्रा यात्रा में उमड़ा जनसैलाब

**बेड़ो।** बेड़ो प्रखंड के सरहुल पूजा आयोजन महासमिति के तत्वावधान में शनिवार को देर शाम प्रखंड स्तरीय सरहुल जुलूस शोभा यात्रा का भव्य आयोजन किया गया। इस मौके पर मुख्य सड़कों से लेकर बेड़ो बाजार टांड़ एवं बेड़ो बस्ती सहित छोटा सरना एवं बड़ा सरना में जनसैलाब उमड़ पड़ी। सरना स्थल पर पारंपरिक रूप से पूजा अर्चना कर सामूहिक प्रार्थना का आयोजन किया गया। हजारों लोगों ने सरना स्थल पर पूजा अर्चना की। सरहुल पूजा आयोजन महासमिति के अध्यक्ष सुका उरांव, संरक्षक राकेश भगत संरक्षक जुगेश उरांव, संरक्षक अनिल टोप्पो प्रो करमा उरांव, महतो भगत, प्रदीप भगत, अजय मिंज सचिव रंजीत टोप्पो, सह सचिव प्रभात लकड़ा कोषाध्यक्ष सुजीत कुमार मिंज, सह कोषाध्यक्ष शंभु कच्छप, चुमानी उरांव, सुकरा उरांव, सुखदेव उरांव,पंचु मिंज, जीवन उरांव, बुधु उरांव, सुशीला भगताईन, सुशील तिर्की, सुशील भगत, प्रभात टोप्पो के संयुक्त नेतृत्व व अगुवाई में भव्य शोभायात्रा निकाली गई। इस मौके पर देवगांव लापुंग के फगुआ भगत की टीम ने अपने नृत्य कला कौशल से लोगों को बांधे रखा। कार्यक्रम के दौरान शिव कुमार तिर्की, रामसेवक लोहरा सहित अन्य लोककलाकारों की टीम ने अभूतपूर्व प्रदर्शन किया।

### कृषि के विकास में महत्वपूर्ण योगदान देनेवाले प्रेम शंकर डॉक्टरेट की उपाधि से सम्मानित

**खूंटी।** जिले के ग्रामीण इलाकों में कृषि बागवानी के विकास में लगी स्वयंसेवी संस्था प्रदान के अधिकारी प्रेम शंकर को उषा मार्टिन विश्वविद्यालय ने उनके महत्वपूर्ण अनुसंधान और योगदान के लिए डॉक्टरेट की उपाधि से सम्मानित किया। यह उपाधि शनिवार कों संयुक्त रूप से पद्मविभूषण डॉ आरए माशेलकर (पूर्व महानिदेशक सीएसआरआइ) और विश्विद्यालय के कुलाधिपति प्रभात कुमार ( झारखण्ड के प्रथम राज्यपाल ) द्वारा दिया गया। प्रेमशंकर के शोध झारखण्ड के दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडल में आदिवासी परिवारों के आर्थिक उत्थान में मनरेगा अंतर्गत बिरसा हरित ग्राम योजना के प्रभाव पर केन्द्रित था। उन्होंने अपना शोध कार्य दिसम्बर 2023 में पूर्ण किया था। उषा मार्टिन द्वारा आयोजित दीक्षांत समारोह में उन्हें यह उपाधि दी गयी डॉ प्रेम शंकर ने अपने अध्ययन के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के अवसरों को बढ़ाने और स्थायी आय के स्त्रोतों को सुधारने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। उनके अनुसंधान के परिणाम न केवल स्थानीय समुदायों के लिए महत्वपूर्ण हैं, बल्कि वे मनरेगा जैसे सरकारी कार्यक्रमों में आदिवासी परिवारों की आजीविका को सुदृढ़ करने की दिश में एक महत्वर्पूण कार्य है।

### रामनवमी के जुलूस में पूजा समिति के पदाधिकारी निभाएं सक्रिय भूमिका : एसडीओ

**रामगढ़ ।** रामनवमी के जुलूस में पूजा समिति के पदाधिकारी सक्रिय भूमिका निभाएं। वह अपने वॉलिंटियर्स को मुस्तैद रखें, ताकि शांति व्यवस्था बनी रहे। पुलिस के पदाधिकारी भी पूजा समिति के पदाधिकारियों के साथ सामंजस्य बनाएं। वे लोग अपना संपर्क नंबर भी एक दूसरे से साझा करें, ताकि विकट परिस्थिति में जल्द से जल्द पदाधिकारियों की टीम पहुंच सके। यह बात शनिवार को अनुमंडलीय शांति समिति की बैठक में रामगढ़ एसडीओ आशीष गंगवार ने कही। उन्होंने कहा कि वरीय पुलिस पदाधिकारी तो मॉनिटरिंग करेंगे, लेकिन थाना प्रभारी और पूजा समिति के अध्यक्ष हर सूचना का आदान-प्रदान करें। जुलूस निर्धारित समय पर निकले और निर्धारित रास्ते पर जुलूस मौजूद रहे, इसका ध्यान देना आवश्यक है।

### ओ पी प्रभारी कुंदन कुमार की सुझबुझ से दुर्घटना टली

**सिल्ली/मुरीमुरी ।** ओपी थाना अंतर्गत झारखण्ड मोड के समीप पुलिस द्वारा सघन वाहन जांच किया जा रहा था उसी क्रम में एक 18 चक्का ट्रक (ट्रेलर) जिसका रजिस्ट्रेशन संख्या एन एल 01के/7484 वहाँ से तेजी से जांच कर रहे पदाधिकारी एवं बल को तेजी से चलाकर चकमा देकर भाग निकला। जिससे आगे हाथ दिखाने एवं टोर्च का लाइट दिखाने के वावजूद भी नहीं रोका गया। तत्पश्चात थाना प्रभारी कुंदन कुमार के द्वारा उक्त गाड़ी का पीछा किया गया एवं रोकने के लिए हर संभव प्रयास किया गया परंतु चालक ट्रेलर को लेकर भागने लगा तब थाना प्रभारी द्वारा पीछा करते हुए जामनीटाड़ मोड़ के पास वहाँ पहले से रखे गए ब्रैकेटिंग लगाकर कर मार्ग को अवरुद्ध किया गया। लेकिन वाहन चालक फिर भी नहीं रुका और वाहन को और तेज करते हुए सडक के किनारे से लेकर भाग निकला। थाना प्रभारी द्वारा ट्रेलर का पीछा किया गया लेकिन वाहन चालक द्वारा पुलिस वाहन को कई बार चकमा दिया और कई बार पुलिस गाड़ी को टक्कर भी मारा एवं आगे नहीं निकलने दे रहा था। भागने के क्रम में तेज रफ्तार होने के कारण दो नाबालिक बच्चों को रौंदने का भी प्रयास किया तभी थाना प्रभारी ने अपना सुझबुझ दिखाते हुए रामपुर गाँव के लोगो को फोन करके इस सम्बन्ध मे सूचित किया।

### टीएसपीसी ने प्रोजेक्ट मैनेजर से लेवी मांगने से किया इनकार

**रांची।** केसीसी बिल्डकॉन के प्रोजेक्ट मैनेजर मो साबिर से फोन पर लेवी मांगने के मामले में उग्रवादी संगठन टीएसपीसी ने संलिप्तता से इनकार किया है। ज्ञात हो कि केसीसी बिल्डकॉन के प्रोजेक्ट मैनेजर से टीएसपीसी के राहुल गंझू के नाम से लेवी की मांग की गई थी। लेवी के रूप में अग्रिम पांच प्रतिशत सेटलमेंट राशि की मांगी गई थी। राशि नहीं देने पर अंजाम भुगतने की चेतावनी दी गई थी। केसीसी बिल्डकॉन रातू रोड फ्लाइओवर बना रही है। टीएसपीसी ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा है कि चतरा के पिपरवार थाना क्षेत्र से मसीह तिग्गा समेत अन्य कुछ लोगों को हिरासत में लिया गया है। उन्हें कई दिनों से प्रताड़ित किया जा रहा है। टीएसपीसी ने चेतावनी दी है कि 24 घंटे के भीतर यदि हिरासत में लिए गए युवकों को छोड़ा या जेल नहीं भेजा जाता है, तो संगठन झारखंड बंद का आह्वान करेगी। वहीं, रातू रोड में फ्लाइओवर बनाने वाली कंपनी को राहुल गंझू के नाम पर धमकी देने वाले को फ्रॉड बताते हुए राहुल गंझू ने अपना मोबाइल नंबर 8521728809 जारी किया है।

# विद्यालय 10 वर्षों में इतना काम करे, जो 90 वर्षों में नहीं हुआ : महेश पोद्दार





**अमृत संकल्प के साथ श्री शिवनारायण कन्या पाठशाला का अमृत महोत्सव संपन्न**

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

श्री शिव नारायण मारवाड़ी कन्या मध्य पाठशाला की स्थापना के 90 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में शनिवार को अमृत महोत्सव का समापन समारोह दिगंबर जैन भवन में आयोजित किया गया। ओम के उच्चारण के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। मुख्य अतिथि पूर्व सांसद (राज्यसभा) महेश पोद्दार को शरद मोदी और प्रेरक वक्ता डॉ राहुल रंजन को वीरेंद्र मोदी ने पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। इस अवसर पर प्रबंध समिति के पदाधिकारी, प्रधानाध्यापिका व छात्राओं ने दीप प्रज्वलित कर संकल्प सिद्धि के लिए प्रार्थना की। भानु जालान ने शंख बजाया। अध्यक्ष विनोद बंका ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। प्रधानाध्यापिका गायत्री कुमारी ने विद्यालय की स्थापना से लेकर आज तक का इतिहास एक वीडियो के माध्यम से बताया। इस वीडियो में संस्थापकों का स्मरण, विभिन्न चरणों में हुई प्रगति और वर्तमान में की जा रही पहल को दशार्या गया था। सचिव वेद प्रकाश बागला ने अमृत महोत्सव के उद्देश्य, उपलब्धि व इसके अंतर्गत की गई गतिविधियों को दिखाया। इनमें विज्ञान प्रदर्शनी, युवा दिवस प्रदर्शनी, चित्रांकन, हस्तकला, मेहंदी, रंगोली, कविता, निबंध प्रतियोगिता, पाक कला प्रतियोगिता, छात्राओं द्वारा सत्तू कारखाना व समाचार पत्र के प्रेस का शैक्षणिक भ्रमण दिखाया गया। विद्यालय की छात्राओं ने बहुत ही आकर्षक स्वागत नृत्य, शास्त्रीय नृत्य, वीर रस पर आधारित नृत्य प्रस्तुत किया। इसे सभी दर्शकों ने पसंद किया। प्रतिभागी छात्राओं को संस्थापक परिवार के आनंद मोदी, गौतम मोदी, आशीष मोदी, दीपक मोदी, ज्योति पोद्दार, अरुण बुधिया ने पुरस्कृत किया। इस अवसर पर प्रकाशित हो रही 'उतिष्ठतः जाग्रतः' नाम की पत्रिका के प्रेरक कवर का विमोचन किया गया। संपादक आलोक तुलस्यान ने पत्रिका के मुख्य बिंदुओं की ओर सबों का ध्यान आकर्षित किया। संपादक मंडल में शिक्षिकाएं प्रियंका रानी, ममता शर्मा व मीरा कुमारी शामिल हैं। प्रेरक वक्ता डॉ राहुल रंजन ने छात्राओं को बड़ी पहचान बनाने और टॉपर बनने के लिए प्रेरित किया। इनका परिचय सचिव विजय सरायका ने कराया। मौके पर मुख्य अतिथि महेश पोद्दार ने कहा, विद्यालय आगे 10 वर्षों में इतना काम करे, जो पिछले 90 वर्षों में नहीं हुआ है। इसके साथ ही उन्होंने इस विद्यालय की शिक्षिकाओं के अनूठे सहयोग की चर्चा करते हुए सबों की सराहना की। उन्होंने सभी शिक्षिकाओं को स्मृति चिह्न प्रदान किया। इस आयोजन में विद्यालय की सभी छात्राएं और उनके अभिभावकों ने भाग लिया। राजेश कौशिक ने पूरी स्क्रीनिंग व ऑडियो की व्यवस्था संभाल रखी थी। विद्यालय की शिक्षिकाएं मीना ओझा, रानी शांता कुमारी, शुभम कुमारी, कामिनी कुमारी, सीमा सिन्हा, कार्यालय सहयोगी रागिनी वर्मा ने व्यवस्था की जिम्मेदारी संभाल रखी थी। मंच का सफल संचालन सुनीता ओझा और अनीता प्रेमलता बघेल ने किया। धन्यवाद ज्ञापन प्रभाकर अग्रवाल ने किया। दिगंबर जैन भवन का हॉल छात्राओं, शिक्षिकाओं, अभिभावकों व अतिथियों से खचाखच भरा था। मौके पर ओम प्रकाश केजरीवाल, मनोज चौधरी, ओम प्रकाश अग्रवाल, मनोज महेश्वरी, किशन साबू, नौकर साबू, अरुण छावछरिया, श्याम टोरका, अशोक अग्रवाल, पवन मंत्री सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## नाटक 'प्रमोशन' का हुआ मंचन

**रांची।** नाट्य संस्था मैट्रिक्स (स्टेप फॉर ह्यूमनीटी) संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार एवं कला संस्कृति विभाग झाराखंड सरकार के सहयोग से आयोजित 3 दिवसीय राष्ट्रीय नाट्य महोत्सव में शनिवार को युवा रंगमंच रांची के नाटक 'प्रमोशन' का मंचन हुआ। प्रस्तुत नाटक में दिखया गया है कि ग्रामीण परिवेश में संस्कारित एक नवयुवक 'हरीश' प्राइवेट कंपनी में सहायक के पद पर नियुक्त है। उसके सीनियर की मृत्यु हो चुकी है और वह क्लर्क से अफसर बनने तथा नौकरी में प्रमोशन पाने की लालसा में गलतियां दर गलतियां कर बैठता है। 'हरीश' की पत्नी 'सावित्री' कम पढ़ी-लिखी और गंवारू है। हरीश ने प्रमोशन पाने के चक्कर में अपनी कंपनी के सुपर बॉस मि. घोष को अपने घर डिनर पर सपरिवार आमंत्रित किया है। वह चाहता है उसके मित्र और पड़ोसी 'प्रकाश' की पत्नी 'रजनी' थोड़ी देर के लिए उसकी पत्नी बन जाए ताकि वह मि. घोष पर अपना इम्प्रेशन जमा सके।

## झारखंड में रामनवमी पर सुरक्षा व्यवस्था को लेकर हुई बैठक

# असामाजिक तत्वों पर विशेष नजर रखें : डीजीपी

**संवेदनशील जिलों में विशेष एहतियात बरतने का निर्देश**

**सुरक्षा को लेकर पुलिस मुख्यालय कर रही व्यापक इंतजाम**

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

गृह विभाग की प्रधान सचिव वंदना डाडेल और डीजीपी अजय कुमार सिंह ने शनिवार को प्रोजेक्ट भवन में संयुक्त रूप से रामनवमी पर्व पर विधि-व्यवस्था की समीक्षा के लिए बैठक की। इस दौरान प्रधान सचिव और डीजीपी ने अधिकारियों को कई दिशा-निर्देश दिए। बैठक के दौरान डीजीपी ने सभी जिलों को रामनवमी के अवसर पर शांति व्यवस्था कायम रखने का निर्देश दिया। साथ ही, असामाजिक तत्वों और उपद्रवियों पर निगरानी रखते हुए उनके खिलाफ निरोधात्मक कार्रवाई करने, जुलूस के मार्गों के भौतिक सत्यापन, धार्मिक स्थानों का मॉनीटरिंग करने का निर्देश दिया। बैठक में संवेदनशील जिलों में विशेष एहतियात बरतने के निर्देश दिए गए। रामनवमी की सुरक्षा को लेकर की जा रही तैयारियां की समीक्षा की गई। समीक्षा के दौरान राज्य के सभी जिलों के डीसी और पुलिस अधीक्षकों ने अपने-अपने जिलों में रामनवमी को लेकर की गई तैयारी का पूरा प्लान गृह सचिव और डीजीपी के सामने रखा। डीजीपी ने बताया कि झारखंड में रामनवमी पर सुरक्षा को लेकर पुलिस मुख्यालय द्वारा सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए जा रहे हैं। खासकर, सभी संवेदनशील जिलों में विशेष रूप से अलर्ट रहने का निर्देश जारी किया गया है। डीजीपी ने बताया कि राज्य के वैसे संवेदनशील जिले जहां पूर्व में सांप्रदायिक तनाव के मामले सामने आए हैं, वहां जिला पुलिस के अलावा स्पेशल फोर्स की तैनाती भी की जाएगी। डीजीपी के अनुसार सभी जिलों में पुलिस असामाजिक तत्वों पर विशेष नजर रखेगी। वहीं, सभी जिलों को आदेश दिया गया है कि सभी वर्गों के गण्यमान्य लोगों के संपर्क में रहें, ताकि किसी भी आपात स्थिति से निपटा जा सके। रामनवमी को लेकर रांची, जमशेदपुर, धनबाद, पलामू, गिरिडीह, हजारीबाग जिले के एसपी को विशेष तौर पर अलर्ट रहने का निर्देश दिया गया है।



**सभी जिलों के एसपी को किया गया अलर्ट**

डीजीपी ने बताया कि राज्यभर के सांप्रदायिक तत्वों को चिह्नित किया जा रहा है। सभी जिलों में उन लोगों की सूची बनाई जा रही है, जो सांप्रदायिक कांडों में संलिप्त रहे हैं। ऐसे कांडों में शामिल लोगों पर पुलिस ने थाना स्तर पर क्या कार्रवाई की है, इसके बारे में भी जानकारी जुटाई जा रही है। पूर्व में हुई झड़प के दौरान उत्पात में शामिल तत्वों के बारे में भी सभी थानों से जानकारी ली जा रही है। ऐसे लोगों को चिह्नित कर उनपर निरोधात्मक कार्रवाई की जा रही है। घटना की वजह और उसकी पृष्ठभूमि में शामिल लोगों के बारे में भी जानकारी इकट्ठा की जा रही है। बैठक में एडीजी अभियान डॉ संजय आनंदराव लाठकर, आईजी अखिलेश कुमार झा, आईजी अभियान अमोल विनुकांत होमकर और वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिये सभी जिलों से वरीय पुलिस पदाधिकारी और उपायुक्त ने भाग लिया।

## सम्मानित की गईं फुटबॉल खिलाड़ी दिव्यानी लिंडा




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

लिटिल विंग्स स्कूल के तत्वावधान में रांची प्रेस क्लब के सभागार में शनिवार को भारतीय अंडर 16 की नवचयनित फुटबॉल खिलाड़ी दिव्यानी लिंडा एवं उनकी माता तथा प्रशिक्षक अनवारुल हक के सम्मान और आर्थिक सहायता के लिए कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि समाजसेवी रंजन कुमार थे। लिटिल विंग्स स्कूल के निदेशक रमेंद्र कुमार ने फुटबॉल खिलाड़ी दिव्यानी लिंडा को पुष्पगुच्छ और शॉल देकर सम्मानित किया। उन्होंने दिव्यानी को 3 वर्षों तक आर्थिक सहायता देने की भी घोषणा की। मुख्य अतिथि रंजन कुमार ने दिव्यानी लिंडा को सम्मानित करते हुए कहा कि उन्होंने गांव से निकलकर देश-विदेश तक झारखंड और अपने गांव के नाम रोशन किया है। उन्होंने दिव्यानी को बधाई देते हुए उन्हें मोमेंटो प्रदान किया और भविष्य में किसी भी सहयोग के लिए आश्वस्त किया। इस कार्यक्रम में समाज सेवी नकुल तिर्की ने कहा की अब समय आ गया है, जब पैसा से अधिक मेहनत और परिश्रम को सम्मान मिलने लगा है। मौके पर बिरसा कश्यप और समेंद्र लाल ने दिव्यानी लिंडा को साइकिल भेंट की। कार्यक्रम के संयोजक समाजसेवी एवं खेलों को प्रोत्साहित करने वाले जगदीश सिंह जग्गू ने कहा कि लिटिल विंग्स स्कूल के निदेशक का आभार रहेगा, जिन्होंने इस गरीब खिलाड़ी को आर्थिक सहायता करने के लिए आगे आने का कार्य किया है।

## व्यावसायिक वाहन मैकेनिकों का इनोवेटिव कैंपेन रांची में आज

**रांची।** परिवहन समाधानों की एक अग्रणी प्रदाता, एसकेएफ इंडिया ने एक व्यापक राष्ट्रव्यापी ट्रक एक्टिवेशन अभियान, 'इंस्टॉल कांफिडेंस, इंस्टॉल एसकेएफ' शुरू करने की घोषणा की है। यह विशेष रूप से व्यावसायिक वाहनों के मैकेनिकों के लिए तैयार किया गया है। यह ट्रक 14 अप्रैल को रांची के मैकेनिक कम्युनिटी को जागरूक करेगा। उसके बाद यह ट्रक 16 अप्रैल को बोकारो जाएगा। इस पहल का पहला उद्देश्य है व्यावसायिक वाहनों के लिए एसकेएफ की पेश की गई सुविधाओं के बारे में जागरूकता पैदा करना, जो परिवहन क्षेत्र में स्थिरता को मजबूत बनाते हुए मैकेनिकों के जीवन को सुव्यवस्थित करने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका को दर्शाता है। एसकेएफ ऑटोमोटिव इंडिया और दक्षिण पूर्व एशिया के निदेशक अलगेसन थसारी का कहना है कि एसकेएफ में, हम उन उद्योगों के प्रति अपनी जिम्मेदारी समझते हैं जिनकी हम सेवा करते हैं।

# उषा मार्टिन ने खेती को आजीविका व आय संवर्धन से जोड़ा

**ड्रिप इरिगेशन से 70 एकड़ बंजर भूमि को उपजाऊ बनाया**

**नकदी फसल एवं मोटे अनाज से आत्मनिर्भर बनें किसान**



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

आजादी के अमृतकाल में उषा मार्टिन फाउंडेशन ने ड्रिप इरिगेशन के माध्यम से भूमि को सिंचित बनाया है। इससे बंजर एवं गैर उपजाऊ जमीन को मोटे अनाज एवं नकदी फसल की खेती के लिए तैयार किया गया है। इससे टाटीसिलवे स्थित कारखाने के इर्द-गिर्द के गांवों की 70 एकड़ जमीन को खेतीबारी के लिए तैयार किया गया है। इस पूरे अभियान को पिछले एक साल में पूरा किया गया है। यह अभियान भारत सरकार के लाइफ मिशन के तहत ऊर्जा एवं जल संरक्षण तथा भूमि की मृदा को बचाने के अभियान के तहत चलाया गया है है। उषा मार्टिन फॉउंडेशन की ओर से पिछले एक साल से अनगड़ा एवं नामकुम के चिह्नित प्रगतिशील किसानों के समूह को तैयार कर खेती से आत्मनिर्भरता एवं आय सृजन के लिए अभियान चलाया जा रहा है। इसके लिए पहले चरण में 100 किसानों के जमीन की मृदा जांच की गई। इसके बाद 35 किसानों के जमीन को ड्रिप इरिगेशन के लिए चयनित किया गया। अभी तक 68 किसानों को ड्रिप इरिगेशन से जोड़ा जा चुका है। सरकारी सहयोग से इन किसानों के खेतों में ड्रिप इरिगेशन की पूरी सुविधा मुहैया कराई गई, जिसके अनुदान की राशि कंपनी के द्वारा उपलब्ध कराई गई। इसके बाद किसानों को सब्जी, नकदी फसल एवं मोटे अनाज की खेती के लिए चरणबद्ध तरीके से प्रशिक्षण मुहैया कराया गया। यह प्रशिक्षण रामकृष्ण मिशन एवं अन्य संस्थाओं के सहयोग से गांव स्तर पर संपन्न हुआ। इस साल बारह किसानों को स्ट्रॉबेरी, 25 से अधिक किसानों को तरबूज, खरबूज, सूरजमुखी एवं अन्य नकदी फसल के लिए बीज मुहैया कराया गया।

## न्यूज बॉक्स

### नेशनल वर्ड पावर चैंपियनशिप में विजयी होकर रांची पहुंचे नन्हे चैंपियंस



**रांची।** मुंबई में आयोजित नेशनल वर्ड पावर चैंपियनशिप में परचम लहराने के बाद शनिवार को नन्हे चैंपियंस रांची पहुंचे। रांची एयरपोर्ट पर राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी अभिनव कुमार ने इन चैंपियन बच्चों और पूरी टीम का पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। झारखंड की टीम ने मुंबई में आयोजित अंग्रेजी की कठिन राष्ट्रीय वर्ड पावर चैंपियनशिप में मेजबान महाराष्ट्र और तमिलनाडु समेत 5 अन्य राज्यों को पछाड़ते हुए चैंपियनशिप का खिताब अपने नाम किया है। इस प्रतियोगिता में झारखंड पहले, महाराष्ट्र दूसरे और तमिलनाडु तीसरे स्थान पर रहा। प्रतियोगिता का आयोजन अमेरिका की लोकप्रिय 'स्पेलिंग बी' प्रतियोगिता की तर्ज पर होता है। स्कूली बच्चों के लिए इस प्रतियोगिता का आयोजन प्रखंड स्तर, जिला स्तर, राज्य स्तर एवं राष्ट्रीय स्तर पर लीप फॉर वर्ड और मेरिको संस्था द्वारा कराया जाता है।

#### चार ने किया राज्य का प्रतिनिधित्व

11 और 12 अप्रैल को नेशनल वर्ड पावर चैंपियनशिप में 8 बच्चे झारखंड से शामिल हुए थे। कक्षा दो से पांच तक के बच्चों के लिए आयोजित मुख्य फाइनल प्रतियोगिता में चार बच्चों ने प्रत्येक कक्षा से राज्य का प्रतिनिधित्व किया और ओवरऑल जीत दर्ज की। जिन बच्चों ने मुंबई में आयोजित इस राष्ट्रीय चैंपियनशिप में भाग लिया, उनमें समरजीत महतो, आशा कुमारी, अनूप महतो, सुमित महतो, अंकित महतो, प्रभात रंजन, नीलम कुमारी, असद अख्तर अंसारी शामिल हैं।

### सरला बिरला स्कूल में मनी अंबेडकर जयंती



**रांची।** सरला बिरला पब्लिक स्कूल में डॉ भीम राव अंबेडकर की 134वीं जयन्ती मनाई गई। विद्यालय परिसर में एक विशेष सभा आयोजित की गई। छात्रों ने प्रेरक गीत प्रस्तुत किया। संविधान निर्माण में डॉ अंबेडकर के योगदान के बारे में भाषण भी दिया गया। छात्रों ने संविधान की प्रस्तावना के बिंदुओं और महत्व पर भी प्रकाश डाला। प्राचार्या परमजीत कौर ने छात्रों से कहा कि उन्हें भीम राव अंबेडकर जैसे महान व्यक्तियों का अनुसरण करना चाहिए। विद्यार्थियों को प्रस्तावना में दिए गए न्याय, स्वतंत्रता, समानता, एकता जैसे गुणों को अपने जीवन में उतारना चाहिए, ताकि हमारा देश एक सच्चा प्रजातांत्रिक देश बन सके।

### आरपीएफ ने महिला को परिजनों से मिलाया

**रांची।** रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) ने रांची स्टेशन से 'ऑपरेशन डिगनीटी' के तहत एक महिला को उसके परिवार से मिलाया। शनिवार को आरपीएफ से मिली जानकारी के अनुसार ट्रेन संख्या 13319 दुमका-रांची एक्सप्रेस में अकेली बैठी महिला मिली। संदेह होने पर आरपीएफ ने महिला से पूछताछ की । इसमें कोई संतोषप्रद उत्तर नहीं दिया। निरीक्षक एसके झा की ओर से पूछताछ में उसने अपना नाम कमला ( बदला हुआ नाम) बताया। महिला बिहार के भागलपुर की रहने वाली है। वह घर से भागकर यहां आई थी। महिला के कोई मोबाइल नंबर नहीं बताने पर निरीक्षक ने लोकल पुलिस भागलपुर से संपर्क किया और घटना के बारे में बताया । बाद में महिला की चचेरी बहन आरपीएफ पोस्ट रांची पहुंची। इसके बाद सत्यापन के बाद महिला को उसे सौंप दिया गया। मामले में पता चला कि महिला की मानसिक स्थिति थोड़ी कमजोर है।

### आरपीएफ में ट्रेन से शराब जब्त किया



**रांची।** रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ ) ने हटिया रेलवे स्टेशन पर एक ट्रेन से शराब बरामद किया है। शनिवार को आरपीएफ से मिली जानकारी के अनुसार 'ऑपरेशन सतर्क' के तहत आरपीएफ हटिया को ट्रेन संख्या 12877 के कोच अटेंडेंट विकास गोस्वामी के जरिये सूचना मिली कि उक्त ट्रेन में वाशिंग लाइन में एक ब्लैक रंग का बैग रखा हुआ है। सूचना के बाद आरपीएफ टीम वहां पहुंची और बैग चेक किया तो पाया कि 21 शराब की बोतलें कोच संख्या जी-14 में चार नंबर सीट के नीचे रखी हुई थी। इसके बारे मे उसका कोई मालिक खोजबीन करने पर नहीं मिला। बाद में सभी शराब बोतलों को जब्त कर हटिया पोस्ट लाया गया, जिसे आबकारी विभाग को सौंप दिया गया।

## श्री श्याम मंदिर हरमू रोड में 2500 से ज्यादा भक्तों ने ग्रहण किया प्रसाद

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

हरमू रोड स्थित श्री श्याम मंदिर में श्री श्याम मित्र मंडल ने शनिवार को 107वां श्री श्याम भंडारा का आयोजन किया। लगभग 2500 से ज्यादा भक्त जनों ने भंडारे का महाप्रसाद प्राप्त किया। ज्ञात हो कि हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में प्रत्येक शनिवार को भंडारे का आयोजन किया जाता है। श्री श्याम मित्र मंडल के उपमंत्री अनिल नारनोली के नेतृत्व में यजमान सरोज देवी मारू (धर्मपत्नी स्वर्गीय पवन मारू एवं पुत्रवधू स्वर्गीय सीताराम मारू गीता देवी मारू) ने पुत्रों पुनीत एव नवनीत मारू तथा परिवार के साथ श्री श्याम मंदिर में विराजमान खाटूनरेश, रिद्धि-सिद्धि, शिव परिवार, बजरंगबली, लड्डू गोपाल, शालिग्रामजी, गरुड़जी व गुरुजनों को भंडारे का प्रसाद अर्पित किया। इसके बाद यजमानश्री मारू परिवार ने खाटूनरेश की मनुहार की। भोग लगे प्रसाद को मारू परिवार ने विशाल वृहद भंडारे में मिश्रित करके सर्वप्रथम मंदिर के आचार्यों को प्रसाद खिलाकर आशीर्वाद प्राप्त किया। इसके बाद श्री गणेश जी महाराज की जय जयकारों के साथ मंडल के अध्यक्ष सुरेश सरावगी के नेतृत्व में यजमानश्री परिवार के सरोज देवी मारू, पुनीत, नवनीत, प्रसाद का वितरण किया।

**सुंदरकांड का पाठ 16 को**

श्री श्याम मित्र मंडल द्वारा मंगलवार (16 अप्रैल) को संध्या 4:30 बजे से हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में 97वां श्री सुंदरकांड एवं श्री हनुमान चालीसा का सामूहिक संगीतमय पाठ का आयोजन होगा। मनीष सारस्वत, ओम शर्मा व अन्य द्वारा पाठ करवाया जाएगा। सुनील मोदी अपने परिजनों के साथ बजरंगबली की पावन अखंड ज्योति प्रज्वलित करेंगे मंत्री गौरव अग्रवाल मोनू ने सभी भक्तों को आमंत्रित किया है।

# रामनवमी शोभायात्रा में डीजे का प्रयोग नहीं करें

**श्री महावीर मंडल रांची ने सम्पूर्ण क्षेत्र का किया दौरा**

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

श्री महावीर मंडल रांची के पदाधिकारियों ने सुबह 9:00 बजे श्री महावीर मंदिर पंडरा के प्रांगण में रामनवमी के आयोजन को लेकर महत्वपूर्ण बैठक की। बैठक में पंडरा क्षेत्र के रामभक्त और आयोजक उपस्थित थे। साथ ही, पंडरा के गावों का दौरा कर झंडे का वितरण भी किया गया। इस वर्ष रामनवमी का संपूर्ण कार्यक्रम तथा मुख्य शोभायात्रा कैसे संपन्न हो, इस पर विचार विमर्श भी हुआ। बैठक में श्री महावीर मंडल रांची के अध्यक्ष रवि कुमार पिंकू ने रामनवमी के त्यौहार को पूरे भव्यता एवं दिव्यता के साथ हर्षोल्लास के साथ मनाने की अपील की। उनहोंने रांची के सभी रामभक्तों को अपने - अपने घरों पर हनुमान ध्वज लगाने की भी अपील की। साथ ही, रामनवमी के दिन शोभायात्रा के समय को भी ध्यान में रखने को कहा। मंत्री दीपक ओझा ने कहा कि इस बार शोभायात्रा में डीजे का प्रयोग नहीं करें, बल्कि उसकी जगह पर ज्यादा से ज्यादा झंडा एवं खेल का प्रदर्शन करें। समय का भी पालन करें। उपाध्यक्ष राजकिशोर ने कहा कि रामनवमी 17 अप्रैल को है और श्री महावीर मंडल रांची के नेतृत्व में निकलने वाली मुख्य शोभायात्रा का स्टार्टिंग प्वॉइंट पंडरा क्षेत्र ही है। पुरानी परंपरा के अनुसार श्री महावीर मंडल रांची की मुख्य शोभायात्रा का नेतृत्व श्री महावीर मंडल रांची के अध्यक्ष तथा मंत्री करेंगे। अलग-अलग क्षेत्रों से निकलने वाली शोभायात्रा का नेतृत्व श्री महावीर मंडल रांची के अन्य पदाधिकारी करेंगे, ताकि समय का पालन करने में तालमेल बना रहे। बैठक में श्री महावीर मंडल रांची के पूर्व अध्यक्ष बिक्रम सिंह ने अपने अनुभव साझा किए और अपने विचार रखे। बैठक के बाद श्री महावीर मंडल रांची के सभी पदाधिकारियों ने पंडरा क्षेत्र के राम भक्तों के साथ पंडरा के ग्रामीण क्षेत्रों का दौरा भी किया। दौरे के क्रम में श्री महावीर मंडल रांची ने सबसे पहले पंडरा हनुमान मंदिर नवाटोली ग्राम पंडरा बस्ती के पुजारी पाहन अजय तिर्की एवं उनके परिवार से मिल कर उन्हें पुरानी परंपरा के अनुसार हनुमान जी का एक झंडा देकर समय के पालन के लिए अनुरोध किया।



**श्री महावीर मंडल का प्रचार वाहन रवाना**

रांची। राजधानी रांची के महावीर चौक स्थित श्री महावीर मंडल के कार्यालय से शनिवार को पुरोहित द्वारा पूजा-अर्चना के बाद प्रचार वाहन को महावीरी झंडा दिखाकर रवाना किया गया। आज जिस रूट पर प्रचार वाहन भेजा गया, उसमें रातू रोड, प्यादा टोली, पिस्का मोड़, रवि स्टील बाजरा, कटहल मोड़ समेत रातू रोड के विभिन्न क्षेत्र शामिल हैं। कार्यक्रम में श्री महावीर मंडल के पूर्व अध्यक्ष जय सिंह यादव, वर्तमान मंत्री दीपक ओझा, प्रचार मंत्री मुन्ना शर्मा एवं श्री रामनवमी श्रृंगार समिति के संयोजक शंकर सिन्हा, श्री महावीर मंडल के सदस्य रंजीत कुमार गुप्ता, अमित कुमार शामिल हुए। उन्होंने सभी लोगों से निवेदन किया है कि रामनवमी के दिन महाबली हनुमान के झंडे को लहराते हुए बड़ी संख्या में निवारणपुर स्थित तपोवन मंदिर आएं। साथ ही, श्री महावीर मंडल के निवेदन करता है कि डीजे का उपयोग नहीं करें। ढोल-नगाड़े के साथ वर्षों की परंपरा को निभाते हुए मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के चरणों में श्रद्धा सुमन करने करने के लिए मंदिर आएं।

## श्री महावीर मंडल ने किया अस्त्र शस्त्र चालन प्रतियोगिता का आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



श्री महावीर मंडल बड़ा तालाब ने शनिवार को अस्त्र-शस्त्र चालन प्रतियोगिता का आयोजन किया। इसमें 25 अखाड़े के खिलाड़ियों ने भाग लिया एवं अस्त्र-शस्त्र चलाने का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए श्री महावीर मंडल फ्रेंड्स कॉलोनी जगन्नाथपुर, श्री महावीर मंडल सम्राट क्लब चुटिया, श्री महावीर मंडल राज समिति इरगु टोला, श्री महावीर मंडल इटकी रोड लालगुटवा, श्री महावीर मंडल बरटोला पुनदाग को उत्कृष्ट पुरस्कार दिया गया। श्री महावीर मंडल बड़ा तालाब रांची द्वारा श्री महावीर मंडल विकास क्लब हटिया, श्री महावीर मंडल फूल टोली कडरू, श्री महावीर मंडल सत्यजीत क्लब चुटिया, श्री महावीर मंडल न्यू क्लासिक क्लब जगगनाथपुर बड़कागढ़, श्री महावीर मंडल नवयुवक समिति खादगढ़ा, श्री महावीर मंडल मानव कल्याण समिति जगगनाथपुर बड़कागढ़ एवं श्री महावीर मंडल भुईयां टोली को भी पुरुस्कृत किया गया। कार्यक्रम में श्री महावीर मंडल रांची के पूर्व अध्यक्ष राजीव रंजन मिश्रा, चैती दुगार्पूजा महासमिति के अध्यक्ष शंकर दुबे, महामंत्री गोपाल पारीक, राम बानर सेना के अध्यक्ष लंकेश सिंह, रामनवमी शृंगार समिति के अध्यक्ष सागर वर्मा, समाजसेवी रमेश सिंह, राजेश गुप्ता छोटू ने प्रतियोगिता में भाग लेने आए खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में श्री महावीर मंडल बड़ा तालाब रांची के राम अनुज सिंह, रमेश केडिया, बंटी सिंह, राहुल सिन्हा चंकी, विशाल मिश्रा, इंदर सिंह, राजीव सिंह सहित दर्जनों सदस्यों ने अपना योगदान दिया।

# इंडी गठबंधन में सीट शेयरिंग का फॉमूर्ला अभी तय नहीं

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

लोकसभा चुनाव से पहले सियासी सरगर्मियां तेज हो चुकी हैं। नेताओं की धुआंधार सभाएं और जनसंपर्क और डोर-टू-डोर कार्यक्रम चरम पर पहुंचने लगे हैं। लोकसभा क्षेत्रों में महिलाओं, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, दलित, पिछड़ों और सवर्णों के आंकड़ों का गणित समझने के बाद राजनीति दलों ने उम्मीदवार उतार दिए हैं। एनडीए ने झारखंड की सभी 14 लोकसभा सीटों पर अपने उम्मीदवारों की घोषणा कर दी है। लेकिन लोकसभा चुनाव को लेकर झारखंड में इंडी गठबंधन के अंदर अब तक 14 लोकसभा सीट शेयरिंग का फॉमूर्ला तय नहीं हो पाया है। लोकसभा चुनाव के लिए सीट शेयरिंग को लेकर झारखंड में इंडी गठबंधन के अंदर दूर से भले ही सब ऑल इज वेल दिख रहा है, लेकिन कांग्रेस, झामुमो और राजद अधिक से अधिक सीटों पर लड़ने के लिए दांव लगा रही हैं। जानकारी के अनुसार गठबंधन के अंदर अब तक सभी 14 लोकसभा सीट का फामूर्ला तय नहीं हो पाया है, लेकिन ऐसी बातें सामने आई हैं कि कांग्रेस सात, झामुमो पांच और राजद व वामदल एक-एक पर चुनाव लड़ सकते हैं। गठबंधन दलों के शीर्ष नेताओं की जुबां पर भी यही फामूर्ला रहा है, लेकिन आधिकारिक घोषणा अब तक नहीं हुई है।

हालांकि कांग्रेस ने अब तक तीन सीटों खूंटी, लोहरदगा और हजारीबाग से उम्मीदवारों का ऐलान किया है। दूसरी ओर झामुमो ने चार सीटों सिंहभूम, दुमका, राजमहल और गिरिडीह से उम्मीदवार उतारे हैं। राजद ने पलामू और वामदल में भाकपा माले से विनोद सिंह कोडरमा के रण क्षेत्र में उतरे हैं। उम्मीदवारों को उतारने तक गठबंधन के अंदर सब कुछ सही दिख रहा है, लेकिन यह भी पता चल रहा है कि झामुमो की ओर से कांग्रेस पर सीट की अदला-बदली को लेकर दबाव बनाया जा रहा है। भाजपा ने 14 लोकसभा सीट पर तीन महिला उम्मीदवारों दुमका से सीता सोरेन, चाईबासा से गीता कोड़ा और कोडरमा से अन्नपूर्णा देवी को उतारा है। पांच आदिवासी उम्मीदवारों को टिकट दिए गए हैं। अनुसूचित जाति, पिछड़ा वर्ग और सवर्ण उम्मीदवारों को भी टिकट मिले हैं। इनमें मुस्लिम समुदाय से कोई नेता नहीं है। वहीं इंडी गठबंधन ने अबतक जिन पांच उम्मीदवारों की घोषणा की है, उनमें तीन आदिवासी और दो पिछड़ी जाति के हैं।

### 11 लोकसभा सीटों पर मुस्लिम मतदाता बहुसंख्यक




झारखंड के 11 लोकसभा क्षेत्रों में सबसे अधिक मतदाता मुस्लिम समुदाय के हैं। राजमहल में 33 फीसदी और गोड्डा में 18 फीसदी मुस्लिम वोटर्स हैं। आबादी के मामले में खूंटी, लोहरदगा और पलामू लोकसभा क्षेत्र में भी दूसरे नंबर पर मुस्लिम वोटर्स आते हैं।

## कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ने उलगुलान रैली को सफल बनाने का दिया निर्देश

**रांची।** आईएनडीआईए गठबंधन की ओर से रांची के धुर्वा स्थित प्रभात तारा मैदान, में 21 अप्रैल को आयोजित उलगुलान न्याय महारैली को सफल बनाने के लिए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने जिला अध्यक्षों सहित वरीय नेताओं को आवश्यक दिशा निर्देश जारी किया है। शनिवार को इस संबंध में प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता सोनाल शांति ने बताया कि उलगुलान न्याय महारैली में अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, सोनिया गांधी एवं राहुल गांधी को भी आमंत्रित किया गया है। इस महारैली में राष्ट्रीय एवं क्षेत्रीय दलों के बड़े नेता भी शामिल होंगे। इस महारैली को ऐतिहासिक रूप से सफल बनाने के लिए सभी लोकसभा प्रत्याशियों, विधायकों, जिला अध्यक्षों, लोकसभा को-ऑर्डिनेटर,जिला प्रभारी, अग्रणी मोर्चा संगठन के अध्यक्ष सहित विधानसभा वार प्रभारी को संगठन स्तर पर बैठक बुलाने और रैली को सफल बनाने के लिए उचित कार्य योजना तैयार कर उससे चार दिनों के अंदर प्रदेश कार्यालय को अवगत कराने का निर्देश प्रदेश अध्यक्ष ने दिया है। उन्होंने बताया कि सभी जिला अध्यक्षों को जिला स्तर पर आईएनडीआईए में शामिल दलों का संगठन के स्तर पर समन्वय बैठक आयोजित करने का भी निर्देश दिया गया है, ताकि बेहतर समन्वय से न सिर्फ महारैली सफल हो बल्कि जनता के बीच आईएनडीआईए का एक सकारात्मक संदेश पहुंचे।

## न्यूज बॉक्स

### अविनाश कुमार को मुख्य स्थानिक आयुक्त का अतिरिक्त प्रभार



**रांची।** राज्य सरकार ने ऊर्जा विभाग में अपर मुख्य सचिव के पद पर पदस्थापित अविनाश कुमार को मुख्य स्थानिक आयुक्त झारखंड भवन नई दिल्ली का अतिरिक्त प्रभार सौंपा है। अविनाश कुमार विकास आयुक्त, सीएम के अपर मुख्य सचिव, अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक ऊर्जा विकास निगम, प्रबंध निदेशक, झारखंड बिजली वितरण निगम के भी अतिरिक्त प्रभार में हैं। वहीं, योजना एवं विकास विभाग में प्रधान सचिव के पद पर पदस्थापित मस्त राम मीना को प्रभारी सदस्य राजस्व पार्षद का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। कार्मिक विभाग ने इससे संबंधित अधिसूचना शनिवार को जारी कर दी है।

### जमीन कारोबारी अफसर अली की जमानत याचिका पर हाई कोर्ट में सुनवाई 19 को

**रांची।** बरियातू स्थित सेना की भूमि की खरीद बिक्री घोटाले मामले में आरोपी अफसर अली की जमानत याचिका पर शनिवार को झारखंड हाई कोर्ट में आंशिक सुनवाई हुई। मामले में कोर्ट ने ईडी द्वारा समय दिए जाने के आग्रह को देखते हुए मामले की अगली सुनवाई 19 अप्रैल निर्धारित की है। याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता निलेश कुमार ने पैरवी की। पिछली सुनवाई में कोर्ट ने अफसर अली की गिरफ्तारी में अपनाई गई प्रक्रिया के संबंध में ईडी से जानकारी मांगी थी। पूर्व की सुनवाई में याचिकाकर्ता की ओर से कोर्ट को बताया गया था कि अफसर अली के खिलाफ मामले में आरोप पत्र दाखिल हो गया है और जांच पूरी हो गई है। 14 अप्रैल 2023 से न्यायिक हिरासत में जेल में है, इसे देखते हुए उन्हें जमानत प्रदान की जाए। ईडी कोर्ट ने अफसर अली की जमानत याचिका खारिज कर दी। इसके बाद उनकी ओर से हाई कोर्ट में जमानत के लिए याचिका दाखिल की गई है।

### युवाओं को पढ़ाई के साथ खेल में भी रुचि बढ़ाने की जरूरत : प्रदीप शेखावत

**एबीवीपी ने खेलो भारत के तहत कबड्डी का किया आयोजन**

**रांची जिला ब्वॉयज और रांची जिला गर्ल टीम विजयी**

**रांची।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ( अभाविप ) के रांची महानगर की ओर से खेलो भारत के तहत श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय (डीएसपीएमयू) के वॉलीबॉल ग्राउंड में कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन डॉ भीमराव अंबेडकर के जयंती के उपलक्ष्य में किया गया था। इसमें कुल 11 टीमों ने हिस्सा लिया। इसमें मुख्य रूप से खेलो भारत गतिविधि के राष्ट्रीय प्रमुख प्रदीप शेखावत, खेलो भारत के राष्ट्रीय संयोजक पल्लवी गाड़ी, खेलो भारत झारखंड प्रांत के संयोजक गौरव राय, मंत्री ऋतुराज, रांची महानगर खेलो भारत संयोजक मुकुल ने कबड्डी प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। मौके पर खेलो भारत गतिविधि के राष्ट्रीय प्रमुख प्रदीप शेखावत ने कहा कि एबीवीपी विश्वविद्यालय में शिक्षा के साथ-साथ छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए खेलो भारत के तहत खेल से जोड़कर उनके सर्वांगीण विकास करने का प्रयास करता है। छात्रों की मानसिक और शारीरिक फुर्ती बनाए रखने के लिए सभी को खेल से जुड़ना युवा पीढ़ी के लिए अति आवश्यक है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में ज्यादातर युवा मोबाइल गेम खेलने में व्यस्त है, युवाओं को मैदान में जाकर खेलना चाहिए। साथ ही, उन्हें खेलने में ज्यादा रुचि लेनी चाहिए। उन्होंने कहा कि परिषद अपने आयाम खेलो भारत के माध्यम से छात्रों में खेल के प्रति जागरूकता और उत्साह भरने का काम कर रही है। समय-समय पर कई सारे खेल गतिविधियों का प्रतियोगिता करा कर छात्रों को खेल के प्रति रुचि बढ़ाने का कार्य किया जाता है। एबीवीपी की राष्ट्रीय खेल संयोजिका पल्लवी गाड़ी ने कहा कि परिषद के खेलो भारत आयाम के माध्यम से विश्वविद्यालय और समाज में ऐसे छात्र-छात्राओं को आगे लाना है, जो अपने कला एवं खेल में निपुण है। उन्होंने कहा कि आज का युवा वर्ग अगर खेल से जुड़कर रहता है तो वह विभिन्न प्रकार की समस्याओं से छूट सकता है, आज समाज में ऐसे भी युवा हैं, जो कहीं ना कहीं नशा के शिकार हो रहे हैं।

### नगर निगम प्रशासक ने लिया छठ तालाबों का जायजा



**रांची।** राजधानी के अधिसंख्य तालाबों में पानी सूख चुका है। प्रगति पथ मार्ग में स्थित सूखे तालाब में तो बच्चों ने क्रिकेट खेलना शुरू कर दिया है। हैसल तालाब भी सूख गया है। मधुकम तालाब में पानी कम होने के साथ काफी गंदा हो चुका है। मोरहाबादी स्थित दिव्यायन के पीछे के तालाब में मिट्टी भर दिया गया है। ऐसे में शहर के कई तालाब समाप्त होने के कागर पर हैं। वहीं, नगर निगम प्रशासक अमित कुमार ने शनिवार को चैती छठ पर्व को देखते हुए विशेष क्षेत्रों का भ्रमण किया। उन्होंने उन तालाबों के लिए विशेष सफाई अभियान चलाने की बात कही, जहां का पानी गंदा हो चुका है। उन्होंने मुख्य रूप से कांके डैम, तेतर टोली तालाब, रिम्स तालाब, बनस तालाब इत्यादि का निरीक्षण किया। उन्होंने सभी तालाबों में फैली गंदगी की सफाई, ग्रास कटिंग, झाड़ू, ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव (तालाब के चारों तरफ) एवं तालाबों के संपर्क पथों एवं आसपास के क्षेत्रों की सफाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। साथ ही, सभी छठ घाटों पर पर्याप्त विद्युत लाइट्स की व्यवस्था यथाशीघ्र सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। साथ ही, तालाबों के चारों ओर आकर्षक तरीके से लाइट्स को व्यवस्थित करने का निर्देश दिया। इस मौके पर अपर प्रशासक सौरभ प्रसाद, उप प्रशासक रवींद्र कुमार, सहायक प्रशासक सूरज प्रकाश, नगर प्रबंधक, सहायक अभियंता, जोनल सुपरवाइजर, वार्ड सुपरवाइजर एवं अन्य कर्मी उपस्थित थे।

# हर चुनाव में राजनीतिक जागरुकता का परिचय देते हैं खूंटी के मतदाता

### लोकसभा और विधानसभा चुनाव में बदल जाते हैं चुनाव परिणाम

**नवीन मेल संवाददाता। खूंटी**

खूंटी, रांची, सरायकेला, गुमला और सिमडेगा पांच जिलों में फैला जनजातीय बहुल खूंटी संसदीय क्षेत्र को भले ही पिछडा. क्षेत्र माना जाता हो, पर राजनीतिक रूप से यहां के लोग काफी जागरूक हैं। यही कारण है कि हर लोकसभा और विधानसभा चुनाव में यहां के राजनीतिक समीकरण बदलते रहते हैं और इसका असर चुनाव परिणाम पर पड़ता है। इन दोनों विधानसभा सीट में भाजपा की कुल बढ़त 74362 वोट की रही और यही दोनों विधानसभा क्षेत्र में मिले मत भाजपा की जीत और कांग्रेस की हार का कारण बने। विधानसभा चुनाव में चंपाई सोरेन को 111195 वोट मिले थे, वही भाजपा प्रत्याशी गणेश महली को 95482 मत मिले थे। आजसू के अनंत राम टुडू को 9931 वोट मिले थे। इसी प्रकार 2019 के लोकसभा चुनाव में तोरपा विधान सभा क्षेत्र में कांग्रेस प्रत्याशी कालीचरण मुंडा को 21158 वोट की बढ़त मिली, कांग्रेस को यहां 65122 तथा भाजपा को 43964 वोट मिले, लेकिन नवंबर में हुए विधानसभा चुनाव में भाजपा के कोचे मुंडा ने बाजी मार ली। कोचे मुंडा को 43482 वोट मिले थे, जबकि उनके निटतम प्रतिद्वंद्वी झामुमो और कांग्रेस के संयुक्त उम्मीदवार सुदीप गुड़िया को 33852 वोट मिले थे। लोकसभा चुनाव 2019 में खूंटी विधान सभा क्षेत्र में भाजपा को 51410 वोट मिले, जबकि कांग्रेस प्रत्याशी कालीचरण मुंडा को यहां 72812 वोट मिले, लेकिन विधानसभा चुनाव में भाजपा के नीलकंठ सिंह मुंडा ने झामुमो के सुशील पाहन को 26327 वोटों से पराजित कर दिया।

**विधानसभा क्षेत्र में लोकसभा चुनाव में भाजपा को प्रचंड बहुमत**

लोकसभा चुनाव 2019 का ही उदाहरण लें, तो जिस विधानसभा क्षेत्र में लोकसभा चुनाव में भाजपा को प्रचंड बहुमत मिला था, वही छह महीने के बाद हुए विधानसभा चुनाव में भाजपा को वहां मुंह की खानी पड़ी। इसके विपरीत जहां लोकसभा चुनाव में भाजपा को कांग्रेस की तुलना में कम वोट मिले थे, वहीं उसी वर्ष हुए विधानसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशी अच्छे-खासे वोट से जीत गये। लोकसभा चुनाव में तमाड़ विधानसभा क्षेत्र में भाजपा प्रत्याशी अर्जुन मुंडा को कुल 86352 तथा कांग्रेस को 44870 वोट मिले थे। वहीं उसी वर्ष हुए विधानसभा चुनाव में तमाड़ सीट पर झामुमो के उम्मीदवार विकास सिंह मुंडा को जीत मिली। भाजपा प्रत्याशी रीता देवी महज 18082 वोट लाकर तीसरे स्थान पर रही थी। उस चुनाव में विकास मुंडा को 55491 वोट मिले थे, जबकि आजसू पार्टी को 24520 वोट मिले थे।

## ढुल्लू महतो से जुड़े दो क्रिमिनल केस में सुनवाई 10 मई को

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**




धनबाद से जुड़े दो थाना में बाघमारा विधायक एवं धनबाद से भाजपा के लोकसभा उम्मीदवार ढुल्लू महतो के खिलाफ दर्ज आपराधिक मामले में धनबाद की निचली अदालत द्वारा उनकी डिस्चार्ज पिटीशन खारिज किए जाने को चुनौती देने वाली दो अलग-अलग क्रिमिनल रिवीजन की सुनवाई अब झारखंड हाई कोर्ट में 10 मई को होगी। मामले में याचिकाकर्ता की ओर से कोर्ट से समय की मांग की गई। पिछली सुनवाई में कोर्ट ने राज्य सरकार को दोनों मामलों में केस डायरी एवं लोअर कोर्ट रिकॉर्ड (एलसीआर) प्रस्तुत करने का निर्देश दिया था। ढुल्लू महतो के खिलाफ बाघमारा में कंस्ट्रक्शन साइट से मशीन उठवा लेने के मामले को लेकर बाघमारा थाने में कांड संख्या 17/2020 दर्ज किया गया था। इस मामले में छह लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई थी। बाद में ढुल्लू महतो का नाम भी इसमें जोड़ा गया। वहीं, धनबाद के बरोरा थाने में दर्ज कांड संख्या 11/2020 में ढुल्लू महतो एवं अन्य पर रामराज मंदिर के बगल में दुकान कंस्ट्रक्शन करने वाले को प्रताड़ित करने एवं धमकी देने का आरोप लगाया गया था। दोनों मामलों में धनबाद की निचली अदालत ने ढुल्लू महतो की डिस्चार्ज पिटीशन खारिज कर दी थी, जिसे उन्होंने हाई कोर्ट में चुनौती दी है।

## इंडी गठबंधन के पास ना कोई राष्ट्रीय चेहरा और ना कोई संकल्प : सुदेश

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची/हजारीबाग।** आजसू पार्टी के अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने इंडी गठबंधन पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि इंडी गठबंधन के पास ना कोई राष्ट्रीय चेहरा और ना कोई राष्ट्रीय संकल्प है। गठबंधन का कोई आधार नहीं है, जातीय ध्रुवीकरण इनकी प्राथमिकता है। सुदेश कुमार महतो ने ये बातें शनिवार को हरनगंज स्थित शिवम बैंक्वेट हॉल में आयोजित हजारीबाग लोकसभा स्तरीय ग्राम प्रभारी सम्मेलन में कही। सम्मेलन में लोकसभा क्षेत्र के सभी केंद्रीय पदाधिकारी, केंद्रीय सदस्य, जिला कमेटी, जिला के सभी प्रखंड प्रभारी एवं हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सभी इकाइयों के प्रखण्ड अध्यक्ष, सचिव तथा पंचायत एवं ग्राम प्रभारियों ने हिस्सा लिया। सम्मेलन को संबोधित करते हुए सुदेश महतो ने कहा कि एनडीए गठबंधन के पास प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जैसा मजबूत और भरोसेमंद चेहरा है, वहीं इंडी गठबंधन के पास न ही कोई चेहरा है न देश के लिए कोई संकल्प। यह गठबंधन सिर्फ एनडीए और नरेन्द्र मोदी को रोकने के लिए है। देश और देश के विकास के लिए इनके पास कोई सोच, कोई रोडमैप नहीं है। उन्होंने एनडीए उम्मीदवार मनीष जायसवाल की जीत सुनिश्चित करने के लिए पार्टी कार्यकताओं से मिलकर काम करने को कहा। सम्मेलन में गिरिडीह लोकसभा उम्मीदवार सह पार्टी के वरीय उपाध्यक्ष चंद्र प्रकाश चौधरी ने कहा कि 400 पार का नारा सिर्फ एनडीए का संकल्प नहीं, अपितु जन-जन का नारा बन चुका है।

## सीएसडीएस के ताजा सर्वे ने मोदी सरकार की पोल खोलकर रख दी: अमुल्य नीरज

**भाजपा को जनता से किये गए झूठे वादों के साथ अपने 10 साल के उपलब्धियों को समझाने में पसीने छूट रहे हैं।**

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

प्रदेश कांग्रेस के संगठन महासचिव अमुल्य नीरज खलखो ने कहा कि सीएसडीएस के ताजा सर्वे ने मोदी सरकार की पोल खोलकर रख दी है। लगातार कांग्रेस इन्हीं मुद्दों के बीच आवाज उठा रही है और यही कारण है कि इन आवाजों को दबाने के लिए कांग्रेस और आईएनडीआईए गठबंधन के नेताओं पर ईडी की शिकंजा कसवाया जा रहा है, ताकि महंगाई, बेरोजगारी जैसे मुद्दे गोन रहे। खलखो शनिवार को रांची के कांग्रेस भवन में संवाददाताओं से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भाजपा की मोदी सरकार के दिन अब पूरी तरह लद चुके हैं। 2019 के चुनाव में ही देश की जनता इनके जुमलेबाजी और वादाखिलाफी का जवाब देने का मन बना चुकी थी। लेकिन पुलवामा में देश के वीर शहीदों के शहादत का राजनीतिक इस्तेमाल कर ये जनता को अपने पक्ष में करने में सफल रहे। कुछ समय पहले तक मोदी की गारंटी पर जोर देते हुए भाजपा ने पुनः देश की जनता को गुमराह करने का प्रयास शुरू किया। लेकिन बेरोजगारी , महंगाई एवं इलेक्टोरल बॉड से जुड़े भ्रष्टाचार के मामले पर जनता के आक्रोश को भांपकर भाजपा के जरिये फिर से धार्मिक ध्रुवीकरण का प्रयास चालू कर दिया गया है। चुनाव से पहले जब सीएसडीएस के सर्वे ने जनता के मूड का खुलासा कर दिया है, तो प्रधानमंत्री मोदी फिर जनता का ध्यान मूल मुद्दों से भटकाने के लिये सनातनी राग अलाप रहे हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा की मोदी सरकार के 10 साल अन्यायकाल के खिलाफ राहुल गांधी के कन्याकुमारी से लेकर कश्मीर तक और मणिपुर से लेकर मुंबई तक भारत जोड़ो यात्रा एवं भारत जोड़ा न्याय यात्रा के दौरान बेरोजगार नौजवानों, मजदूर, किसानों, महिलाओं तथा आम जनता से हुई संवाद के आधार पर जब कांग्रेस पार्टी पांच न्याय पच्चीस गारंटी को लेकर चुनाव के मैदान में पूरी शिद्दत के साथ उतर चुकी है, तो भाजपा पूरी तरह से बौखला गई है।

## बहन-बेटियों को सुरक्षा देने में हेमंत सरकार पार्ट 2 साबित हो रही चंपाई सरकार : आरती सिंह

**दुष्कर्म की घटना पर भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष ने जताया आक्रोश**

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष आरती सिंह ने कहा कि साहिबगंज जिले के बरहेट में ईद के दिन एक नाबालिग लड़की के साथ सामूहिक दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया गया। इस घटना से आहत नाबालिग ने आत्महत्या कर ली। शनिवार को रातू थाना क्षेत्र में नाबालिग लड़की अपनी सहेली के साथ मेला घूमने गई थी, वहां उसके साथ सामूहिक दुष्कर्म की घटना घटी। जेएमएम, कांग्रेस और राजद वाली गठबंधन को ठगबंधन बताते हुए आरती सिंह ने कहा कि पूर्व में हेमंत सोरेन की सरकार में और अब चंपाई सोरेन की सरकार में महिला उत्पीड़न चरम पर है। हर दिन राज्य की बहू,



बेटियों पर होने वाली अनाचार एवं उत्पीड़न की खबरों से अखबार रंगा रहता है। उन्होंने कहा कि झारखंड में जिस प्रकार हेमंत सोरेन पार्ट-1 में ठगबंधन की सरकार में कानून व्यवस्था चारमाई हुई थी और अपराधियों का मनोबल बढ़ा हुआ था, ठीक उसी प्रकार अब हेमंत सोरेन पार्ट -2 में भी अपराधी दिनदहाड़े दुष्कर्म की घटना को अंजाम दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि राज्य में पिछले 4 वर्षों में 6000 से अधिक दुष्कर्म घटना घटी है। उसमें 3000 से अधिक आदिवासी महिलाओं के साथ दुष्कर्म की घटना हुई है।

## जल संरक्षण को लेकर नगर निगम ने एनजीओ के साथ की बैठक

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

नगर निगम में शनिवार को उप प्रशासक की अध्यक्षता में जल संरक्षण को लेकर एक बैठक हुई। इसमें विभिन्न एनजीओ ने भाग लिया। उप प्रशासक ने सभी एनजीओ से जल संरक्षण एवं जल संचयन पर विचार विमर्श किया। एनजीओ ने आगे बढ़कर स्वेच्छा से निगम के जागरूकता कार्यक्रमों में भाग लेने के लिए उप प्रशासक से जल मित्र बनाने की इच्छा जाहिर, जिसपर उप प्रशासक द्वारा भी सहमति जताई गई। उप प्रशासक ने सभी एनजीओ से अनुरोध किया कि वे जल संरक्षण, जल संचयन एवं पौधरोपण संबंधित प्रचार प्रसार करने के लिए रांची नगर निगम का सहयोग करें। बैठक में उप प्रशासक अनवर हुसैन, नगर प्रबंधक जलापूर्ति शाखा, नगर प्रबंधक स्वास्थ शाखा तथा विभिन्न एनजीओ के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

## पीठासीन पदाधिकारियों को दिया गया प्रशिक्षण



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

लोकसभा चुनाव 2024 के सफल संपादन को लेकर शनिवार को प्रशिक्षण कोषांग के तत्वावधान में प्रतिनियुक्त पीठासीन पदाधिकारियों को द्वितीय चरण का प्रशिक्षण दिया गया। राजकीय +2 उच्च विद्यालय कांके में मास्टर ट्रेनर्स द्वारा दो पालियों में कुल 1565 पीठासीन पदाधिकारियों को प्रशिक्षण दिया गया। जबकि, 35 अनुपस्थित रहे। मास्टर ट्रेनर्स द्वारा मतदान प्रक्रिया के विभिन्न पहलुओं से सभी को अवगत कराया गया। मौके पर ईवीएम-वीवीपैट का प्रदर्शन किया गया। मास्टर ट्रेनर द्वारा ईवीएम-वीवीपैट की संपूर्ण जानकारी दी गई। इस दौरान बूथों का संचालन एवं मतदान प्रक्रिया पर विशेष रूप से ध्यान दिया गया। चुनाव से पूर्व और चुनाव के दौरान के विशिष्ट कार्यों को विस्तार से समझाया गया एवं मतदान से संबंधित विभिन्न प्रपत्रों को भरने के संबंध में पीठासीन पदाधिकारियों को अवगत कराया गया। पीठासीन पदाधिकारियों को उनके अधिकार एवं दायित्वों के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी गई।

## रांची के मतदाताओं को प्रचार वाहन के माध्यम से किया जाएगा जागरूक : डीसी

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

लोकसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाने और ज्यादा से ज्यादा मतदाताओं को जागरूक करने के लिए स्वीप टीम की ओर से लगातार जिले में विभिन्न तरह के कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में शनिवार को समाहरणालय परिसर से मतदाता जागरूकता वाहन को रवाना किया गया। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा, नोडल पदाधिकारी स्वीप कोषांग सह उपविकास आयुक्त दिनेश कुमार यादव और उप निर्वाचन पदाधिकारी बिवेक कुमार सुमन ने हरी झंडी दिखाकर प्रचार वाहन को रवाना किया।



उपायुक्त ने बताया कि प्रचार वाहन के माध्यम से रांची लोकसभा क्षेत्र के मतदाताओं को चुनाव आयोग की ओर से तैयार किए गए विभिन्न गीतों के माध्यम से जागरूक किया जाएगा। उन्होंने कहा कि स्वीप के तहत जिले में कई कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। वोटर अवेयरनेस फोरम, इलेक्टोरल लिटरेसी क्लब, रेजिडेंट्स वेलफेयर एसोसिएशन आदि के साथ लगातार बैठकें की जा रही हैं। उन्होंने मतदाताओं से अपील करते हुए कहा कि रांची लोकसभा क्षेत्र में 25 मई को मतदान होना है, इसमें ज्यादा से ज्यादा मतदाता अपने मताधिकार का इस्तेमाल करें। उन्होंने बताया कि पूरी मशीनरी स्वच्छ एवं निष्पक्ष वातावरण में चुनाव की तैयारी में जुटी है। कहा कि बूथ अवेयरनेस ग्रुप (बीएजी), बीएलओ, बीएलओ सुपरवाइजर, सफाई मित्रों और सफाई सुपरवाइजर के जरिये लगातार लोगों को मतदान और चुनावी प्रक्रिया के प्रति जागरूक करने का कार्य किया जा रहा है। मतदाताओं को मतदान दिवस से 10 दिन पहले से मतदाता पर्ची बीएलओ के माध्यम से उपलब्ध कराया जाएगा। उन्होंने बताया कि वोट देने के लिए मतदाता सूची में नाम दर्ज होना आवश्यक है। वैसे नागरिक जिनकी आयु एक अप्रैल 2024 को 18 वर्ष हो चुकी है, वे अभी भी अपना नाम मतदाता सूची में दर्ज करा लोकतंत्र के महापर्व में हिस्सा ले सकते हैं। उन्होंने बताया कि योग्य नागरिक बीएलओ और वोटर हेल्पलाइन एप के माध्यम से फॉर्म-6 भरकर अपना आवेदन दे सकते हैं।

## लाइसेंसी हथियार धारक 24 घंटे के अंदर हथियार जमा करें

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



रांची जिला प्रशासन की ओर से शांतिपूर्ण लोकसभा चुनाव संपन्न कराने के लिए लाइसेंसी हथियार धारकों को 24 घंटे का समय दिया गया है। प्रशासन की ओर से कहा गया है कि अगर तय समय सीमा के अंदर हथियार जमा नहीं किया गया, तो हथियार का लाइसेंस कैंसिल कर दिया जाएगा। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा ने निर्धारित तिथि के अंदर हथियार जमा नहीं करने वालों को चिह्नित करते हुए कार्रवाई करने का भी निर्देश दिया है ।उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा ने शनिवार को बताया कि 24 घंटे का समय दिया गया है। बहुत लोग हथियार जमा नहीं किए हैं, इसलिए समय को बढ़ाया गया है।

बताया गया कि पिछले माह 30 मार्च तक हथियारों का सत्यापन किया जाना था, लेकिन 3417 लाइसेंसधारियों में मात्र 50 फीसदी ने ही हथियार का सत्यापन कराया था। ऐसे लोगों को छह अप्रैल तक का समय दिया गया था। इसके बावजूद कुछ लोगों ने अपने हथियार का सत्यापन नहीं कराया। इससे पूर्व, 20 मार्च को ही आदेश जारी कर कहा गया था कि जिले के सभी शस्त्र अनुज्ञप्तिधारी 13 अप्रैल तक अपने हथियार संबंधित थाना, ओपी अथवा शस्त्र एवं कारतूस विक्रेता दुकान में जमा कर देंगे। पर, अबतक कई लाइसेंस धारकों ने ऐसा नहीं किया है। उन्हें अब मात्र 24 घंटे का समय दिया जाता है। कुछ ऐसे भी लाइसेंस धारक हैं, जिन्होंने हथियार जमा करने से छूट के लिए आवेदन किया था, पर इस पर विमुक्ति के संबंध में जिला प्रशासन के स्तर से कोई आदेश जारी नहीं हुआ है।

## एक नजर

### गिद्दी गुरुद्वारा में धूमधाम से मनाया गया बैसाखी का पर्व

**गिद्दी।** गिद्दी गुरुद्वारा में शनिवार को खालसा पंथ स्थापना दिवस सह बैसाखी का गुरुपर्व धूमधाम से मनाया गया। गुरुपर्व को लेकर एक दिन पहले निशान साहब की सेवा की गई। इसके बाद शनिवार को सुखमनी साहब का पाठ किया गया। फिर महिलाओं ने शबद कीर्तन किया। कीर्तन के बाद बाबा ज्ञानी गुरमित सिंह सहित अन्य लोगों ने खालसा स्थापना दिवस और बैसाखी पर्व के बारे में बताया। इसके बाद अटूट लंगर का आयोजन किया गया। जिसमें अनेकों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। लखवीर सिंह, लखबीर सिंह, संतोष सिंह, गुरुमित सिंह, बिटू सिंह, सोनू सिंह, हैप्पी सिंह, आकाश सिंह, बलजीत कौर, मनजीत कौर, पूजा कौर, स्वीटी कौर, निक्की कौर आदि उपस्थित थे।

### कलशयात्रा में 501 श्रद्धालु महिलाएं हुईं शामिल

**पतरातू।** पतरातू प्रखंड के जयनगर पंचायत के सरैया टोला में आयोजित श्री श्री 1008 हनुमान मंदिर प्राण प्रतिष्ठा रुद्र महायज्ञ के लिए शनिवार को कलश यात्रा निकाली गई। जिसमें 501 श्रद्धालु महिलाओं के अलावा पुरुष और बच्चियां शामिल हुईं। बाजें-गाजे के साथ यह कलश यात्रा यज्ञ स्थल से शुरू होकर दामोदर नद पहुंची। जहां से कलश में पवित्र जल लेने के बाद वापस यज्ञ मंडप पहुंची। जहां पर विधि विधान से पूजन कर कलश को रखा गया। इस दौरान यज्ञाचार्य धर्मेंद्र तिवारी, पिंकू पांडेय, जयप्रकाश पांडेय, श्रद्धानंद त्रिपाठी, शिवनारायण शास्त्री ने जल यात्रा संकल्प, वरुण पूजन सहित नियम पूर्वक पूजन कराई।

### डाड़ी बीडीओ ने लोकसभा चुनाव सफल बनाने को लेकर बैठक की

**गिद्दी।** ड़ाड़ी प्रखंड कार्यालय सभागार में सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सह बीडीओ अनु प्रिया की अध्यक्षता में लोकसभा चुनाव को लेकर बैठक हुई। बैठक में लोकसभा चुनाव के सफल संचालन हेतु जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त हजारीबाग के निर्देशो के पालन करने का निर्णय लिया गया। जिसमें सभी मतदान केंद्रों के भवनों में विद्यमान मूलभूत सुविधाएं और स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदाता जागरुकता गतिविधियों से संबंधित विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई।

### कुजू में आजसू सुप्रीमो का कार्यकर्ताओं ने किया जोरदार स्वागत

**कुजू।** आजसू सुप्रीमो सुदेश महतो का कुजू नयामोड़ फोरलेन चौराहा के समक्ष शनिवार को कार्यकताओं ने जोरदार स्वागत किया। वे हजारीबाग में आयोजित आजसू के लोकसभा स्तरीय ग्राम प्रभारी सम्मेलन में भाग लेने जाते समय यहां रूके थे। आजसू सुप्रीमो के काफिले के यहां पहुंचते ही काफी संख्या में जुटे कार्यकर्तागण मांडू विधानसभा क्षेत्र के वरीय नेता तिवारी महतो के नेतृत्व में गगनभेदी नारेबाजी करते हुए फूलमाला पहनाकर स्वागत किया। इस दौरान गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी को भी कार्यकर्ताओं ने फूलमाला पहनाकर स्वागत किया।

---

**आईलेक्स पब्लिक स्कूल में अंबेडकर जयंती मनाई गई**

# डॉक्टर अंबेडकर का दर्जा दलितों के लिए किसी देवता से कम नहीं : निदेशक



**नवीन मेल संवाददाता। बरकट्ठा**
आईलेक्स पब्लिक स्कूल बरकट्ठा में भीमराव अम्बेडकर की जयंती पर बच्चों ने उनकी तस्वीर पर उन्हें पुष्प अर्पित कर उन्हें याद किया। इस निमित्त विद्यालय निदेशक शैलेश कुमार ने बताया कि डॉक्टर भीमराव अंबेडकर का दर्जा दलितों के लिए किसी देवता से कम नहीं था। उन्होंने अपने जीवन काल में दलितों के उत्थान के लिए कई ऐसे कार्य भी किए जिसकी वजह से दलित समाज के जीवन में एक नए सूर्य का उदय हुआ। उन्होंने कहा कि एक गरीब परिवार में जन्मे डॉ भीमराव अंबेडकर ने बचपन से ही कई कठिनाइयों और सामाजिक कुरीतियों का सामना किया था। बाल्य काल से ही निर्भीक स्वभाव के थे। बढ़ती उम्र के साथ उन्हें यह समझ आ गया था कि उन्हें इन कुरीतियों से सिर्फ शिक्षा की छाया ही बचा सकती है। यही कारण था कि उन्होंने अपने आपको सबसे पहले शिक्षा प्राप्त करने के लिए अग्रसर किया और फिर दलित के उत्थान में खुद को झोंक दिया। कार्यक्रम की शुरूआत में सभी ब्रांच के सामाजिक विज्ञान के शिक्षक बबलू कुमार, रवि सिंह, रिंकू कुमार और सौरभ कुमार ने अपने - अपने ब्रांच के अनुसार भीमराव अम्बेडकर जी के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उसके बाद बच्चों ने भीमराव जी की तस्वीर पर पुष्प अर्पित किया। इस मौके पर आईलेक्स के सभी ब्रांच में डिबेट का आयोजन किया गया। डिबेट का विषय था - आरक्षण : जरूरत या वरदान। कई बच्चों ने आरक्षण को लेकर अपने विचार रखे कि संविधान में कुछ संशोधन कर आरक्षण सबसे पहले शारीरिक विकलांग, शहीदों के बच्चे, आर्थिक रूप से कमजोर लोगों को मिलना चाहिए। वही दूसरी ओर कुछ के विचार थे कि जाति को लेकर अभी भी कई जगह स्थिति दयनीय बनी हुई है।

---

**बीजेपी कार्यालय बरकट्ठा में विधानसभा स्तरीय बैठक संपन्न**

# भाजपा इस बार 400 के पार : लक्ष्मीकांत बाजपेयी



**नवीन मेल संवाददाता। बरकट्ठा**
विधानसभा स्तरीय भारतीय जनता पार्टी की बैठक शनिवार को बुढ़िया माता मंडप के सामने स्थित चुनाव कार्यालय में सम्पन्न हुई। बैठक में शामिल प्रदेश प्रभारी लक्ष्मीकांत बाजपेयी ने मंडल वार सभी अध्यक्षो व सक्रिय कार्यकर्ताओं के बीच चुनावी प्रबंधन को लेकर चर्चा की। उन्होंने कहा मंडल का कार्यकर्ता मंडल की चिंता करें। बूथ जीतेंगे तो लोकसभा का चुनाव भी जीतेंगे ।उन्होंने अबकी बार 400 पार का नारा दिया ।अपने सम्बोधन में सांसद अन्नपूर्णा देवी ने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र भाई मोदी के नेतृत्व में भारत विकास की उच्चाइयो को छू रहा है ।अबकी बार 400 पार करने में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता जी जान से जुटे हुए है ।इस बार पुनः कोडरमा लोकसभा बड़े मार्जिन से जीतना है ।इसके लिए सभी लोग बूथ स्तर पर जुट जाएं ।बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष विवेकानंद सिंह व संचालन केदारनाथ यादव ने किया।

---

**उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी के न्यायालय ने दिया आदेश**

# दो अपराधियों को प्रतिदिन लगानी होगी थाने में हाजिरी

**नवीन मेल संवाददाता रामगढ़**
उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी रामगढ़ चंदन कुमार के न्यायालय में 2 अपराधी गोलू कुमार वर्मा (वर्तमान में थाना चौक, पुराना शिव मंदिर रामगढ़ थाना के समीप के निवासी) एवं अनिल यादव उर्फ अनिल कुमार यादव (बंगाली टोला, रामगढ़) के जेल से छूटकर आने पर अपने घर पर न रहकर बाहर से ही व्यावसायियों एवं ठेकेदारों से रंगदारी की मांग करते हुए धमकी देने, विभिन्न स्त्रोतों से खबर भिजवाकर या खुद जाकर अपने प्रभाव क्षेत्र के ठेकेदारों व्यवसायियों, ट्रांसपोर्टरों तथा सीसीएल के पदाधिकारी/ कर्मियों को लेवि के लिए भयभीत करने के इतिहास को देखते हुए एवं जिला बदर किए जाने के उपरांत भी अवांछित रूप से जिला में प्रवेश करने तथा विभिन्न स्त्रोतों से खबर भिजवाकर या खुद जाकर लेवी के लिए भयभीत करने अथवा वाद के गवाहों व वादी को डराने धमकाने की संभावना एवं अपराधी की गतिविधियों पर प्रतिदिन निगरानी रखने की आवश्यकता से संबंधित मामले में झारखंड अपराध नियंत्रण अधिनियम 2002 के तहत उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी के न्यायालय द्वारा निम्न आदेश जारी किए गए हैं। दोनों अपराधियों अनिल यादव एवं गोलू कुमार वर्मा दो अपराधियों को आगामी 6 महीने के लिए प्रतिदिन 10:00 बजे पूर्वाह्न में थाना प्रभारी रामगढ़ के समक्ष हाजिरी लगाने के लिएआदेश दिया गया है। यदि कोई अनुज्ञप्ति आधारित शस्त्र है तो अविलंब उसे स्थानीय थाने में जमा करना होगा एवं इस अवधि में किसी भी स्थिति में शस्त्र धारित नहीं करना होगा। उक्त सभी आदेश तत्काल प्रभाव से लागू है एवं आदेश की अवमानना अथवा उलंघन झारखंड अपराध नियंत्रण अधिनियम 2002 की धारा 25 तथा भारतीय दंड संहिता, इत्यादि के अन्य सुसंगत धाराओं के अंतर्गत दंडनीय होगा।

---

**आजसू के ग्राम प्रभारी सम्मेलन में सुदेश ने भरी हुंकार, कहा**

# राज्य की सभी 14 लोकसभा सीटों पर एनडीए का होगा कब्जा



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**
आजसू पार्टी का लोकसभा स्तरीय ग्राम प्रभारी सम्मेलन शनिवार को स्थानीय शिवम बैंक्वेट, हरनगंज, हजारीबाग में आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष सह केन्द्रीय प्रवक्ता विकास राणा ने तथा मंच संचालन रामगढ़ जिला अध्यक्ष दिलीप दांगी ने किया ।कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि आजसू पार्टी के केन्द्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो एवं विशिष्ट अतिथि गिरिडीह सांसद चन्द्रप्रकाश चौधरी शामिल हुए ।उनके साथ आजसू पार्टी के मुख्य प्रवक्ता डॉ देवशरण भगत, गोड्डा लोकसभा प्रभारी खालिद खलील, केन्द्रीय सचिव अशोक नाग, रांची जिला प्रभारी जितेन्द्र सिंह, केन्द्रीय महासचिव सह बड़कागांव विधानसभा प्रभारी रोशनलाल चौधरी, माण्डू विधानसभा प्रभारी तिवारी महतो, केन्द्रीय प्रवक्ता सह हजारीबाग लोकसभा प्रभारी विकास राणा,विजय साहू, परमेश्वर महतो, रामगढ़ जिला अध्यक्ष दिलीप दांगी शामिल हुए ।विशेष आमंत्रित अतिथि के रूप में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन प्रत्याशी मनीष जायसवाल शामिल हुए, उनके साथ भाजपा के लोकसभा प्रभारी शशि भूषण भगत, भाजपा के लोकसभा संयोजक टुन्नू गोप, रामगढ़ जिला अध्यक्ष प्रवील मेहता एवं अर्जुन साव शामिल हुए। सुदेश कुमार महतो ने अपने सम्बोधन में कहा कि नरेन्द्र मोदी को फिर से भारत के प्रधानमंत्री के रूप में देश की 140 करोड़ जनता देखना चाहती है।

---

**किसी ने शारीरिक विकलांगता तो किसी ने जातिगत आरक्षण की दी दलील**

# बाबा साहब को दलितों का मसीहा माना जाता है : निदेशक

**डॉ अंबेदकर को बचपन से ही जातीय विरोध के लिए प्रताड़ित होना पड़ा. उन्होंने इसे हटाने का संकल्प लिया और डटकर शिक्षा ग्रहण किया**



**नवीन मेल संवाददाता। बरही**
भारतीय संविधान के जनक डॉ भीम राव अंबेदकर की 134वीं जयंती के अवसर पर आइलेक्स पब्लिक स्कूल के पंचमाधव सहित विभिन्न शाखाओं में जयति कार्यक्रम आयोजित किए गए. मुख्य ब्रांच पंचमाधव में कार्यक्रम की शुरूआत बाबा साहब के चित्र पर पुष्पांजलि व दीप प्रज्ज्वलित के साथ हुआ. जिसमें मुख्य रूप से विद्यालय के निदेशक शैलेश कुमार मौजूद रहे. डॉ अम्बेदकर की जीवन पर प्रकाश डालते हुए निदेशक ने बताया कि बाबा साहब को दलितों का मसीहा माना जाता है. जो एक प्रख्यात विद्वान, वकील, सामाजिक कार्यकर्ता और राजनीतिज्ञ थे. जिन्होंने अपना जीवन सामाजिक न्याय और समानता के लिए समर्पित कर दिया. 14 अप्रैल 1891 को मप्र के महार परिवार में जन्म लेने वाले अंबेदकर को बचपन से ही जातीय विरोध के लिए प्रताड़ित होना पड़ा. उन्होंने इसे हटाने का संकल्प लिया और डटकर शिक्षा ग्रहण किया. कोलंबिया विश्वविद्यालय से उन्होंने अर्थशास्त्र से पीएचडी किया. इसके साथ ही उन्होंने लॉ की भी शिक्षा ग्रहण किया. 1946 में उन्हें संविधान सभा के लिए चुना गया. उन्होंने वंचितों के सुरक्षा सहित धार्मिक स्वतंत्रता, अस्पृश्यता उन्मूलन व शोषण के खिलाफ सुरक्षा जैसे अधिकारों पर जोर देते हुए केंद्र व राज्य के बीच शक्ति विभाजन के लिए संघीय प्रणाली का समर्थन किया.

---

**भव्य कलश यात्रा के साथ पांच दिवसीय महायज्ञ प्रारंभ**

# 501 भक्तों ने लिया कलश होलंग नदी से उठाया जल

**नवीन मेल संवाददाता। टाटीझरिया**
टाटीझरिया थाना के धरमपुर पंचायत के मंडपा गांव में आयोजित पांच दिवसीय श्री श्री 1008 श्री रूद्र महायज्ञ सह हनुमात प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ का प्रारंभ कलश यात्रा के साथ आरंभ किया गया । मडपा से निकला कलश यात्रा टाटीझरिया के होलंग नदी पहुंचा जहां वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ आचार्य विवेक शास्त्री , वैदिक पुरुषोत्तम शास्त्री उपाचार्य , पुरोहित सोनु पांडेय, कृपाशंकर पांडेय, वैदिक अंजन शास्त्री , वैदिक उज्जवल पांडेय, वैदिक ध्रुव पांडेय के द्वारा कलश में जल भराया गया। 501 भक्तों ने कलश लिया जो 7 किलोमीटर दुरी तय कर होलंग नदी पहुंचा। पुरे क्षेत्र जय श्री राम के नारों के साथ गूंज उठा। यज्ञ 13 अप्रैल जल यात्रा से शुभारंभ होकर 17 अप्रैल को भंडारा के साथ संपन्न होगा ।टाटीझरिया प्रमुख सह जिला प्रमुख संग अध्यक्ष संतोष मंडल ने कहा कि यज्ञ होने से क्षेत्र भक्तिमय होता है। लोगों को यज्ञ में शामिल होना चाहिए ताकि मन को शांति मिले। लोगों ने मडपा से लेकर होलंग नदी तक जय श्री राम के जय घोष करते रहे। कलश यात्रा में मुख्य रूप से प्रमुख संतोष मंडल,जिप सदस्य रामप्रसाद, सांसद प्रतिनिधि मिथलेश पाठक, कैलाशपति सिंह, महेश अग्रवाल, राजु यादव, पंसस राजेश यादव, योधी यादव, सुरेंद्र यादव, लक्ष्मण यादव,अरूण सिंह, कृष्णा साव, झुनझुन गुप्ता,निखिल सिंह समेत अन्य शामिल मौजूद थे। कलश यात्रा को सफल बनाने में यज्ञ समिति के अध्यक्ष राजेश यादव, सहदेव यादव समेत कई महिला पुरुष शामिल थे।

---

**रामनवमी समिति को टीएसएस ने किया लाठी व अंगवस्त्र भेंट**

# मर्यादाओं के पालन करने का संकेत देता है रामनवमी : अरुण



**नवीन मेल संवाददाता। बरही**
तिलेश्वर साहू सेना ने करियातपुर रामनवमी समिति के सात अखाड़े वालो के साथ महत्पूर्ण बैठक किया. बैठक में बतौर मुख्यातिथि टीएसएस केंद्रीय अध्यक्ष अरुण साहू शामिल हुए. जिनका अखाड़ेवालों ने स्वागत किया. बैठक में उपस्थित लोगो से श्री साहू ने महरामनवमी को शांति व सद्भाव से प्रशानिक गाईड के आधार पर ही मनाने की अपील किया. उन्होंने कहा कि चैत्र रामनवमी भगवान श्री राम की जयंती के उपलक्ष्य में मनाए जाते है. जो सभी सनातनियो के आदर्श है. उन्हे हम सभी मयार्दा पुरुषोत्तम के नाम से जानते है. हम सबों को मर्यादित तरीको से रामनवमी मनाने का संकल्प लेने की आश्यकता है. भगवान राम त्याग और तप के प्रतीक है. हम सबों को भी उनके बताए मार्गो का अनुसरण कर आत्मसात करने की आवश्यकता है. अंत में बैठक में उपस्थित सभी सात अखाड़े के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं को लाठी व अंग वस्त्र भेंट करते हुए रामनवमी की शुभकानाए दी।

---

**नि-क्षय दिवस पर टीबी व कुष्ठ रोग की हुई स्क्रीनिंग**

# सरकारी अस्पतालों में होता है मुफ्त ईलाज : डॉ ज्ञानी



**♦ आंगनबाड़ी केंद्र बाराटांड़ में कुष्ठ व टीबी रोग के लिए जांच शिविर का आयोजन किया. जिसमें 69 टीबी, 48 कुष्ठ व करीब 70 लोगों का शुगर जांच किया गया**

**नवीन मेल संवाददाता। बरही**
नि-क्षय दिवस पर अनुमंडलीय अस्पताल ने आंगनबाड़ी केंद्र बाराटांड़ में कुष्ठ व टीबी रोग के लिए जांच शिविर का आयोजन किया. जिसमें 69 टीबी, 48 कुष्ठ व करीब 70 लोगों का शुगर जांच किया गया. जिसमें टीबी या कुष्ठ के एक भी मरीज नहीं मिले. शिविर में डीएस डॉ प्रकाश ज्ञानी स्वयं मौजूद रहे. उन्होंने उपस्थित लोगो को टीबी व कुष्ठ के लक्षणों की जानकारी दिया. साथ ही इससे संबंधित इलाज के सरकारी अस्पताल से संपर्क करने की बात कही. उन्होंने कहा कि यह कोई छुआछूत या लाईलाज रोग नहीं है. इसके लिए सरकारी अस्पतालों में मुफ्त दवाईयां मिलते है. जिसे खाकर मरीज पूरी तरह स्वस्थ्य हो रहे हैं. उन्होंने बताया कि तीन माह से लगातार खांसी, छाती में दर्द, वजन का घटना, भूख में कमी, बलगम के साथ खून आना, शाम के वक्त बुखार आना आदि टीबी और शरीर पर गायब नहीं होने वाले चकत्ते के निशान, बढ़ी हुई नसें, सुन्नपन, मांसपेशियों की कमजोरी व विकृति आदि कुष्ठ के प्रमुख लक्षण हैं. इस प्रकार के लक्षण पाए जाने पर अस्पताल से तुरंत संपर्क करे. शिविर में बिजेंद्र कुमार सहित अनुमंडलीय अस्पताल के एएनएम इत्यादि मौजूद थे.

---

### भाजपा के चुनावी कार्यालय का हुआ उद्घाटन

**हजारीबाग ।** झंझरिया पुल स्थित भाजपा का विधानसभा क्षेत्रीय बीजेपी कार्यालय का उद्घाटन किया गया। यह उद्घाटन भाजपा विधायक सह लोकसभा उम्मीदवार मनीष जायसवाल और भाजपा नेता प्रदीप प्रसाद के द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। वही कार्यालय उद्घाटन कार्यक्रम में आजसू सुप्रीमो सुदेश महतो भी शामिल हुए। कार्यालय उद्घाटन को लेकर बीजेपी उम्मीदवार मनीष जायसवाल ने बताया कि मैं एक नेता नहीं बल्कि जन सेवक के रूप में पिछले 10 वर्षो से जनता के बीच रहा हूं और भाजपा ने फिर हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के लिए मौका दिया है तो मैं जनता के बीच जन सेवक के रूप में ही कार्य करूंगा। आगे उन्होंने कहा कि भाजपा ने लोकसभा चुनाव के लिए भरोसा जताया है। जिस पर हम सभी कार्यकताओं को खरा उतरना पड़ेगा। साथ ही उन्होंने कहा है कि हमें ओवर कॉन्फिडेंस नहीं बल्कि जमीनी स्तर पर मतदाताओं से मिलने की जरूरत है।

---

## न्यूज बॉक्स

### प्रोजेक्ट जीएचएस बरकट्ठा में लोकसभा चुनाव को लेकर निकाली गई प्रभात फेरी



**बरकट्ठा।** परियोजना बालिका उच्च विद्यालय बरकट्ठा में प्रभात फेरी शनिवार को निकाली गई। प्रभात फेरी लोकसभा चुनाव को लेकर निकाली गई ।इस अवसर पर शिक्षक और छात्राएं उपस्थित थी। इस दौरान छात्राओं ने मतदाता सबंधित स्लोगन लेकर लोगों को मतदान के प्रति जागरूक करने का प्रयास किया ।वहीं रैली के माध्यम से लोकसभा चुनाव में घरों से बाहर आकर वोट डालने की अपील की गई। प्रभात फेरी में प्रधानाध्यापक अभिषेक कुमार, सहायक शिक्षक योगेंद्र राम, कीर्ति शिखा कुमारी, विपिन कुमार मौर्य, आरिफ खान, ज्योति श्री, शशिकांत कुमार बर्णवाल, आईसीटी इंस्ट्रक्टर जयप्रकाश प्रसाद, चितरंजन प्रसाद, बैद्यनाथ प्रसाद समेत सैकड़ो छात्रा उपस्थित थी।

### स्व. लखनलाल तिवारी को दी गई भावभीनी श्रद्धांजलि



**हजारीबाग।** कान्यकुब्ज ज्योतिषी ब्राह्मण महासमिति झारखंड प्रदेश की कमिटी ने शनिवार को श्रद्धांजलि सभा आयोजित कर दिवंगत लखनलाल तिवारी को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित कर दिवंगत लखनलाल तिवारी के विचारों को जीवन में उतारने का संकल्प लिया। इस दौरान लखन लाल तिवारी अमर रहे के नारों से वातावरण गूंज उठा। दिवंगत आत्मा की शांति सद्गति एवं मोक्ष की प्राप्ति के लिए एक मिनट का मौन रखकर पुष्पांजलि अर्पित किया गया ।उनके चारों पुत्रों सुरेश तिवारी,द्वारिका नाथ तिवारी, जय प्रकाश तिवारी, वेद प्रकाश तिवारी, क्षेत्रीय कमिटी के अध्यक्ष और अनुज मथुरा तिवारी ने दीप प्रज्वलित किया ।समधी बलदेव पांडेय ने वैदिक एवं कुल परंपरा के अनुसार द्वादाशा कार्य संपन्न कराया। इस अवसर पर कान्यकुब्ज ज्योतिषी ब्राह्मण महासमिति झारखंड के अध्यक्ष केदार नाथ पंडा,महामंत्री सुरेश पांडेय,सलाहकार समिति के सदस्य रामचंद्र पांडेय सहित परिवार के अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

### जीरो ड्रॉप आउट पंचायत विषय पर निकली प्रभात फेरी




**हजारीबाग।** कटकमदाग पंचायत में पिरामल फाउंडेशन द्वारा उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कटकमदाग के सहयोग से प्रभात फेरी का आयोजन किया गया। जिसका लक्ष्य जीरो ड्रॉप आउट पंचायत कार्यक्रम के प्रति क्षेत्र में जागरूकता फैलाना रहा। प्रभात फेरी में विद्यालय के बच्चो ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया तथा क्षेत्र में जीरो ड्रॉप आउट कार्यक्रम से संबंधित बिंदुओं पर जागरूकता फैलाने का कार्य किया। प्रभात फेरी में पिरामल फाउंडेशन की ओर से गर्व चौधरी उपस्थित रहे। प्रभात फेरी का संचालन विद्यालय प्रभारी शिक्षक वासिफ एहसान के द्वारा किया गया।

### राज्य में लोजपा रामविलास का एनडीए में होने को लेकर संशय



**हजारीबाग।** लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के जिला अध्यक्ष दिलीप पासवान ने एक बयान जारी करते हुए कहा है कि लगता है झारखंड में लोक जनशक्ति पार्टी एनडीए का हिस्सा नहीं है,क्योंकि गठबंधन धर्म का पालन नहीं हो रहा है। प्रदेश स्तर के नेता के साथ किसी भी तरह का कोई बैठक नहीं हुआ है ।कहा कि हमारे जिला,प्रखंड एवं पंचायत स्तर के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता भ्रमित है,अगर उनको लग रहा है कि हमें सहयोगी दल की कोई आवश्यकता नहीं है तो 2019 विधानसभा के चुनाव के नतीजों को याद कर ले,क्योंकि हमारे राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान को चाहने वाले पूरे हिंदुस्तान के साथ-साथ झारखंड में भी हैं ।उन्होंने कहा कि मैं झारखंड के प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र प्रधान एवं लोक जनशक्ति पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान से मांग करता हूं कि इस मामले में हम लोगों का मार्गदर्शन करें ।हमारे कार्यकर्ता पदाधिकारी एवं लोग जनशक्ति पार्टी में आस्था रखने वाले आक्रोशित हैं। वे कोई भी फैसला लेने के लिए स्वतंत्र हैं।

### प्रभु श्री रामचंद्र का जन्मोत्सव भक्तिमय वातावरण में मनायें : पूर्व अध्यक्ष



**हजारीबाग।** बड़ा अखाड़ा के प्रांगण में रामनवमी महासमिति के पूर्व अध्यक्षों व शहर के गणमान्य लोगों की एक बैठक शनिवार को आयोजित की गयी। अध्यक्षता रामनवमी महासमिति के पूर्व अध्यक्ष राजकुमार यादव व संचालन मंजीत यादव ने किया। बैठक में का सुप्रसिद्ध रामनवमी की परंपरा को अछुन्न रखते हुए इसमें नए बदलाव के समावेश पर चर्चा की गई। साथ ही साथ रामनवमी महासमिति की गरिमा को भी बरकरार रखने पर विचार किया गया। बैठक में सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि महासमिति के पूर्व अध्यक्षों एवं गणमान्य लोगों को मिलाकर एक समिति का निर्माण किया गया जिसका नाम श्री श्री चैत्र रामनवमी महावीर झंडा संरक्षक सह समन्वय सेवा समिति रखा गया। इसके पदेन अध्यक्ष बड़ा अखाड़ा के महंत होंगे एवं सभी पूर्व अध्यक्ष और प्रबुद्ध जन कार्यकारिणी सदस्य होंगे। बैठक के बाद रामनवमी महासमिति के वर्तमान अध्यक्ष जीतू यादव को मीत यादव के द्वारा माला पहनाकर तलवार, लाठी, गमछा, महावीरी ध्वज व हनुमान चालीसा भेंटकर उनका अभिनंदन किया गया। मौके पर मीत यादव ने कहा कि जीतू यादव इस वर्ष की रामनवमी महासमिति के अध्यक्ष हैं अतः हम सभी इनके साथ कंधे से कंधा मिलाकर रामनवमी को सफल बनायेंगे। वहीं पूर्व अध्यक्ष मंजीत यादव ने शांति और सौहार्दपूर्ण माहौल में रामनवमी मनाने की अपील करते हुए कहा कि मर्यादा पुरुषोत्तम प्रभु श्रीरामचंद्र जी का जन्मोत्सव भयमुक्त व नशामुक्त होकर भक्तिमय वातावरण में मनायें।

## एक नजर

### हजारीबाग लोक सभा से झापा प्रत्याशी ने किया प्रेस वार्ता

**टाटीझरिया ।** झारखंड पार्टी से हजारीबाग लोकसभा प्रत्यासी राज कुमार उर्फ बब्लू कुशवाहा ने 13 अप्रैल शनिवार को रौनक राज श्री प्रधान होटल टाटीझरिया परिसर में प्रेस वार्ता कर पार्टी के बारे में बताया कि झारखंड पार्टी हमारे राज्य में 14 लोकसभा सीट पर चुनाव लड़ेंगी। जो छः लोक सभा सीट का चयन हो चुका है जिसमें हजारीबाग लोक सभा सीट से मुझे प्रत्यासी के रूप में प्रतिनियुक्त किया गया है।हम एक क्षेत्रीय उम्मीदवार है मैं जनता के बीच समाज सेवी बनकर कार्य करते आ रहा हूं।इसके पूर्व मेरी पत्नी दारू प्रखंड से जिला परिषद सदस्या उमा देवी थी जो दारू प्रखंड के क्षेत्र की जनता ने पूर्ण बहुमत से अपनी बहुमूल्य मतदान कर जिताया था। जो की हमने क्षेत्र वासियों के सामाजिक हित कई कार्य किया हूं जिसका साक्ष्य स्वयं क्षेत्रीय जनता है। अब मुझे सेवक के रूप में कार्य करने के लिए झा.पा. पार्टी के अध्यक्ष एनोस एक्का ने अपनी पार्टी के ओर से लोकसभा प्रत्यासी के रूप में दायित्व सौंपी है।

### पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय में प्रेरणा अनुभव पर शिक्षा कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**कोलेबिरा।** पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय में शनिवार को 'प्रेरणाः अनुभव पर आधारित शिक्षा कार्यक्रम' के अंतर्गत जिला स्तरीय निबंध लेखन प्रतियोगिता, कविता पाठ प्रतियोगिता, पेंटिंग प्रतियोगिता और गायन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में सिमडेगा जिले के कुल पाँच विद्यालयों जेएनवी कोलेबिरा, केंद्रीय विद्यालय सिमडेगा, डीएवी सिमडेगा, एस. एस. +2 एचएस बानो, यूपीजी हाई स्कूल सरंगापानी के 10 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम की शुरूआत प्राचार्य प्रशांत कुमार ने दीप प्रज्वलित कर की। उन्होंने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य जिले के प्रतिभागियों को प्रेरणादायक अनुभव प्रदान करना है, ताकि उनमें नेतृत्व का गुण विकसित हो सके। यह कार्यक्रम राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के उद्देश्यों को पूरा करने में मील का पत्थर साबित होगा।

### भाजपा कोडरमा विधानसभा कोर कमेटी की बैठक संपन्न

**कोडरमा।** भाजपा कोडरमा विधानसभा कोर कमेटी की बैठक शनिवार को रॉयल सेलिब्रेशन झुमरी तिलैया में हुई। बतौर मुख्य अतिथि झारखंड प्रदेश के प्रभारी लक्ष्मीकांत वाजपेई ने कहा कि मंडल प्रभारी का दायित्व चुनाव के समय अपने मंडल में बूथ अध्यक्षों के साथ बैठक कर पन्ना प्रमुख को दायित्व दें कि वह अपने पन्ना के वोटर 10-12 घरों से आएंगे। उन घरों में जाकर संपर्क करें। केन्द्रीय मंत्री सह उम्मीदवार अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि कार्यकर्ता लाभार्थियों के घरों में जाकर जन-जन से संपर्क करें और उन्हें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का पत्रक दें और मोदी जी का प्रणाम का संदेश को पहुंचाएं। देश के विकास के बारे में बताएं। विधायक डॉ नीरा यादव ने कहा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने चौमुखी विकास किया है।

लोकसभा चुनाव की तैयारी को लेकर उपायुक्त व पुलिस अधीक्षक ने की समीक्षा

# 15 अप्रैल तक लोगों को मतदाता सूची में नाम जोड़ने का निर्देश दिया

**वोटर इन्फॉर्मेशन स्लिप वितरण के दौरान एडीस मतदाताओं का भी मार्किंग करने की बात कहीं**



**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा** उपायुक्त सिमडेगा अजय कुमार सिंह एवं पुलिस अधीक्षक सौरभ की संयुक्त अध्यक्षता में कोलेबिरा प्रखंड सभागार में प्रखंड पदाधिकारियों, बीएलओ एवं बीएलओ सुपरवाइजर संग लोकसभा आम निर्वाचन 2024 की तैयारियों से संबंधित बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में उपायुक्त ने प्रखंड के टीम द्वारा अब तक लोकसभा आम निर्वाचन 2024 की तैयारियों की समीक्षा किया। उपायुक्त ने आचार संहिता उल्लंघन एवं किसी प्रकार की प्रलोभन देने से संबंधित शिकायत दर्ज करने के लिए वोटर हेल्पलाइन नंबर 1950, सि विजिल, जिला नियंत्रण का 100 नंबर की जानकारी दी। जिला निर्वाचन पदाधिकारी -सह- उपायुक्त ने फार्म -6 से संबंधित कार्यों की समीक्षा करते हुए 15 अप्रैल 2024 तक छुटे हुए लोगों को यथाशीघ्र मतदाता सूची में नाम जोड़ने का निर्देश दिया। उन्होंने मतदान के पूर्व वोटर इन्फॉर्मेशन स्लिप का वितरण प्रत्येक मतदाता के डोर टू डोर जाकर वितरण से निश्चित करने का निर्देश दिया। वोटर इन्फॉर्मेशन स्लिप वितरण के दौरान एडीस मतदाताओं का भी मार्किंग करने की बात कहीं। साथ ही उन्होंने सभी बीएलओ से कहा कि अगर कोई मतदाता का नाम मतदाता सूची में अंकित है परंतु एपिक कार्ड नहीं है वह भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित 12 प्रकार की पहचान पत्र में से कोई भी एक पहचान कार्ड के साथ वोटिंग कर सकता है इसकी जानकारी भी देने का निर्देश दिया। इसके अलावा उन्होंने बीएलओ के माध्यम से मतदान के दिन मतदान केंद्र पर सुनिश्चित की जाने वाली व्यवस्थाओं से संबंधित बिंदुओं की जानकारी दी उपायुक्त ने प्रखंड के सभी मतदान केन्द्र एवं क्लस्टर्स पर आवश्यक मूलभूत सुविधाओं की बहाल से संबंधित कार्यों की समीक्षा।

# विवेकानंद शिशु मंदिर में मनाया गया भीमराव अंबेडकर जयंती



**नवीन मेल संवाददाता। कोलेबिरा** विवेकानन्द शिशु/ विद्या मन्दिर लचरागढ़ में शनिवार को डॉ भीम राव अम्बेडकर जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। सर्व प्रथम विद्यालय के प्रधानाचार्य राजेन्द्र साहु ने डॉ अम्बेडकर के तस्वीर पर माल्यार्पण पुष्पर्चान एवम दीप प्रज्ज्वलन कर शुभारम्भ किया। इस अवसर पर छात्र चन्द्रकांत राम,बहन निशा बड़ाईक, बहन शिखा कुमारी, बहन संध्या कुमारी ने अम्बेडकर की जीवनी पर प्रकाश डाला। आचार्य सुदर्शन कुमार ने भी अम्बेडकर की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए प्रेरणा दायी बातों का उल्लेख किया। मंच संचालन सुदर्शन कुमार ने किया। तथा धन्यवाद ज्ञापन करते हुए प्रधानाचार्य राजेन्द्र साहु ने कहा की हमें अम्बेडकर द्वारा बताए मार्ग पर चलते हुए संविधान का सम्मान करना है। इस अवसर पर प्रमोद पाणिग्रही, अर्जुन महतो, जगेश्वर सिंह, गणेश सिंह,विमल टेटे, लक्ष्मी देवी, विमला देवी,दशरथि कुमारी, शकुंतला कुमारी, दीक्षित कुमारी, यमुना कुमारी, प्रगति कुमारी, वसंती बड़ाईक, सुनीति कुमारी, रेखा सिंह उपस्थित थे।

## न्यूज बॉक्स

### जंगली हाथी के द्वारा पांच घरों को किया ध्वस्त

**बानो।** बानो में शुक्रवार देर रात जंगली हाथी ने पांच घरों को क्षतिग्रस्त कर दिया। मिली जानकारी के अनुसार जंगली हाथी शुक्रवार रात्रि साहुबेडा पंचायत के ग्राम सडीबा में गांगी देवी, लोधी देवी अग्नी सिंह, चमरू नायक के घर को एक एक कर भोजन की तलाश में क्षतिग्रस्त कर घर में रखें घर में रखे चावल को खा गया।ग्रामीणों द्वारा खदेड़े जाने पर ग्राम हुरपी पहुंचा। हुरपी में फिलिप लोमगा के छत को उजाड़ कर घर मे रखे खाद्य पदार्थ को खा गया तथा अन्य सामानों को बर्बाद कर दिया। जानकारी मिलने साउबेडा मुखिया सुसाना जड़िया ने सडीबा पहुंच कर छती मुवायना कर वन विभाग बानो को सूचना दिया ।जानकारी मिलने पर वन विभाग बानो के लखिन्द्र सिंह ने दोनों गांव जा कर गांव में हुए क्षति का जानकारी ली।

### बोलबा प्रखंड मुख्यालय में पागल कुत्ता ने दो लोगों को काटकर किया घायल



**बोलबा।** बोलबा प्रखण्ड मुख्यालय में पागल कुत्ता ने दो लोगो को काटकर किया घायल, इलाज के लिए लाया गया बोलबा अस्पताल। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार बोलबा प्रखण्ड मुख्यालय स्थित बाजार टांड़ के आस-पास एक पागल कुत्ता घूम रहा है और दौड़ा-दौड़ाकर काट रहा है। इस दौरान बोलबा बाजार में रमेश जायसवाल जो अपना ठेले पर दुकान लगाया था । उसे पागल कुत्ता ने काटकर बुरी तरह से घायल कर दिया । वही ब्रिसुयूस तिर्की किलेसेरा का रहनेवाला ने कुछ काम से बोलबा आया था । उसे भी काटकर घायल कर दिया । दोनों घायल ब्यक्ति को इलाज के लिए बोलबा अस्पताल लाया गया। जहां डॉ. देबातोष भुटिया की देखरेख में ईलाज चल रहा है। इस मौके पर पागल कुत्ता से सावधान रहने की बात कही गई है।

### कोलेबिरा के पुतरीटोली में धूमधाम के साथ निकाली गयी कलश यात्रा



**कोलेबिरा।** प्रखंड अंतर्गत पुतरीटोली में हनुमान मंदिर प्राण प्रतिष्ठा को लेकर शनिवार को भव्य कलश यात्रा निकाला गया। कलश यात्रा में सैकड़ों महिलाओं के साथ साथ ग्रामीण भी भाग लिए। मंदिर प्राण प्रतिष्ठा को लेकर मंदिर परिसर से अघरमा के समीप नदी से विधिविधान एवं मंत्रोच्चारण के साथ कलश में जल भर कर पुनः पुतरीटोली हनुमान मंदिर पहुँचा गया। हनुमान मंदिर प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम 13 अप्रैल से 15 अप्रैल तक तीन दिवसीय धार्मिक अनुष्ठान होने वाला है। जिसमे 13 अप्रैल को कलश यात्रा 14 अप्रैल को अखंड हरि कीर्तन प्रारंभ एवं 15 अप्रैल को प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का पूणार्हुति के साथ भंडारे का भी आयोजन किया जाएगा। इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए पूजा समिति के अध्यक्ष देवेंद्र साहू, संरक्षक देवलाल प्रसाद, सचिव सुरेंद्र लोहरा, कोषाध्यक प्रकाश साहू, व्यथापक अनुज साहू, उपाध्यक्ष रूपनारायण सिंह, उपसचिव महेश प्रसाद, मिडियाप्रभारी मनीष कुमार की अहम भूमिका है, मौके पर जिला परिषद अध्यक्ष रोज प्रतिमा सोरेंगे, कोलेबिरा प्रखंड प्रमुख दुतामि हेमरोम, उप प्रमुख सुनीता देवी, अघरमा मुखिया अंजु रीना मिंज, अरुण साहू के अलावा सैकड़ो लोग उपस्थित रहे।

### उपायुक्त सिमडेगा की अध्यक्षता में मोबाइल टावर कम्युनिकेशन से संबंधित हुई बैठक



**सिमडेगा।** उपायुक्त अजय कुमार सिंह एवं पुलिस अधीक्षक सौरभ की अध्यक्षता में मोबाइल टावर कम्युनिकेशन से संबंधित बैठक का आयोजन किया गया।लोकसभा आम चुनाव 2024 को लेकर जिला प्रशासन तैयारी में लगा है। इसी के तहत मतदान केन्द्र पर संचार व्यवस्था पुख्ता तरीके से लागू हो इसकी समीक्षा की गई। उपायुक्त ने दूरसंचार सेवा उपलब्ध कराने वाली कंपनी के अधिकारियों के साथ बैठक की। इसमें बीएसएनएल, एयरटेल, रिलायंस, जिओ सर्विसेज सहित अन्य कंपनियों के अधिकारी शामिल हुए। निर्देश दिया गया के वैसे शैडो जोन जहां दूससंचार की सुविधा उपलब्ध नहीं है। उसे चिन्हित कर वहां नेटवर्क बहाल करने के लिए कदम उठाएं। उन्होंने ने कहा कि लोकसभा आम चुनाव 2024 कोई स्वतंत्र एवं निष्पक्ष संपन्न करना है। सिमडेगा जिला के कई सारे बूथ क्षेत्र में अभी भी नेटवर्क की समस्या है। शैडो जोन वाले बूथों पर पहुंचे और नेटवर्क बहाल करने की पहल करें जिस की चुनाव के दौरान सूचनाओं का आदान-प्रदान किया जा सके।मौके पर अपर समाहर्ता ज्ञानेंद्र, अनुमंडल पदाधिकारी सुमन तिर्की, ई.डी.एम. चंद्रशेखर कुमार सहित अन्य उपस्थित थे।

### जंगली हाथिय ने कई घरों को बनाया निशाना लोग जी रहे हैं दहशत में



**ठेठईटांगर।** ठेठईटंगर एवं बांसजोर प्रखंड अंतर्गत शुक्रवार देर रात जंगली हाथियों का आतंक देखने को मिला जहां बांसजोर प्रखंड अंतर्गत तरगा पंचायत के कूलामारा में एक जंगली हाथी ने दो घर को ध्वस्त किया। जिसके बाद रात 3 बजे लगभग केरेया पंचायत के चकोड़बेड़ा निवासी जवांती बागे एवं सैलानी बागे के घर पर जंगली ने घर को ध्वस्त कर, घर में रखे धान, अनाज को चट कर और अन्य सामानों को बर्बाद करते हुए चलता बना। फिर केरिया के मुंडराटोली निवासी कर्मी डांग के घर को दूसरी बार ध्वस्त करते हुए एक बोरी धान लेकर चलता बना। हाथियों के आतंक से लोग दहशत में जी रहे हैं। सूचना मिलते राजेश टोप्पो की अगुवाई में केरिया पंचायत उपमुखिया संजय समद और वार्ड पार्षद विक्सल लुगुन ने पीड़ित से मिलने पहुंच कर तत्काल सहायता हेतु चावल बांटे और वन विभाग को सूचना देते हुए जल्द आवेदन जमा करने को कहा वहीं दूरभाष से वन विभाग को कहा कि जल्द मुआवजा राशि दिलाएं ताकि पीड़ित अपना आशियाना की मरम्मत कर सके । जंगली हाथी के होने की खबर पूरे क्षेत्र में फैल गई और लोग पटाखे फोड़ते हुए हरकत में आए।बाद में ग्रामीणों द्वारा एक जंगली हाथी को खदेड़ते हुए हाथियों का पसंदीदा जगह पावर ग्रिड जंगल पहुंचाया जंगली हाथी पतराटोली पेट्रोल पंप के बगल में डेरा डाले हुए हैं।

### बाबा साहेब कि जयंती पर शोभा यात्रा का आयोजन आज

**रामगढ़।** अनुसूचित जाति उत्थान परिषद तैयारी समिति द्वारा शनिवार को बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में तैयारी समिति के सदस्यों ने बताया कि 14 अप्रैल को विश्व रतन, संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की जयंती रामगढ़ जिला में अनुसूचित जाति उत्थान परिषद के बैनर तले धूमधाम से मनाई जाएगी। तैयारी समिति के सदस्यों ने बताया कि 14 अप्रैल को बाबा साहेब की प्रतिमा के साथ शहर में विशाल शोभा यात्रा का आयोजन किया जाएगा। बताया कि शोभा यात्रा रामगढ़ जिला मैदान से आरंभ होकर चट्टी बाजार ,झंडा चौक, थाना चौक होते हुए अंबेडकर पार्क पहुंचकर सभा में तब्दील हो जाएगी। उसके बाद अंबेडकर पार्क में अतिथियों द्वारा बाबा साहेब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा के समक्ष दीया जलाकर एवं माल्यार्पण किया जाएगा। इसके उपरांत लोगों के बीच प्रसाद वितरण किया जाएगा।

# 2 वर्ष से बंद पड़े क्रशर में खड़े पोकलेन पर लगाई गई आग



**नवीन मेल संवाददाता। कोलेबिरा** थाना क्षेत्र अंतर्गत पंचायत बरसलोया के सिजांग स्थित 2 वर्ष से बंद पड़े क्रेशर में खड़े पोकलेन पर आग लगी की घटना को अंजाम दिया गया है। आग की लपटों को देखकर ग्रामीण दौड़ते हुए पोकलेन के पास पहुंचे और ग्रामीणों के सहयोग से पानी डालकर आग को काबू में किया। घटना की सूचना कोलेबिरा थाना और जिले के पुलिस अधीक्षक सौरव कुमार को दी गई, सूचना उपरांत ही सिमडेगा एसपी सौरभ कुमार, एसडीपीओ पवन कुमार व थाना प्रभारी कोलेबिरा राजदीप कुमार दलबल के साथ पहुंचे। वहीं घटना स्थल पर सिमडेगा एसपी सौरभ कुमार एवं एसडीपीओ पवन कुमार घटना स्थल पर पहुंच कर मामले की छान बीन में जुट गई। वहीं पुलिस अधीक्षक सौरभ कुमार ने कहा कि कोलेबिरा थाना क्षेत्र के अंतर्गत बरसलोया पंचायत के सीजांग में एक क्रेशर जो काफी दिनों से बंद पड़ी थी उसमें एक पोकलेन पर आग लगी हुई थी जिसकी हमें सूचना प्राप्त हुई, सूचना के आलोक में घटना स्थल पर पहुंचकर मामले की छानबीन के लिए पहुंचे, यहां से कोई भी पर्चा और या ऐसा कोई मेटरीयल प्राप्त नहीं हुआ है जिससे स्पष्ट रूप से कह सकें कि यह आग लगी है या लगाई गई है जब तक इन तथ्यों पर हम लोग नहीं पहुंचते हैं कुछ कहा नहीं जा सकता। जांच के लिए एफएसएल की टीम को भी बुलाई गई है, जिससे कि यहां हर कड़ी को हम इकट्ठा कर सकें और नतीजे पर पहुंच सकें कि यह आग लगी है या लगाई गई है जिन्होंने भी आग लगी की घटना को कार्यरत किया है उनको पकड़ने के पश्चात आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

### बीजेपी के खूंटी लोकसभा प्रभारी ने ईसाई और मुस्लिम से की सहयोग की अपील

**सिमडेगा।** बीजेपी के खूंटी लोकसभा प्रभारी रविंद्र राय ने शनिवार को सिमडेगा में प्रेसवार्ता के माध्यम से खूंटी लोकसभा क्षेत्र के ईसाई और मुस्लिम समुदाय से बीजेपी को सहयोग देने की अपील की। सिमडेगा बीजेपी कार्यालय में प्रेस को संबोधित करते हुए कोडरमा के पूर्व सांसद रविंद्र राय ने कहा कि वर्ष 2014 में जब नरेंद्र मोदी की सरकार बनी तो, उस वक्त देश हताश और निराश था। यहां के युवाओं को यह समझ में नहीं आ रहा था, कि कैसे देश का विकास होगा, कैसे युवाओं का भविष्य बेहतर होगा। लेकिन एक कुशल नेतृत्व के साथ 10 साल के बीजेपी सरकार की कड़ी मेहनत का नतीजा रहा कि आज देश विकासशील देशों की श्रेणी में आने लगा है और यहां के युवाओं को एक सुनहरे भविष्य नजर आने लगी है। उन्होंने कहा भाजपा एक विकसित भारत का सपना लेकर एक दृढ़ संकल्प के साथ इस बार लोकसभा चुनाव में आ गई है। भाजपा देश को विकसित बनाने के लिए एक बार फिर से जनता से सहयोग की अपील कर रही है।

## अवैध बालू लदा हुआ ट्रैक्टर किया गया जब्त,सिमडेगा थाना में मामला दर्ज



**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा** सिमडेगा सदर थाना की पुलिस एवं खनन विभाग के द्वारा संयुक्त रूप से कार्रवाई करते हुए अवैध बालू लदा हुआ दो ट्रैक्टर को शनिवार को गरजा नदी के पास जप्त करते हुए सिमडेगा थाना लाया गया। जिला खनन पदाधिकारी महेंद्र प्रसाद के लिखित शिकायत के बाद दोनों ट्रैक्टर के विरुद्ध अवैध खनन का सदर थाना में मामला दर्ज किया गया। जानकारी देते हुए खनन निरीक्षक ने बताया कि गुप्त सूचना प्राप्त हुई थी कि लगातार धड़ल्ले से शंख नदी से बालू का उठाव जारी है ,जिस पर छापेमारी की गई। इस दौरान दो ट्रैक्टर को जप्त किया गया ।वहीं उन्होंने बताया कि लगातार क्षेत्र में छापेमारी अभियान जारी है और आगे भी कार्रवाई की जाएगी।

लहू अपना दे दूं चमन के लिए मेरी जान जाए वतन के लिए...

# ईद के उपलक्ष्य में कव्वाली के कार्यक्रम में खूब झूमे लोग



**इस कार्यक्रम में विधायक भूषण बाड़ा, कोलेबिरा विधायक नमन बिक्सल कोनगाड़ी, झामुमो जिला सचिव मो शफीक खान आदि उपस्थित थे**

**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा** शहर के भट्टीटोली में ईद के उपलक्ष्य में कव्वाली कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आयोजित कार्यक्रम में अतिथि के रूप में सिमडेगा विधायक भूषण बाड़ा, कोलेबिरा विधायक नमन बिक्सल कोनगाड़ी ,झामुमो जिला सचिव मो शफीक खान, मजदूर यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमार सिंह उपस्थित थे। अतिथियों का स्वागत आयोजन समिति द्वारा बुके देकर किया गया. कार्यक्रम के दौरान कव्वाल कौसर जानी ने एक से बढ़ कर एक कव्वाली पेश कर उपस्थित लोगों का खूब मनोरंजन किया । उन्होंने कव्वाली कार्यक्रम की शुरूआत अल्लाह का हम्द पेश कर किया। इसके बाद उन्होंने अन्य कव्वाली प्रस्तुत कर लोगों को झूमने पर मजबूर कर दिया। उन्होंने जैसे ही लहू अपना दे दूं चमन के लिये , मेरी जान जाए वतन के लिये प्रस्तुत किया लोग झूमने पर विवश हो गये। इसके अलावा भरदे झोली मेरी या मुहम्मद, लौट कर मै ना जाउंगा खाली, दमादम मस्त कलंदर आदि कव्वाली पेश किया. जिसे उपस्थित लोगों ने खूब सराहा। कार्यक्रम में मुख्य रूप से कांग्रेस जिला अध्यक्ष डेविड तिर्की, शशि गुड़िया, विधायक प्रतिनिधि मो समी आलम, मो शाकिर, मो समीउल्लाह, मुतुर्जा हुसैन के अलावा काफी संख्या में लोग उपस्थित थे.

हर भक्तों की मनोकामनाएं पूर्ण करती है मां वनदुर्गे

# प्राचीन काल से वनों के बीच अवस्थित है मां वनदुर्गे



**जंगलों में घूम-घूमकर पाषाणों पर अच्छत, चंदन, सिन्दूर लगाकर मां की आराधना किया करते थे**

**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा** बोलबा प्रखण्ड अन्तर्गत मालसाडा गांव में मां वनदुर्गे शक्तिपीठ के रुप में विराजित भक्तों को दर्शन दे रही है। यहाँ सच्चे मन व श्रद्धा से मांगी गई हर मन्नते मां वनदुर्गे पूर्ण करती है ,वनदुर्गा स्थल में ऊंचे - ऊंचे घने सखुए के पेड़ एवं चारो ओर जंगल व पहाड़ों से घिरे प्रकृतिक सौन्दर्य को विखेरते हुए अत्यंत ही रमणीक स्थल के रूप में विख्यात है।

**मां वनदुर्गा का इतिहास :** सन 1806 ई0 में मालसाडा गांव के महादान टोंगरी में घने सखुए पेड़ों के बीच एक सखुए पेड़ के खोड़हर में मां वनदुर्गे की मूर्ति को गाँव वालों ने देखा था। कुछ दिनों बाद मूर्ति वहां से विलुप्त हो गई बताया जाता है कि गांव के विश्वनाथ सिंह पाहन को स्वपन मिला कि मूर्ति सरना स्थल के एक सखुए पेड़ के खोड़हर में मूर्ति विराजित है। पाहन ने गांव के कुछ बुजुर्ग लोगों के पास रात में देखी गई स्वपन पर चर्चा किया, लोगों ने सरना स्थल जाकर देखने का निश्चय किया। जब वहां जाकर देखा तो सचमुच ही एक पाषाण मूर्ति मौजूद थी। मूर्ति मिलने की सूचना टैसेर के राजा जगतपाल सिंह को दिया गया। राजा जगतपाल सिंह, लालू नारायण सिंह एवं उनके परिवार के लोग मां दुर्गा के अनन्य भक्त थे। जंगलों में घूम-घूमकर पाषाणों पर अच्छत, चंदन, सिन्दूर लगाकर मां की आराधना किया करते थे। पाहन द्वारा मूर्ति मिलने की सूचना दिए जाने पर पुलकित होकर स्वयं उस स्थान पर जाकर देखा तो वहां एक नील रंग के पाषाण की मूर्ति विराजित थी।

### अंबेडकर जयंती को सामाजिक समरसता दिवस के रूप में मनाएगी विश्व हिंदू परिषद

**सिमडेगा।** विश्व हिंदू परिषद सिमडेगा द्वारा पूरे जिले भर में 9 अप्रैल से 23 अप्रैल तक रामोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है, जिसके तहत जिले के सभी 94 पंचायत में अलग-अलग प्रकार के कार्यक्रम आयोजित की जा रही है। इसी के नियमित 14 अप्रैल को भीमराव अंबेडकर जयंती के मौके पर विश्व हिंदू परिषद द्वारा जिले भर में सामाजिक समरसता दिवस का आयोजन की जाएगी ,जहां पर बाबा साहब भीमराव अंबेडकर को श्रद्धा सुमन अर्पित की जाएगी ,जानकारी देते हुए विश्व हिंदू परिषद जिला अध्यक्ष कौशल राज सिंह देव ने बताया कि बाबा साहब भीमराव अंबेडकर समाज में उच्च नीच छुआछूत एवं सभी प्रकार के भेदभाव से समाज को बाहर निकाल कर सभी लोगों को सामाजिक समरसता में जोड़ने का कार्य किया था और ऐसे में ऐसे महान विचारधारा के पुरुष के जयंती के मौके पर विश्व हिंदू परिषद द्वारा कार्यक्रम आयोजित की जा रही है ।

## लोकसभा चुनाव को लेकर मीडिया कोषांग में प्रतिनियुक्त कर्मियों को दिया गया प्रशिक्षण



**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा** लोक सभा निर्वाचन 2024 को लेकर गठित मीडिया प्रमाणन व निगरानी कोषांग सिमडेगा में प्रतिनियुक्त कर्मियों के साथ वरीय पदाधिकारी सह जिला जनसंपर्क पदाधिकारी मीडिया कोषांग पलटू महतो ने बैठक की।बैठक में प्रतिनियुक्त सभी कर्मियों में कार्यो का विभाजन करते हुए बताया गया कि सभी आपने अपने कार्यों के प्रति सजग रहेंगे।प्रिंट मीडिया के अखबारों की निगरानी के लिए प्रतिनियुक्त लोगों को हिंदी अखबारों के साथ उर्दू अखबारों,अंग्रेजी अखबारों तथा बंगला अखबारों में राजनीतिक विज्ञापन,पेड न्यूज तथा फेक न्यूज से संबंधित जानकारी दी गई। साथ ही जिले में प्रसारित ई पेपर की निगरानी करने की जानकारी दी गई। इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में टेलीविजन के विभिन्न स्थानीय चैनलो में प्रसारित होने वाले पेड न्यूज पर निगरानी करने की जानकारी दी गई। इसके आलावे सोशल मीडिया के व्हाट्सएप्प, फेसबुक तथा एक्स में आने वाले खबरों पर निगरानी हेतु प्रतिनियुक्त लोगों को वाकिफ कराया गया। आज की बैठक में ईडीएम चंद्रशेखर कुमार, प्रतिमा कुमारी, बिनोद कुमार, साजन कुमार, दीपमाला कुल्लू, द्रौपदी कुमारी, रोज रोशीमा बागे,सोनू कुमार सिंह, रेहान आजिज, बर्नाड डुंगडुंग सहित अन्य उपस्थित थे।

## एक नजर

### बुलबुल बोस के घर में लगी आग, सामान जलकर खाक

**नोवामुंडी।** नोवामुंडी टाटा स्टील कॉलोनी के संग्राम साई शॉप नं 5 में सुकुमार बोस एंड संस के मालिक बुलबुल बोस के आवास में शुक्रवार की शाम सात बजे आग लग गई। आग की बड़ी-बड़ी लपटें उठने लगी। आग लगने की सूचना मिलते ही लगभग आठ बजे टाटा स्टील की दमकल आग पर किसी तरह से काबू पा लिया। आगजनी की सूचना मिलते ही नोवामुंडी थाना के थाना प्रभारी सिद्धांत कुमार ने टाटा स्टील के सिक्युरिटी हेड कस्तूब सिंह दल बल के साथ घटना स्थल पर पहुंचे। घटना के संबंध में बताया जा रहा है कि संग्रामसाई स्थित क्वार्टर संख्या-शॉप नम्बर 5 सुकुमार एंड संस के कांट्रेक्टर बुलबुल बोस के नाम से आवंटित है। घटना के दिन बुलबुल बोस शाम 4 बजे जमशेदपुर गये हुये थे। उनके छोटे भाई सिद्धार्थ बोस शाम के साथ नोवामुंडी बाजार स्थित ऑफिस की ओर गये हुये थे। क्वार्टर में उसकी नौकरानी घरेलू काम-काज में व्यस्त थी। तभी क्वार्टर के भीतर अचानक बिजली मीटर बोर्ड से आग की चिंगारी निकली।

### कसमार के कई गांव में हाथियों के झुंड ने दिनभर मचाया उत्पात

**बोकारो।** कसमार प्रखंड के खुदीबेड़ा में जंगली हाथियों का एक झुंड शनिवार को दिनदहाड़े प्रवेश कर गया। झुंड में दो दर्जन से अधिक हाथी शामिल थे। इससे गांव में दहशत व्याप्त हो गया। बगल के सिंहपुर गांव में भगता पर्व आयोजित होने के कारण काफी संख्या में श्रद्धालुओं का आना-जाना लगा हुआ था। हाथियों के झुंड के कारण उनके बीच भी दशहत एवं अफरा-तफरी का माहौल बना हुआ था। ग्रामीणों ने बताया कि सुबह करीब 9 बजे हाथियों का झुंड गांव में आया और खुदीबेड़ा के छोटू राम महतो, राजन महतो एवं अजित महतो की लगभग दो एकड़ में लगी गेहूं की फसल को रौंदकर बर्बाद कर दिया। अन्य कई ग्रामीणों की फसलों को भी छिटपुट नष्ट किया है। एक झुंड हिसीम के महादेव बेड़ा के पास सड़क के किनारे डेरा जमाए हुए था। इसके चलते ग्रामीणों का आवागमन काफी कम रहा। घटना की सूचना पाकर वनकर्मी ठाकुरदास महतो मौके पर पहुंचे तथा गांव में घूम कर क्षति का जायजा लिया। ठाकुरदास महतो ने बताया कि क्षति की जानकारी विभाग के अधिकारियों को दी गई है।

### कतरास में अवैध कोयला के साथ 6 बाइक जब्त

**धनबाद।** कतरास थाना पुलिस ने शनिवार को कलाली फाटक व राहुल चौक के समीप छापामारी कर भारी मात्रा में अवैध कोयला और कोयला लदी छह बाइक को जब्त कर लिया। पुलिस को देख कोयला तस्कर बाइक छोड़कर भाग निकले। पुलिस अज्ञात तस्करों के मामला दर्ज कर बाइक मालिकों की खोजबीन में जुटी है। मालूम हो कि इन दिनों कतरास-रायगंज-तोपचांची मार्ग पर कोयला लदे दोपहिया वाहन सरपट दौड़ रहे हैं। कोयला तस्कर बाइक पर चोरी का कोयला लोड कर भट्ठों में पहुंचा रहे हैं।

### थाना रोड में सब्जी दुकानदारों के कारण लगता है जाम

**आदित्यपुर।** आदित्यपुर थाना रोड को सब्जी दुकानदारों से मुक्ति और हर वक्त लगी रहने वाली जाम से निजात दिलाने के लिए बाजार मास्टर मनोज पासवान ने कृषि उत्पादन बाजार समिति के पणन सचिव को पत्र लिखा है। इसमें सब्जी मंडी को थाना रोड के मुख्य मार्ग से हटाकर दिंदली हाट बाजार के अंदर स्थानांतरित करने की मांग की गई है। सब्जी मंडी के कारण इस रोड में जाम लगा रहता है। बाजार मास्टर ने इसके लिए सब्जी दुकानदारों के लिए बाजार के अंदर पक्के शेड का निर्माण कराने की मांग की है, ताकि थाना रोड को जाम से मुक्ति मिले। साथ ही सब्जी दुकानदारों को गर्मी, बरसात जैसे मौसम में खुले में दुकान लगाने से निजात मिल जाये। बता दें कि आदित्यपुर थाना रोड में जाम की वजह से थाना के साथ पीएचईडी, बिजली ऑफिस और वन विभाग के साथ रेलवे स्टेशन जाने वाले राहगीरों को हर दिन भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है।

# चावल रहने के बावजूद बच्चों को नही मिला मध्याह्न भोजन, लोगों में आक्रोश

**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**

सरिया प्रखंड क्षेत्र के उत्क्रमित मध्य विद्यालय नावाडीह में शुक्रवार को बच्चों को मध्याह्न भोजन नही मिलने से स्थानीय जनप्रतिनिधि ने प्रधानध्यापक पर लापरवाही का आरोप लगाया हैं। स्थानीय लोगों ने कहा कि मध्य विद्यालय के प्रधानध्यापक लीला देवी का यह पहला मामला नही हैं इसके पहले भी कई प्रकार का आरोप लगा हैं परन्तु विभागीय कार्रवाई नही होने से बच्चों को पौष्टिक आहार से वंचित रखा जाता हैं । बीआरपी भरत महतो ने बताया कि विद्यालय में बच्चों को भोजन नही देना सचिव की लापरवाही हैं जिसपर संज्ञान लेते हुए अग्रतर कार्रवाई की जाएगी। बहरहाल विद्यालय में बच्चों को मध्याहन भोजन नही मिलने से ग्रामीण काफी आक्रोश हैं और स्थानीय शिक्षिका को उत्क्रमित मध्य विद्यालय नावाडीह से स्थान्तरण करने की बात बता रहे हैं।




### नावाडीह के पूर्व पंसस ने कहा

पूर्व पंसस रामविलास पासवन ने बताया कि विभाग के साथ विद्यालय के संचालको की ये बड़ी जिम्मेवारी होती हैं कि उनके विद्यालयों में पढ़ रहे बच्चों को सुविधा दी जा रही हैं या नही इसका जांच करना परन्तु इस विद्यालय में सिस्टम नामक व्यवस्था निष्क्रिय हैं नतीजतन जिसको जो मन मे आता हैं करते हैं आज ग्रामीणों ने विद्यालय के सचिव से बात की हैं और उन्हें अपने कार्यशैली में बदलाव लाने की बात की गई हैं यदि सुधार नही होता है तो ऐसे भरष्ट सिस्टम के खिलाफ विरोध करने के लिए बाध्य होंगे



### स्थानीय ग्रामीण अमर पासवन ने कहा

स्थानीय निवासी अमर पासवन ने बताया कि मन अनुकूल शिक्षण संस्थान को संचालित करने का मामला यह पहला नही हैं इसके पूर्व भी ग्रामीणों ने विरोध जताया था यदि ऐसा रवैया रहा और अधिकारी संज्ञान नही लेते हैं तो विभाग विरोध झेलने के लिए तैयार रहे।

### क्या कहते हैं विद्यालय के अध्यक्ष

विद्यालय के अध्यक्ष सुनील कुमार पासवन ने बताया कि स्कूल के सचिव के द्वारा लगातार लापरवाही की शिकायत मिलते रहती हैं जिसका सूचना विभाग को भी दिया जा चुका हैं परन्तु किसी प्रकार का कोई कार्रवाई नही हुई हैं। मैं विद्यालय का अध्यक्ष हूँ बावजूद किसी प्रकार का सूचना हमे नही दिया जाता हैं यंहा तक कि मेरा डुप्लीकेट साइन से हमारे उपस्थिति का भरपाई कर दिया जाता हैं विभाग संज्ञान लें और उचित कार्रवाई करें

## गावां पुलिस ने वारंटी राजकुमार यादव को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**



गावां पुलिस ने थाना क्षेत्र के पंडरिया गांव में छापामारी करके स्थायी वारंटी राजकुमार यादव उर्फ राजू यादव पिता स्व रेवत महतो को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। 15 जनवरी 2000 को कांड संख्या 2/2000 के तहत उसपर प्राथमिकी दर्ज करवाई गई थी। तब से वह फरार चल रहा था। गावां थाना पुलिस को वर्षो से इसकी तलाश थी। शनिवार की अहले सुबह गावां थाना पुलिस ने पंडरिया गांव में छापामारी कर के उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। थाना प्रभारी महेश चंद्र ने गिरफ्तारी की पुष्टि की है। कहा कि आर्म्स एक्ट व हत्या के मामले में पुलिस को उक्त वारंटी की तलाश थी। जिसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

## कोडरमा से भाजपा की जीत सुनिश्चित : चुन्नुकांत

### भाजपा गावां व मालडा मंडल की संयुक्त बैठक में लोकसभा चुनाव में कोडरमा फतह को लेकर चर्चा

**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**



गावां बाजार स्थित टिकैत गढ़ में शनिवार को भाजपा के गावां व मालडा मंडल की एक संयुक्त बैठक संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता गावां मण्डल अध्यक्ष चंद्रशेखर आजाद व संचालन आनन्दी यादव ने किया। बैठक में प्रभारी चुन्नुकान्त, पूर्व आईजी सह भाजपा नेता लक्ष्मण सिंह व अशोक उपाध्याय मुख्य रूप से मौजूद थे। बैठक में आगामी लोकसभा चुनाव में धनवार विधानसभा से भाजपा को सबसे अधिक मत दिलाने को लेकर विस्तृत चर्चा हुई। इस दौरान कार्यकताओं को सम्बोधित करते हुए विधानसभा प्रभारी चुन्नुकान्त ने बूथ सत्यापन व सशक्तिकरण को लेकर चर्चा किया। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव में कोडरमा से भाजपा की जीत सुनिश्चित है। इस बार पिछले बार से भी प्रचंड मतों से अन्नपूर्णा देवी की जीत होगी।

## पूर्व विधायक निर्भय कुमार शाहाबादी ने पीरटांड़ प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न गांवो का किया दौरा

**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**



पीरटांड़ प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न गाँवो में विशेष संपर्क अभियान के तहत पूर्व विधायक निर्भय कुमार शाहाबादी ने लक्षनपूर, बरदही घोरचाची सहित विभिन्न गांवों का शनिवार को दौरा किया। ऊपर बरदही में अवकाश प्राप्त शिक्षक हनुमान सिंह से विशेष संपर्क अभियान के तहत मुलाकात कर मोदी जी के आह्वान अबकी बार 400 पार पर चर्चा की। इस दौरान पूर्व विधायक ने बरदही स्थित बबन सिंह के यहां उनके भाभी के निधन पर शोकाकुल परिवार से मिले और सभी को ढ़ाढस बंधाया। और उपस्थित लोगों से पार्टी के पक्ष में बढ़ चढ़कर मतदान करने की अपील की। उन्होंने पहले मतदान फिर जलपान करने पर जोर दिया । लछनपुर में लोगों से मुलाकात कर एनडीए के पक्ष में मतदान करने की अपील की।

## साइबर अपराधी ने युवक के खाते से उड़ाए 31 हजार

**नवीन मेल संवाददाता। नोवामुंडी**



गुवा बाजार स्थित अजीत दास के खाते से 10 अप्रैल की रात 9:45 से लेकर 1:30 बजे तक तकरीबन 31 हजार रुपये की निकासी कर ली गई है. 11 अप्रैल की सुबह खाताधारक गुवा बाजार स्थित बैंक ऑफ इंडिया शाखा जाकर इसकी लिखित शाखा प्रबंधक को दी. उसके बाद साइबर शिकार खाता धारक अजीत दास ने अपने खाते से गायब हुई. इसकी लिखित शिकायत गुवा थाना में की है. इस संबंध में अजीत दास ने बताया कि वह बैंक से ऑनलाइन ट्रांजक्शन नहीं करता है. उसके बावजूद अचानक उसके खाते से 31 हजार रुपए कैसे कट गए हैं.ज्ञात हो कि इससे पूर्व गुवा बैंक ऑफ इंडिया के खाताधारक संदीप कुमार प्रसाद के खाते से 70 हजार रुपए की निकासी कर ली गई थी।

## सिहोडीह उसरी नदी पुल के नीचे अज्ञात युवक की लाश मिली

### लाश की शिनाख्त नहीं, जांच में जुटी पुलिस

**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**



गिरिडीह जिले के सिहोडीह स्थित उसरी नदी नया पुल के नीचे अर्धनग्न अवस्था में एक अज्ञात युवक की लाश मिलने से सनसनी फैल गई है। इसकी सूचना मुफस्सिल पुलिस को दी गई। मौके पर पुलिस ने पहुंचकर शव को अपने कब्जे में लेकर उसे पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। शव होने की सूचना पर काफी संख्या में स्थानीय लोगों की भीड़ मौके पर जुट गई। शव की पहचान अभी तक नहीं हो पाई है। स्थानीय लोगों द्वारा शव की पहचान का प्रयास किया गया लेकिन पहचान नहीं हो पाया।

## लोकसभा आम निर्वाचन में सभी मीडियाकर्मियों की भूमिका अहम : विशाल दीप खलखो

### लोस चुनाव के मद्देनजर प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के प्रतिनिधियों संग बैठक

**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**



लोकतंत्र के महापर्व लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के मद्देनजर सूचना भवन कार्यालय में शनिवार को वरीय पदाधिकारी (मीडिया कोषांग) की अध्यक्षता में प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के प्रतिनिधि संग बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में मुख्य रूप से नोडल पदाधिकारी (मीडिया कोषांग), अंजना भारती, प्रभारी पदाधिकारी-सह-सहायक निदेशक, सोशल मीडिया पब्लिसिटी ऑफिसर, आशुतोष कुमार तिवारी समेत प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के प्रतिनिधि व अन्य संबंधित अधिकारी/कर्मी उपस्थित थे।

## खुखरा पुलिस ने हथियार और कारतूस के साथ अपराधी को दबोचा

**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**



खुखरा थाना क्षेत्र के बरियारपुर गांव में पुलिस ने शनिवार को छापामारी कर एक युवक इसराइल अंसारी को अवैध हथियार के साथ गिरफ्तार कर लिया. पुलिस को सूचना मिली थी कि युवक किसी घटना को अंजाम देने की फिराक में है. इसके बाद गिरिडीह एसपी के निदेर्शानुसार पुलिस की टीम गांव पहुंची. पुलिस को देखते ही युवक तेजी से भागने लगा, जिसे खदेड़कर पकड़ लिया गया. इसराइल अंसारी बरियारपुर गांव का ही रहनेवाला है।

उसने बताया कि वह ईद पर घर आया हुआ है. घर की तलाशी लेने पर स्टोर रूम से 7 एमएम की पिस्टल व दो गोली जब्त की गई. थाना प्रभारी निरंजन कच्छप ने बताया कि पकड़े गए युवक का आपराधिक इतिहास रहा है।

## युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**



बिरनी थाना क्षेत्र के जरीडीह गाँव निवासी 35 वर्षीय युवक ने फांसी लगाकर अपनी इहलीला समाप्त कर ली। युवक की पहचान राजकुमार ठाकुर के रूप में हुई है, जो इसी प्रखंड के पहाड़ी चौक पर सैलून चलाता था। जैसा कि स्थानीय लोगों ने बताया कि युवक तीन भाइयों में सबसे छोटा भाई था, बाकी दो बड़े भाई बाहर रहकर मजदूरी करते हैं। मृतक का ससुराल बाराडीह है जहां से रात को वह यज्ञ सुन कर घर लौटा था परंतु पत्नी और बच्चे वहीं ससुराल में हीं रह गए थे। घर आकर उसने सुबह फांसी लगा लिया। फांसी क्यों लगाया इस बात का खुलासा नहीं हो पाया।

## लोस चुनाव और विधानसभा उपचुनाव को लेकर मतदानकर्मियों का जिला स्तरीय प्रशिक्षण प्रारंभ

**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**



लोकसभा चुनाव एवं गाण्डेय विधानसभा उपचुनाव को लेकर प्रशिक्षण कोषांग गिरिडीह द्वारा प्रतिनियुक्त मतदानकर्मियों का जिला स्तरीय प्रशिक्षण निर्धारित तीन प्रशिक्षण केन्द्रों पर शनिवार से प्रारम्भ हुआ। प्रशिक्षण केन्द्र, ओपेन माइंड वर्ल्ड स्कूल, गिरिडीह, हनी हॉली ट्रिनिटी स्कूल, उउछ ऊअश पब्लिक स्कूल गिरिडीह में प्रशिक्षण दो पालियों में संचालित किया जा रहा है।प्रत्येक प्रशिक्षण केन्द्रों पर 1200-1200 मतदान कर्मियों का प्रशिक्षण निर्धारित है। इस प्रशिक्षण में प्रथम मतदान पदाधिकारी, द्वितीय मतदान पदाधिकारी, तृतीय मतदान पदाधिकारी एवं पीठासीन पदाधिकारी को मास्टर ट्रेनरों के द्वारा प्रशिक्षण अवधि में प्रत्येक कर्मियों को एश्ट परिचालन का गहन परिचय दिया गया। प्रशिक्षण सत्र में सभी कर्मियों ने स्वयं एश्ट के तीनों भागों यथा, इव, उव एवं श्शढअळ को जोडना सीखा तथा उत्पन्न होने वाले समस्याओं का निराकरण करना मास्टर ट्रेनरों के द्वारा किया गया।

प्रशिक्षण में प्रतिभागी मतदान कर्मियों के द्वारा दफकोड स्कैन करके ऑनलाईन आकलन में भाग लिया गया, जिसके परिणामों के आधार पर आगामी प्रशिक्षण कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार की जायेगी। सभी प्रशिक्षण केन्द्रों पर कराये जा रहे प्रशिक्षण कार्यक्रमों का निर्वाचन आयोग के दिशानिदेर्शों के अनुसार छ्प्री हीं२३ल्लॅ किया जा रहा है, जिसकी निगरानी एवं अनुश्रवण राज्य निर्वाचन आयोग, जिला नियंत्रण कक्ष के द्वारा लगातार किया जा रहा है।

## पुलिस ने अवैध कोयला लदा एक ट्रक पकड़ा

**गिरिडीह।** डुमरी पुलिस ने शुक्रवार की रात कुलगो टॉल प्लाजा के समीप से अवैध कोयला लदा एक ट्रक पकड़ा। मौके से पुलिस द्वारा चालक और खलासी को हिरासत में लेकर थाना ले जाया गया। उक्त कार्रवाई एसपी के निर्देश पर किया गया। इस मामले में खनन विभाग के निरीक्षक के लिखित शिकायत पर ट्रक के चालक,खलासी, मालिक सहित कोयला के अवैध कारोबार में संलिप्त अन्य लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है। बताया जाता है कि पुलिस को सूचना मिली थी कि जेएच 02आर 4539 नंबर की ट्रक में धनबाद की ओर से अवैध कोयला लाद कर बिहार की ओर ले जाया जा रहा है। सूचना पर डुमरी एसडीपीओ सुमित प्रसाद के नेतृत्व में पुलिस बल ने उक्त नंबर की ट्रक को कुलगो टॉल प्लाजा के समीप रोका।

## न्यूज बॉक्स

### छठ महापर्व को लेकर चांडिल बांध से सुबह 9 बजे छोड़ा जायेगा पानी, सतर्कता की चेतावनी



**जमशेदपुर।** आस्था के महापर्व छठ को लेकर व्रतियों एवं श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए चांडिल डैम से 14 अप्रैल की सुबह 9:00 बजे पानी छोड़ा जाएगा। यह जानकारी स्वर्णरेखा बांध प्रमंडल-2, चांडिल के कार्यपालक अभियंता की ओर से दी गयी है। बताया गया है कि इस दौरान स्वर्णरेखा एवं खरकई नदी में पानी का बहाव तेज रहेगा। इसके मद्देनजर तटीय इलाकों में रहने वाले लोगों से नदी किनारे नहीं जाने और सतर्क रहने की अपील की गयी है। साथ ही मवेशियों को भी नदी के प्रभाव वाले क्षेत्रों में खुला नहीं छोड़ने की सलाह दी गयी है। स्वर्णरेखा बांध प्रमंडल-2, चांडिल के कार्यपालक अभियंता ने बताया है कि छठ पर्व में श्रद्धालुओं को अर्घ्य के लिए 700 क्यूसेक (क्यूबिक मीटर प्रति सेकेंड) अतिरिक्त पानी छोड़ा जाएगा।

### एमबीएनएस में मना सरहुल महोत्सव



**जमशेदपुर।** एमबीएनएस ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन में शनिवार को सरहुल महोत्सव का आयोजन किया गया। महोत्सव में रीति-रीवाज व विधि-विधान के साथ पूजा-अर्चना की गयी। महोत्सव के दौरान ग्रुप के चेयरमैन विवेक कुमार सिंह, डायरेक्टर अनुपा सिंह, प्रभारी प्रचार्य पिंकी सिंह ने छात्र-छात्राओं को सरहुल की महत्ता व आस्था से अवगत कराया.पूजा-अर्चना के पश्चात छात्र-छात्राओं ने अलग अलग समूह में नृत्य प्रस्तुत किये। इस आयोजन में इंस्टीट्यूट की डायरेक्टर अनुपा सिंह और चेयरमैन विवेक कुमार सिंह, प्रचार्या पिंकी सिंह, एसिटेंट प्रोफेसर सपना कुमारी राय, दीपिका राज, भबतारण भकत, राजेश्वर वर्मा, शिक्षा संकायक के छात्र-छात्राएं एवं शिक्षकेतर कर्मचारी शामिल हुए।

### एनटीटीएफ आरडी टाटा तकनीकी संस्थान में अलविदा कार्यक्रम आयोजित




**जमशेदपुर ।** जमशेदपुर के गोलमुरी स्थित एनटीटीएफ आरडी टाटा तकनीकी संस्थान में शनिवार को अलविदा का आयोजन किया गया। अतिथियों, संस्थान की प्राचार्य प्रीता जॉन एवं उप प्राचार्य रमेश राय ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर समारोह की शुरूआत की। इस दौरान नृत्य-गीत समेत कई सांस्कृतिक कार्यक्रम छात्र-छात्राओं ने प्रतुत किये। समारोह में संस्थान 2021- 24 बैच के छात्र-छात्राएं शामिल हुए, जिन्हें उज्जवल भविष्य की कामना के साथ विदाई दी गयी। संस्थान के सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं शिक्षकेतर कर्मचारी शामिल हुए। समारोह में सर्वप्रथम शोभा एंड ग्रुप ने प्रस्तुत नृत्य किया। इसके बाद आकाश एंड ग्रुप ने अपने गायन से समा बांध दिया। समारोह में डिप्लोमा इन इलेक्ट्रॉनिक इंजीनियरिंग, डिप्लोमा इन मेकाट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग, डिप्लोमा इन टूल एंड डाई इंजीनियरिंग एवं डिप्लोमा इन कंप्यूटर साइंस इंजीनियरिंग के फाइनल ईयर के सभी छात्र-छात्राओं के इस नए सफर के उज्जवल भविष्य की कामना की गई। साथ ही तकनीकी के क्षेत्र में संस्थान का नाम रोशन करने के लिए उन्हें बधाई दी गई। समारोह में जयप्रकाश को मिस्टर एनटीटीएफ और ममता महतो को मिस एनटीटीएफ का खिताब प्रदान किया गया।

### मेघाहातुबुरु प्रो वॉलीबॉल लीग का रंगारंग शुभारंभ

**किरीबुरु।** आईपीएल की तर्ज पर आयोजित दूसरा मेघाहातुबुरु प्रो वॉलीबॉल लीग (एमपीएल) का भव्य व रंगारंग शुभारम्भ बतौर मुख्य अतिथि सीजीएम एस एस साहा, विशिष्ट अतिथि महाप्रबंधक एस के सिंह, महाप्रबंधक योगेश प्रसाद राम, महाप्रबंधक नवीन कुमार सोनकुशरे, महाप्रबंधक भी के सुमन, महाप्रबंधक विकास दयाल, महाप्रबंधक के बी थापा, महाप्रबंधक ए के पटनायक, महाप्रबंधक संजय बनर्जी, आयोजन कमिटी के अध्यक्ष अभिजीत कुमार सिंह ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया.प्रतियोगिता के उद्घाटन मैच में सुपर माइनिंग लायन ने मास्टर्स किंग को 20-18, 15-13 से पराजित किया. दूसरे मुकाबले में सारंडा टाइगर ने मेकेनिकल योद्धा को 12-15, 16-9, 21-19 से, तीसरे मुकाबले में सारंडा एलिफैंट ने रौयल चैलेन्जर्स को 16-8, 16-14 से, चौथे मुकाबले में मास्टर किंग ने सारंडा टाइगर को 15-9, 11-16, 16-12 से, पांचवें मुकाबले में माइनिंग लायन ने रौयल चैलेन्जर्स को 16-9, 13-15, 15-9 से तथा छठे मुकाबले में सारंडा एलिफेंट ने मेकैनिकल योद्धा को 15-3, 15-9 से पराजित किया। यह प्रतियोगिता मेघाहातुबुरु मैदान में सेल मेघाहातुबुरु एवं मेघाहातुबुरु प्रो वॉलीबॉल कमिटी के तत्वाधान में आयोजित किया जा रहा है।

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**जल पथ प्रमंडल सं0–2 हजारीबाग**
Email Id- eewwdchak2-cer-jhr@nic.in

**शुद्धि–पत्र**

इस कार्यालय द्वारा आमंत्रित निविदा सं0–01/2024–25, PR NO.- 323726 के ग्रुप सं0– 02 में वर्णित कार्य (बरकट्ठा प्रखंड अर्न्तगत परियोजना बालिका उच्च विधालय बरकट्ठा में सेप्टिक टैंक एवं सॉकपीट सहित सामुदायिक शौचालय निर्माण) को अपरिहार्य कारणवश रद्द किया जाता है।

ह0–
कार्यपालक अभियंता
जलपथ प्रमंडल सं0–2, हजारीबाग

PR 323800 Water Resource(24-25)#D

## राजनीति

# जब झुंझुनू से चुनाव हार गये थे उद्योगपति


रमेश सर्राफ धमोरा

**जब** झुंझुनू से चुनाव हार गये थे उद्योगपति कृष्ण कुमार बिड़ला हरियाणा सीमा पर स्थित राजस्थान का झुंझुनू जिला एक तरफ जहां पूरे देश में सैनिकों के लिए जाना जाता है। वहीं दूसरी तरफ देश के बहुत से बड़े-बड़े उद्योगपति भी झुंझुनू जिले के रहने वाले हैं। हालांकि सभी बड़े उद्योगपति झुंझुनू जिले से बाहर जाकर अपना व्यवसाय बढ़ा कर उद्योग जगत में अपना नाम कमाया है। मगर कई बार औद्योगिक घरानो के परिवार के सदस्य अक्सर झुंझुनू आते रहते हैं। इसी तरह भारतीय सेना में देश में किसी एक जिले से सबसे अधिक सैनिक झुंझुनू जिले के जवान है। वही देश में सबसे अधिक शहीद भी झुंझुनू जिले के सैनिक हुए हैं। देश में लोकसभा चुनाव की प्रक्रिया प्रारंभ हो चुकी है। सभी जगह चुनावी चचाएं जोरों से चल रही है। झुंझुनू जिले में 1971 का लोकसभा चुनाव पूरे देश में चर्चित रहा था। उस समय देश के सबसे बड़े उद्योगपतियों में शुमार बिड़ला घराने के कृष्ण कुमार बिड़ला स्वतंत्र पार्टी से झुंझुनू लोकसभा क्षेत्र से चुनाव मैदान में उतरे थे। उनके सामने कांग्रेस पार्टी ने एक साधारण किसान के घर जन्मे शिवनाथ सिंह गिल को चुनाव मैदान में उतारा था। पिलानी के रहने वाले बड़े उद्योगपति घनश्याम दास बिड़ला के सुपुत्र कृष्ण कुमार बिड़ला का उस समय देश के उद्योग जगत में एक बड़ा नाम होता था। लाखों की संख्या में लोग बिड़ला घराने के औद्योगिक संस्थानों में काम करते थे। दूसरी तरफ बैंकों के राष्ट्रीयकरण व पाकिस्तान युद्ध में मिली जीत के बाद प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की देशभर में हवा चल रही थी। उस समय देश में इंदिरा गांधी आई है, नई रोशनी लाई है नारा बहुत चर्चित हुआ था। उस नारे की बदौलत देश में कांग्रेस की ऐसी हवा चली थी कि विपक्ष के कई बड़े धुरंधर नेता चुनाव हार गए थे। इंदिरा गांधी ने बिड़ला घराने के कृष्ण कुमार बिड़ला को हराने के लिए जिले के धमोरा गांव के शिवनाथ सिंह गिल को चुनाव मैदान में उतार दिया था। उस समय शिवनाथ सिंह गिल गुढ़ा क्षेत्र से कांग्रेस के विधायक थे। चुनाव में एक तरफ देश के सबसे धनवान प्रत्याशी थे तो दूसरी तरफ कांग्रेस के एक साधारण किसान चुनाव लड़ रहा था। उस वक्त के चुनाव में धनवान बनाम किसान का नारा लगा था। स्वतंत्र पार्टी के प्रत्याशी कृष्ण कुमार बिड़ला ने अपने कल कारखानों में कार्यरत झुंझुनू जिले के सभी लोगों को चुनाव प्रचार के लिए झुंझुनू भेज दिया था। बिड़ला की ओर से बड़े भव्य तरीके से चुनाव लड़ा जा रहा था तथा जमकर पैसा खर्च किया जा रहा था। वहीं दूसरी तरफ शिवनाथ सिंह गिल सामान्य प्रत्याशी के रूप में चुनाव लड़ रहे थे। जब चुनाव नतीजे आए तो सभी राजनीतिक पर्यवेक्षक दंग रह गए। बड़े-बड़े राजनीतिक भविष्यवक्ताओं की भविष्यवाणी फेल हो गई। देश के सबसे बड़े उद्योगपति परिवार के कृष्ण कुमार बिड़ला को कांग्रेस के एक किसान परिवार के प्रत्याशी शिवनाथ सिंह गिल ने 98949 वोटो के अंतर से चुनाव हार दिया था। उस चुनाव में कांग्रेस के शिवनाथ सिंह गिल को 223286 यानी 59.79 प्रतिशत वोट मिले थे। वहीं स्वतंत्र पार्टी के कृष्ण कुमार बिड़ला को 124337 यानी 33.30 प्रतिशत वोट मिले थे। कामरेड घासीराम को 9548 वोट, हणुताराम को 5073 वोट, बलदेव प्रसाद को 3143 वोट, दुलाराम को 3013 वोट, महादेव प्रसाद को 2113 वोट, बृजमोहन को 1801 वोट, तारावती को 1113 वोट मिले थे। उस चुनाव में मुल 9 प्रत्याशी खड़े हुए थे। मगर मुख्य मुकाबला कृष्ण कुमार बिड़ला व शिवनाथ सिंह गिल के बीच ही हुआ था। लोकसभा चुनाव में हारने के बाद बिड़ला परिवार का झुंझुनू जिले से मोह भंग हो गया और उन्होंने अपनी जन्म भूमि पिलानी में एक शैक्षणिक संस्थान बिड़ला प्रौद्योगिकी एवं विज्ञान संस्थान (बिट्स) के अलावा और कोई भी ऐसा काम नहीं किया जो जिले की जनता के काम आ सके। हालांकि बाद में कृष्ण कुमार बिड़ला कांग्रेस के टिकट पर 1984 से 2002 तक लगातार 18 वर्षों तक राज्यसभा सदस्य रहे।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

# चुनाव में व्यक्ति नहीं, मूल्यों की स्थापना का दौर चले

**लोकसभा** चुनावों की सरगर्मियां उग्र से उग्रतर होती जा रही है, पहली बार भ्रष्टाचार चुनावी मुद्दा बन रहा है, कुछ भ्रष्टाचार मिटाने की बात कर रहे हैं तो कुछ भ्रष्टाचारियों को बचाने की बात कर रहे हैं। मुसलमान वोटों की राजनीति करने वाले दल अपने घोषणा पत्रों में उनके कल्याण की कोई बात ही नहीं कर रहे हैं, मुसलमानों का सशक्तीकरण करने की बचाय उनके तुष्टीकरण को प्राथमिकता दी जा रही है। कुछ दल देश-विकास की बात कर रहे हैं तो कुछ दल विकास योजनाओं की छिछालेदार कर रहे हैं। किसी भी दल के चुनावी मुद्दे में पर्यावरण विकास की बात नहीं हैं। व्यक्ति नहीं, मूल्यों की स्थापना के स्वर कहीं भी सुनाई नहीं दे रहे हैं। सत्ता और स्वार्थ ने अपनी आकांक्षी योजनाओं को पूर्णता देने में नैतिक कायरता दिखाई है। केजरीवाल जेल से सरकार चलाने की बात करके नैतिक एवं राजनीतिक मूल्यों के आन्दोलन से सरकार बनाने के सच को ही बदनुमा बना दिया है। इसकी वजह से लोगों में विश्वास इस कदर उठ गया कि चौराहे पर खड़े आदमी को सही रास्ता दिखाने वाला भी झूठा-सा लगता है। आंखें उस चेहरे पर सचाई की साक्षी ढूंढती हैं। समस्याओं से लड़ने के लिये हमारी तैयारी पूरे मन से होनी चाहिए। लोकतंत्र के महापर्व पर समझना चाहिए कि हमने जीने का सही अर्थ ही खो दिया है। यद्यपि बहुत कुछ उपलब्ध हुआ है। कितने ही नए रास्ते बने हैं। फिर भी किन्हीं दृष्टियों से हम भटक रहे हैं। भौतिक समृद्धि बटोरकर भी न जाने कितनी रिक्तताओं की पीड़ा सही है। गरीब अभाव से तड़पा है, अमीर अतृप्ति से। कहीं अतिभाव, कहीं अभाव। जीवन-वैषम्य कहां बांट पाया अपनों के बीच अपनापन। अट्टालिकाएं खड़ी हो रही हैं, बस्तियां बस रही हैं मगर आदमी उजड़ता जा रहा है। पूरे देश में मानवीय मूल्यों का ह्रास, राजनीति अपराध, भ्रष्टाचार, कालेधन की गर्मी, लोकतांत्रिक मूल्यों का हनन, अन्याय, शोषण, संग्रह, झूठ, चोरी जैसे-अनैतिक अपराध पनपे हैं। धर्म, जाति, राजनीति-सत्ता और प्रांत के नाम पर नए संदर्भों में समस्याओं ने पंख फैलाये हैं। हर बार के चुनावों की तरह इस बार भी आप, हम सभी अपने आपको जीवन से जुड़ी अंतहीन समस्याओं के कटघरे में खड़ा पा रहे हैं। कहा नहीं जा सकता कि जनता की अदालत में कहां, कौन दोषी है? पर यह चिंतनीय प्रश्न अवश्य है हम इतने उदासीन एवं लापरवाह कैसे हो गये कि राजनीति को इतना आपराधिक होने दिया? जब आपके द्वार की सीढ़ियां मैली हैं तो अपने पड़ौसी की छत पर गन्दगी का उलाहना मत दीजिए। कोई भी अच्छी शुरूआत सबसे पहले स्वयं की की जानी जरूरी है। देश के लोकतंत्र को हांकने वाले लोग इतने बदहवास होकर निर्लज्जतापूर्ण कारनामे करेंगे, इसकी किसी ने कल्पना भी नहीं की थी। चौराहे पर खड़ा आदमी सब कुछ देख रहा है। उसे कुछ सूझ नहीं रहा कि वह कौन सी राह पकड़े। आम आदमी सरकार ने शराब-


ललित गर्ग

**केजरीवाल जेल से सरकार चलाने की बात करके नैतिक एवं राजनीतिक मूल्यों के आन्दोलन से सरकार बनाने के सच को ही बदनुमा बना दिया है। इसकी वजह से लोगों में विश्वास इस कदर उठ गया कि चौराहे पर खड़े आदमी को सही रास्ता दिखाने वाला भी झूठा-सा लगता है। आंखें उस चेहरे पर सचाई की साक्षी ढूंढती हैं। समस्याओं से लड़ने के लिये हमारी तैयारी पूरे मन से होनी चाहिए।**



शिक्षा में घोटाले किए, दागी चिन्हित भी हुए लेकिन आप सरकार ने भ्रष्टाचार को लेकर दोहरे मापदंड अपना लिए। अपनों द्वारा किया गया भ्रष्टाचार कोई भ्रष्टाचार नहीं, राबर्ट वाड्रा के खिलाफ कुछ नजर नहीं आता और वे चुनाव लड़ने की बात करते हैं। बात केवल कांग्रेस की ही नहीं है, बात राजनीतिक आदर्शों की हैं। जिसकी वकालत करते हुए कभी अन्ना हजारे तो कभी बाबा रामदेव, कभी केजरीवाल तो कभी श्री रविशंकरजी जन-आन्दोलन की अगवाई करते देते थे, अब ना तो ऐसे आन्दोलन होते हैं न ही उन पर विश्वास रहा। हमारे भीतर नीति और निष्ठा के साथ गहरी जागृति की जरूरत है। नीतियां सिर्फ शब्दों में हो और निष्ठा पर संदेह की परतें पड़ने लगें तो भला उपलब्धियों का आंकड़ा वजनदार कैसे होगा? बिना जागती आंखों के सुरक्षा की साक्षी भी कैसी! एक वफादार चौकीदार अच्छा सपना देखने पर भी इसलिए मालिक द्वारा तत्काल हटा दिया जाता है कि पहरेदारी में सपनों का खयाल चोरी को खुला आमंत्रण है। भाजपा जो हमेशा राजनीतिक शुचिता की बात करती रही, उसकी शुचिता कहां है? कितने दागी एवं अपराधी नेताओं को उसने अपने दल में जगह ही नहीं दी, टिकट तक दे दिया। हो सकता है 400 के बड़े लक्ष्य को हासिल करने के लिये भाजपा की कुछ मजबूरियां हो। कमल तो खिलेगा ही, लेकिन उस खिलाहट में मजबूरियों के नाम पर मूल्यों के साथ समझौता नहीं होता तो यह लोकतंत्र को स्वस्थ बनाने का एक अनूठा उदाहरण होता। इन्दिरा गांधी ने कभी कहा था कि व्यक्ति को अपने जन्म से नहीं बल्कि कर्म से पहचाना जाना चाहिए, यह वाक्य उनके पोते राहुल गांधी पर भी लागू हो रहा है। वे तमाम सुखों एवं सुविधाओं में पले-बढ़े और उन्होंने जीवन में कोई संघर्ष नहीं किया या ये कहें कि जीवन के लिए संघर्ष करने की उनके सामने कोई नौबत नहीं आई। कहते हैं - 'जा के पैर न परी बिवाई, वो क्या जाने पीर पराई'। जब आप लोगों की पीड़ा को उसी भाव से महसूस नहीं कर पाते तो दूसरों को आपकी बात पर भरोसा नहीं हो पाता। इस भरोसे को पाने के लिए उस पीड़ा को पहले खुद भुगतना होता है। यही वजह है कि राहुल गांधी सच्ची और ठीक बात कहते हैं तब भी लोग उसे उस सच्चाई के साथ, उस भाव में अंगीकार नहीं कर पाते। लोकतंत्र में राजनीतिक दलों का मौजूदा यह आचरण स्वीकार्य नहीं। पूरा राजनीतिक वातावरण ही हास्यास्पद हो चुका है। यदि हालात नहीं सुधरे तो राजनीतिक दलों की दुर्गति तय है। बदलती राजनीतिक सोच एवं व्यवस्था के मंच पर बिखरते मानवीय मूल्यों के बीच अपने आदर्शों को, उद्देश्यों को, सिद्धांतों को, परम्पराओं को और जीवनशैली को हम कोई ऐसा रंग न दे दें कि उससे उभरने वाली आकृतियां हमारी भावी पीढ़ी को सही रास्ता न दिखा सकें। राजनीति का वह युग बीत चुका जब राजनीतिज्ञ आदर्शों पर चलते थे। आज हम राजनीतिक दलों की विभीषिका और उसकी अतियों से ग्रस्त होकर राष्ट्र के मूल्यों को भूल गए हैं। भारतीय राजनीति उथल-पुथल के दौर से गुजर रही है। चारों ओर भ्रम और मायाजाल का वातावरण है। भ्रष्टाचार और घोटालों के शोर और किस्म-किस्म के आरोपों के बीच देश ने अपनी नैतिक एवं चारित्रिक गरिमा को खोया है। मुद्दों की जगह अभद्र टिप्पणियों ने ली है। व्यक्तिगत रूप से छींटाकशी की जा रही है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पाठशाला के प्रधानाचार्य की तरह अपने दल के कार्यकर्ताओं को पाठ पढ़ाया कि वह झूठे एवं बेबुनियाद आरोपों की परवाह किए बिना तेजी से काम करें। जबकि विपक्षी दलों की सारी की सारी कवायद में एक अनर्थ सच्चाई के ही दर्शन हुए क्योंकि जैसे केवल चेहरे बदलने से दामन के दाग नहीं धुल जाते, वैसे ही कुछ युवा चेहरों को सामने खड़ा करने से क्रांतिकारी सोच पैदा नहीं की जा सकती।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

# प्रतिपक्ष की महत्वकांक्षा का दौर


राकेश दुबे

**और** आम चुनावों का पहला चरण आपके दरवाजे पर दस्तक दे रहा प्रमुख दलों के घोषणा पत्र सामने हैं। चुनाव के जनमत सर्वेक्षणों का दौर आ चुका है। भारतीय जनता पार्टी और प्रतिपक्षियों के भाव उजागर है। मतदाता अपने पसंदीदा नेताओं की जीत के अनुमान से निश्चिंत हैं, परंतु अगर नतीजे अलग हुए तो बेचारी इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) को ही दोष दिया जाएगा। भाजपा की बढ़त को समझने के लिए आपको किसी चुनाव विशेषज्ञ की जरूरत नहीं है। कारण-- प्रतिपक्ष का महत्त्वाकांक्षी 'इंडिया' गठबंधन तालमेल बनाए रखने में संघर्ष करता जो दिख रहा है प्रतिपक्षी दलों में ज्यादातर यही बात होती है कि नरेंद्र मोदी को कहां-कहां रोका जा सकता है, सत्ता से बाहर करने की बात तो दूर है। हालात तो यही है, हालांकि प्रतिपक्ष का मानना है कि चुनावी बॉन्ड से जुड़े खुलासों ने उसके चुनाव अभियान को कुछ मजबूती प्रदान की है। भाजपा को 'वॉशिंग मशीन' बताने वाले नारे में दम है, मगर क्या यह इतना शक्तिशाली है कि प्रतिपक्ष की तकदीर बदल सके? अधिकांश प्रतिपक्षी नेता अभी भी तस्वीर को अधिक संतुलित नजरिये से देख रहे होंगे और वह यह कि मोदी को कैसे सीमित किया जाए? एक और एक परिवार के तीसरी पीढ़ी के इस वारिस को ऐसी पार्टी मिली जिसके पास जाति आधारित वोट बैंक है, लेकिन उसका प्रभाव सीमित भू-भाग में प्रश्न यह है जाति आधारित वोट बैंक मोदी के आकर्षण में टिकेगा? जाति आधारित वोट बैंक आमतौर पर सुरक्षित होता है लेकिन जब लोग लोक सभा चुनाव के लिए मतदान करने जाते हैं तो उनके सामने एक ही विकल्प होगा। 'मतदाताओं को कैसे यकीन दिलाएंगे कि कोई विकल्प है?' खुद को बचाए रखना या लड़ाई को आगे के लिए टालना इस समय प्रतिपक्षी दलों के दिलोदिमाग में चल रहा सबसे प्रमुख विचार है। उनमें से हर एक के सामने अलग-अलग चुनौतियां हैं। ममता बनर्जी की तृणमूल कांग्रेस जैसी



पार्टी की बात करें तो अगर वहां भाजपा वर्ष 2019 से अधिक सीट जीतती है तो उसकी उसकी राज्य सरकार अस्थिर होगी। आम आदमी पार्टी (आप) चाहेगी कि दिल्ली में वह 2019 से बेहतर प्रदर्शन करे। उद्धव ठाकरे की शिव सेना (यूबीटी) और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी का शरद पवार धड़ा, इन दोनों को अपने अस्तित्व के लिए जीत की जरूरत है। अखिलेश यादव की समाजवादी पार्टी और लालू-तेजस्वी यादव के राष्ट्रीय जनता दल को भी अगर 2019 जैसी हार का सामना करना पड़ा तो उनके भी अपने-अपने राज्य में सत्ता में लौटने का ख्वाब अधूरा रह जाएगा। इन पार्टियों के पास भी सीमित फंड हैं। जहां वे सत्ता में नहीं हैं वहां वर्षों से फंड का सूखा पड़ा है और उनकी जमा पूंजी तेजी से खत्म हो रहा है। जो अभी भी किसी राज्य में सत्ता में हैं और पैसों वालों को प्रेरित करके धन जुटा सकते हैं वहां एजेंसियां धन देने वालों को भयभीत कर रही हैं। ये तो हो गई एक राज्य वाले दलों की बात। आम आदमी पार्टी की बात करें तो इसे डेढ़ राज्य माना जा सकता है। यह भी कांग्रेस के लिए अलग तरह की चुनौती है। हाल के समय में पार्टी एकजुट रहने के लिए संघर्ष कर रही है। 2014 से 2019 के बीच उसकी इकलौती उपलब्धि रही 20 प्रतिशत मतदाताओं को अपने साथ जोड़े रखना, परंतु इसके बावजूद उसे इतनी सीट नहीं मिल सकीं कि पार्टी लोक सभा में नेता प्रतिपक्ष का दर्जा भी पा सके। पार्टी को अपने समर्थकों तथा प्रतिपक्षियों को यह यकीन दिलाने के लिए आखिर कितनी सीट जीतने की जरूरत है कि वह भविष्य में चुनौती बनेगी? वैसे 100 सीट का आंकड़ा दिलचस्प होगा और भारत की राजनीति को बदलने वाला साबित हो सकता है। परंतु क्या यह हकीकत के करीब है? अगर कांग्रेस आधिकारिक तौर पर यही कहेगी कि 'इंडिया' गठबंधन सरकार बनाने जा रहा है लेकिन उसके नेता अनुभवी हैं और जीत-हार दोनों का स्वाद चख चुके हैं। ऐसे में वे मानेंगे कि अगर 80 से अधिक सीट आती हैं तो यह उल्लेखनीय सुधार होगा। वैसे तुरंत हरियाणा, महाराष्ट्र और झारखंड में विधानसभा चुनाव होने हैं। चार जून को आने वाले चुनाव नतीजे इन विधानसभा चुनावों की दिशा तय करेंगे। तीनों राज्यों में भाजपा के सामने मजबूत चुनौती है। अगर कांग्रेस 80 से अधिक लोक सभा सीट जीतती है तो झारखंड और महाराष्ट्र में उसके गठबंधन को मजबूती मिलेगी। अगर पार्टी वहां तक नहीं पहुंचती है तो वह विपक्षी गठबंधन में स्वाभाविक नेतृत्वकर्ता होने का दावा भी गंवा सकती है। लगातार तीसरी हार पार्टी को तो नुकसान पहुंचाएगी ही अन्य भाजपा विरोधी दल भी विकल्प तलाशेंगे।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

## चुनाव

# लोकसभा प्रथम चरण चुनाव 2024 लोकतंत्र का मंदिर


किशन भावनानी

**वैश्विक** स्तर पर लोकतंत्र के सबसे बड़े विशाल मंदिर लोकसभा में अपनी आवाज बुलंद करने के लिए अपने प्रतिनिधियों का को चयन करनें का महापर्व लोकसभा चुनाव 2024 के प्रथम चरण के मतदान की तिथि 19 अप्रैल 2024 में अभी मात्र 5 दिन बचे हैं,परंतु अभी उतना उत्साह या जोश नहीं दिख रहा है,परंतु अब आखिरी चार दिनों में चुनाव प्रचार के जोर पकड़ने की पूरी उम्मीद है। मेरा मानना है कि अभी मतदाता पहले की अपेक्षा बहुत अधिकजागरूक हो गए हैं। भारतीय लोकतंत्र में हर व्यक्ति को चुनाव लड़ने का हक है। बशर्ते वह भारत का नागरिक होना चाहिए। ऐसी उम्मीद की जाती है कि चुनाव में स्वच्छ छवि के लोग आगे आएं ताकि सरकार की बागडोर ईमानदार व्यक्तियों के हाथों में रहे लेकिन हम देखते हैं कि कई नेता ऐसे भी होते हैं जिनके खिलाफ कई प्रकार के मुकदमे दर्ज होते हैं। सामान्य तौर पर कुछ मुकदमे तो द्वैषतावश या किसी परिस्थिति के कारण दर्ज हो सकते हैं। लेकिन अगर किसी के खिलाफ गंभीर प्रकृति के मुकदमे दर्ज हो तो यह चिंता का विषय है। हमारे देश में कई ऐसे नेता हुए हैं जो न सिर्फ चुनाव जीतने के बाद बल्कि मुख्यमंत्री की कुर्सी तक पहुंचने के बाद जेल तक पहुंचे हैं। बता दें कई उम्मीदवार जाकर मतदाता के सामने कितनी भी बीन क्यों ना बजा लें, या हरे गुलाबी देकर आए, परंतु आज मतदाता अपने विवेक का उपयोग करता है जिसे जागृत करने में,द एसोसिएशन ऑफ डेमोक्रेटिक रिफॉर्म (एडीआर) तथा नेशनल इलेक्शन वॉच ने आम भूमिका अदा करने की कोशिश की है,क्योंकिएडीआर व एनएडब्लू ने लोकसभा चुनाव के प्रथम चरण में चुनाव लड़ रहे 102 सीटों के 1625 उम्मीदवारों में से 1618 उम्मीदवारों के चुनावी हलफनामों का विश्लेषण किया है,जिसको हर एंगल से उम्मीदवारों, राजनीतिक पार्टियों का भी आंकलन किया है। बता दें कि चुनाव लड़ते समय खुद प्रत्याशियों द्वारा अपने ऊपर लगे आपराधिक प्रकरणों का उल्लेख किया जाता है,चुनाव प्रक्रिया में हिस्सा लेने वाले प्रत्याशियों ने अपने अपने नामांकन पत्रों के साथ शपथ पत्र जमा कराया। इन शपथ पत्रों में सभी तरह की जानकारियां दी गई है। प्रत्याशियों के खिलाफ दर्ज आपराधिक प्रकरण और उनकी स्थिति का पूरा ब्यौरा भी स्वयं प्रत्याशियों की ओर से दिया गया है, जिसका विश्लेषण एडीआर ने किया है। जिसमें हैरानी वाली बात यह है कि, लोकसभा चुनाव में पहले चरण में जिन 102 सीटों पर 19 अप्रैल को मतदान होगा उनमें से 42 सीट यानी 41 फीसद रेड अलर्ट निर्वाचन क्षेत्र हैं। एडीआर के मुताबिक रेड अलर्ट निर्वाचन क्षेत्र का अभिप्राय उन सीट से हैं जहां से किस्मत आजमा रहे तीन या उससे अधिक उम्मीदवारों ने अपने हलफनामे में आपराधिक मामले दर्ज होने की घोषणा की है। विश्लेषण के मुताबिक राष्ट्रीय जनता दल (राजद) द्वारा इस चरण के लिए मैदान में उतारे गए सभी चारों उम्मीदवारों केखिलाफ आपराधिक मामला दर्ज है।तमिलनाडु में सत्तारूढ़ द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) के 22 उम्मीदवारों में से 13 (59 फीसद), समाजवादी पार्टी के घोषित सात उम्मीदवारों में तीन पर (43 फीसद),तृणमूल कांग्रेस के घोषित पांच उम्मीदवारों में दो (40 फीसद), भाजपा द्वारा घोषित 77 उम्मीदवारों में से 28 (36 फीसद), कांग्रेस द्वारा घोषित 56 उम्मीदवारों में से 19 (34 फीसद) पर आपराधिक मामला दर्ज है। इसी प्रकार आल इंडिया अन्ना द्रविड मुनेत्र कषगम (अन्नाद्रमुक) की ओर से मैदान में उतारे गए 36 उम्मीदवारों में से 13 (36 फीसद)और बहुजन समाज पार्टी (बसपा) द्वारा घोषित 86 उम्मीदवारों में से 11 (13 फीसयद) दागी हैं।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

# 'मूक' समाज को आवाज देकर बने 'नायक'


प्रो. डॉ. संजय द्विवेदी

**'अगर कोई** इंसान, हिंदुस्तान के कुदरती तत्वों और मानव समाज को एक दर्शक के नजरिए से फिल्म की तरह देखता है, तो ये मुल्क नाइंसाफी की पनाहगाह के सिवा कुछ नहीं दिखेगा।' बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर ने आज से 103 वर्ष पूर्व 31 जनवरी 1920 को अपने अखबार 'मूकनायक' के पहले संस्करण के लिए जो लेख लिखा था, यह उसका पहला वाक्य है। अपनी पुस्तक 'पत्रकारिता के युग निर्माता : भीमराव आंबेडकर' में लेखक सूर्यनारायण रणसुभे ने इसलिए कहा भी है कि 'जाने-अनजाने बाबा साहेब ने इसी दिन से दीन-दलित, शोषित और हजारों वर्षों से उपेक्षित मूक जनता के नायकत्व को स्वीकार किया था।' बाबा साहेब ने 'मूकनायक' पत्र की शुरूआत की थी। इस समाचार पत्र के नाम में ही आंबेडकर का व्यक्तित्व छिपा हुआ है। वे 'मूक' समाज को आवाज देकर ही उनके 'नायक' बने। बाबा साहेब ने कई मीडिया प्रकाशनों की शुरूआत की। उनका संपादन किया। सलाहकार के तौर पर काम किया और मालिक के तौर पर उनकी रखवाली की। मूकनायक के प्रकाशन के समय बाबा साहेब की आयु मात्र 29 वर्ष थी। और वे तीन वर्ष पूर्व ही यानी 1917 में अमेरिका से उच्च शिक्षा ग्रहण कर लौटे थे। अक्सर लोग ये प्रश्न करते हैं कि एक उच्च शिक्षित युवक ने अपना समाचार-पत्र मराठी भाषा में क्यों प्रकाशित किया? वह अंग्रेजी भाषा में भी समाचार-पत्र का प्रकाशन कर सकते थे। ऐसा करके वह अभिजन समाज के बीच प्रसिद्धि पा सकते थे और अंग्रेज सरकार तक दलितों की स्थिति प्रभावी ढंग से रख सकते थे। लेकिन बाबा साहेब ने 'मूकनायक' का प्रकाशन वर्षों के शोषण और हीनभावना की ग्रंथि से ग्रसित दलित समाज के आत्म-गौरव को जगाने के लिए किया गया था। जो समाज शिक्षा से दूर था, जिसके लिए अपनी मातृभाषा मराठी में लिखना और पढ़ना भी कठिन था, उनके बीच जाकर 'अंग्रेजी मूकनायक' आखिर क्या जागृति लाता? इसलिए आंबेडकर ने मराठी भाषा में ही समाचार पत्रों का प्रकाशन किया। अगर हम उनकी पहुंच की और उनके द्वारा चलाए गए सामाजिक आंदोलनों की बात करें तो बाबा साहेब अपने समय में संभवतः सबसे ज्यादा दौरा करने वाले नेता थे। सबसे खास बात यह है कि उन्हें ये काम अकेले अपने बूते करने पड़ते थे। न तो उनके पास सामाजिक समर्थन था, न ही आंबेडकर को उस तरह का आर्थिक सहयोग मिलता था, जैसा कांग्रेस पार्टी को हासिल था। इसके विपरीत, आंबेडकर का आंदोलन गरीब जनता का आंदोलन था। उनके समर्थक वो लोग थे, जो समाज के हाशिए पर पड़े थे, जो तमाम अधिकारों से महरूम थे, जो जमीन के नाम पर या किसी जमींदार के बंधुआ थे। आंबेडकर का समर्थक, हिंदुस्तान का वो समुदाय था, जो आर्थिक रूप से सब से कमजोर था। इसका नतीजा ये हुआ कि आंबेडकर को सामाजिक आंदोलनों के बोझ को सिर से पांव तक केवल अपने कंधों पर उठाना पड़ा। उन्हें इसके लिए बाहर से कुछ खास समर्थन हासिल नहीं हुआ। और ये बात उस दौर के मीडिया को बखूबी नजर आती थी। आंबेडकर के कामों को घरेलू ही नहीं, अंतरराष्ट्रीय मीडिया में भी जाना जाता था। हमें हिंदुस्तान के मीडिया में आंबेडकर की मौजूदगी और उनके संपादकीय कामों की जानकारी तो है, लेकिन ये बात ज्यादातर लोगों को नहीं मालूम कि उन्हें विदेशी मीडिया में भी व्यापक रूप से कवरेज मिलती थी। बहुत से मशहूर अंतरराष्ट्रीय अखबार, आंबेडकर के छुआछूत के खिलाफ अभियानों और महात्मा गांधी से उनके संघर्षों में काफी दिलचस्पी रखते थे। लंदन का 'द टाइम्स', ऑस्ट्रेलिया का 'डेली मर्करी', और 'न्यूयॉर्क टाइम्स', 'न्यूयॉर्क एम्सटर्डम न्यूज', 'बाल्टीमोर अफ्रो-अमरीकन', 'द नॉरफॉक जर्नल' जैसे अखबार अपने यहां आंबेडकर के विचारों और अभियानों को प्रमुखता से प्रकाशित करते थे। भारतीय संविधान के निर्माण में आंबेडकर की भूमिका हो या फिर संसद की परिचर्चाओं में आंबेडकर के भाषण, या फिर नेहरू सरकार से आंबेडकर के इस्तीफे की खबर। इन सब पर दुनिया बारीकी से नजर रखती थी। बाबा साहेब ने अपने सामाजिक आंदोलन को मीडिया के माध्यम से भी चलाया। उन्होंने मराठी भाषा में अपने पहले समाचार पत्र 'मूकनायक' की शुरूआत क्षेत्रीयता के सम्मान के साथ की थी। मूकनायक के अभियान के दिग्दर्शन के लिए तुकाराम की सीखों को बुनियाद बनाया गया। इसी तरह, आंबेडकर के एक अन्य अखबार 'बहिष्कृत भारत' का मार्गदर्शन संत ज्ञानेश्वर के सबक किया करते थे। आंबेडकर ने इन पत्रिकाओं के माध्यम से भारत के अछूतों के अधिकारों की मांग उठाई। उन्होंने मूकनायक के पहले बारह संस्करणों का संपादन किया, जिसके बाद उन्होंने इसके संपादन की ज़िम्मेदारी पांडुरंग भाटकर को सौंप दी थी। बाद में डीडी घोलप इस पत्र के संपादक बने। हालांकि मूकनायक का प्रकाशन 1923 में बंद हो गया। इसकी खास वजह ये थी कि आंबेडकर, इस अखबार का मार्गदर्शन करने के लिए उपलब्ध नहीं थे। वो उच्च शिक्षा के लिए विदेश चले गए थे। इसके अलावा अखबार को न तो विज्ञापन मिल पा रहे थे और न ही उसके ग्राहकों की संख्या इतनी ज्यादा थी कि उससे अखबार के प्रकाशन का खर्च निकाला जा सके। शुरूआती वर्षों में राजिश्री शाहू महाराज ने इस पत्रिका को चलाने में सहयोग दिया था। आंबेडकर की पत्रकारिता का अध्ययन करने वाले गंगाधर पानतावणे कहते हैं कि, 'मूकनायक का उदय, भारत के अछूतों के स्वाधीनता आंदोलन के लिए वरदान साबित हुआ था। इसने अछूतों की दशा-दिशा बदलने वाला विचार जनता के बीच स्थापित किया।' मूकनायक का प्रकाशन बंद होने के बाद, आंबेडकर एक बार फिर से पत्रकारिता के क्षेत्र में कूदे, जब उन्होंने 3 अप्रैल 1927 को 'बहिष्कृत भारत' के नाम से नई पत्रिका का प्रकाशन शुरू किया। ये वही दौर था, जब आंबेडकर का महाद आंदोलन जोर पकड़ रहा था। बहिष्कृत भारत का प्रकाशन 15 नवंबर 1929 तक होता रहा। कुल मिलाकर इसके 43 संस्करण प्रकाशित हुए। हालांकि, बहिष्कृत भारत का प्रकाशन भी आर्थिक दिक़्कतों की वजह से बंद करना पड़ा। मूकनायक और बहिष्कृत भारत के हर संस्करण की कीमत महज डेढ़ आने हुआ करती थी, जबकि इसकी सालाना कीमत डाक के खर्च को मिलाकर केवल 3 रुपए थी। इसी दौरान 'समता' नाम के एक और पत्र का प्रकाशन आरंभ हुआ, जिससे 'बहिष्कृत भारत' को नई ज़िंदगी मिली। उसे 24 नवंबर 1930 से 'जनता' के नए नाम से प्रकाशित किया जाने लगा। जनता, भारत में दलितों के सबसे लंबे समय तक प्रकाशित होने वाले अखबारों में से है, जो 25 वर्षों तक छपता रहा था। 'जनता' का नाम बाद में बदल कर 'प्रबुद्ध भारत' कर दिया गया था। ये सन 1956 से 1961 का वही दौर था, जब आंबेडकर के आंदोलन को नई धार मिली थी। बाबा साहब आंबेडकर ने 65 वर्ष 7 महीने और 22 दिन की अपनी जिंदगी में करीब 36 वर्ष तक पत्रकारिता की। 'मूकनायक' से लेकर 'प्रबुद्ध भारत' तक की उनकी यात्रा, उनकी जीवन-यात्रा, चिंतन-यात्रा और संघर्ष-यात्रा का भी प्रतीक है। मेरा मानना है कि 'मूकनायक', 'प्रबुद्ध भारत' में ही अपनी और पूरे भारतीय समाज की मुक्ति देखता है। आंबेडकर की पत्रकारिता का संघर्ष 'मूकनायक' के माध्यम से मूक लोगों की आवाज बनने से शुरू होकर, 'प्रबुद्ध' भारत के निर्माण के स्वप्न के साथ विराम लेता है। 'प्रबुद्ध भारत' यानी एक नए भारत का निर्माण। आंबेडकर के विचारों का फलक बहुत बड़ा है। ये सही है कि उन्होंने वंचित और अछूत वर्ग के लिए एक लंबी लड़ाई लड़ी, लेकिन उनका मानवतावादी दृष्टिकोण हर वर्ग को छूता है। आंबेडकर का मानना था कि पत्रकारिता का पहला कर्तव्य है, 'बिना किसी प्रयोजन के समाचार देना, बिना डरे उन लोगों की निंदा करना, जो गलत रास्ते पर जा रहें हों, फिर चाहे वे कितने ही शक्तिशाली क्यों न हों और पूरे समुदाय के हितों की रक्षा करने वाली नीति को प्रतिपादित करना।' **( ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. की ओर से 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल'*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-3553943, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

## एक नजर

### रियासी में आतंकी ठिकाने का भंडाफोड़, गोला-बारूद बरामद

जम्मू। जम्मू-कश्मीर पुलिस ने शनिवार को बताया कि उसने जम्मू के रियासी जिले के माहौर इलाके में एक आतंकवादी ठिकाने से बड़ी मात्रा में विस्फोटक, कारतूस आदि बरामद किये हैं। पुलिस ने कहा कि इलाके में आतंकवादी ठिकाने की मौजूदगी के बारे में विश्वसनीय जानकारी के आधार पर ऑपरेशन शुरू किया गया था। पुलिस के अनुसार, तलाशी और घेराबंदी अभियान के दौरान सुरक्षा बलों ने शाजरू के लॉन्चा इलाके में ठिकाने से भारी मात्रा में हथियार बरामद किया।

### नाबालिग लड़की के यौन उत्पीड़न व हत्या के आरोप में दो गिरफ्तार

**पणजी।** गोवा के वास्को में एक बच्ची के यौन उत्पीड़न और हत्या के आरोप में दो युवकों को गिरफ्तार किया गया है। लड़की शुक्रवार सुबह दक्षिण गोवा के वास्को शहर में एक निर्माण स्थल पर मृत पाई गई थी। पुलिस अधीक्षक (दक्षिण) सुनीता सावंत ने शनिवार को मीडियाकर्मियों को बताया कि इस सिलसिले में 22 और 24 साल की उम्र के दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। सावंत ने कहा, यह एक जघन्य और गंभीर अपराध है।

### तमिलनाडु के पूर्वी तट पर मछली पकड़ने पर 61 दिन की पाबंदी

**चेन्नई।** तमिलनाडु के पूर्वी तट पर मछली पकड़ने पर 15 अप्रैल से वार्षिक 61 दिवसीय पाबंदी रहेगी। यह 14 जून तक जारी रहेगी। रविवार आधी रात से प्रतिबंध प्रभावी होगा। यह पाबंदी मछली पकड़ने के संसाधनों को संरक्षित करने के लिए लगाई गई है। राज्य सरकार ने पाबंदी की अवधि के दौरान प्रति मछुआरा परिवार 6,000 रुपये की राशि प्रदान की है। मछुआरों के नेता एंटनी फर्नांडीस ने कहा, पिछले साल पाबंदी के दौरान प्रति परिवार 6,000 रुपये मिले थे इस बार हम 8,000 रुपये की उम्मीद कर रहे थे।

# लालू की पार्टी में मुस्लिम और यादव नेताओं के बागी सुर

- पार्टी की ओर से अल्पसंख्यकों को सम्मानजनक हिस्सेदारी नहीं देने का आरोप
- नवादा सीट से टिकट नहीं मिलने से नाराज विनोद यादव चुनावी मैदान में डटे

**एजेंसी। पटना**

लोकसभा चुनाव को लेकर सभी दलों का प्रचार जोर पकड़ने लगा है। इस बीच बिहार में राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के तीन मुस्लिम नेताओं की नाराजगी सियासी चचाओं के केंद्र में है। राजद के पूर्व राज्यसभा सांसद अहमद अशफाक करीम ने पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से त्यागपत्र दे दिया। उन्होंने पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू यादव को पत्र लिखकर अल्पसंख्यकों को सम्मानजनक हिस्सेदारी नहीं देने का आरोप लगाया। जानकारी के मुताबिक कटिहार लोकसभा से राजद का टिकट नहीं मिलने से नाराज पूर्व सांसद करीम जदयू के नजदीक बताए जा रहे हैं। वहीं, पूर्व सांसद तस्लीमुद्दीन के बड़े पुत्र सरफराज आलम भी राजद से नाराज बताए जा रहे हैं। इस चुनाव में राजद ने अररिया से सरफराज के बदले शाहनवाज को टिकट दिया है। अपने टिकट कटने से सरफराज न केवल अपने भाई शाहनवाज से नाराज हैं, बल्कि लालू यादव और तेजस्वी यादव से भी खफा हैं। इसी बीच सरफराज आलम ने शुक्रवार को



कार्यकताओं की बैठक बुलाई थी। इस दौरान लोगों को संबोधित करते हुए सरफराज आलम भावुक हो उठे और खुले मंच पर रोने लगे। सीवान में शहाबुद्दीन की पत्नी हिना शहाब पहले से ही राजद से नाराज हैं। कहा जा रहा है कि उन्होंने निर्दलीय चुनाव लड़ने का निर्णय लिया है। माना जा रहा है कि राजद ने इसी कारण अब तक सीवान सीट से अपने प्रत्याशी की घोषणा नहीं की है।

राजद के वोटबैंक एम वाई (मुस्लिम-यादव) को माना जाता रहा है। मुस्लिम के साथ-साथ यादव समाज के कई नेता राजद से खफा बताए जा रहे हैं। यादव जाति के कई नेताओं की नाराजगी अब खुलकर सामने आ रही है। नवादा सीट से टिकट नहीं मिलने से नाराज विनोद यादव पहले से ही चुनावी मैदान में डटे हुए हैं।

कहा तो यहां तक जा रहा है कि राजद के कई विधायक उनका समर्थन कर रहे हैं। वहीं पूर्णिया से भी राजद के उपाध्यक्ष देवेंद्र यादव ने बगावती तेवर अपनाते हुए पूर्णिया पहुंच कर निर्दलीय चुनाव लड़ रहे पप्पू यादव को समर्थन दिया है। इस दौरान उन्होंने लालू यादव पर टिकट बंटवारे में परिवारवाद का आरोप लगाया।

यहां से महागठबन्धन ने बीमा भारती को चुनावी मैदान में उतारा है। बिहार भाजपा के मीडिया प्रभारी दानिश इकबाल ने कहा कि अब कोई दल वोट बैंक का दावा नहीं कर सकता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश में तुष्टिकरण की राजनीति को संतुष्टिकरण में बदल दिया है। जम्मू कश्मीर में अनुच्छेद 370 हटने का सबसे बड़ा लाभ पसमंदा मुसलमानों को हुआ है। जितने भी विकास की योजनाएं लायी गयी, वह जाति और धर्म देखकर नहीं लायी गयी। मुस्लिम महिलाओं के लिए सबसे बड़ा अभिशाप तीन तलाक था, आज प्रधानमंत्री मोदी ने उसे हटाकर महिलाओं को सम्मान दिया। आज मुसलमानों का आकर्षण भाजपा, एनडीए के प्रति बढ़ा है।

## रामेश्वरम कैफे बलास्ट - आरोपियों को 10 दिन की हिरासत में भेजा गया

**एजेंसी। नई दिल्ली**

बेंगलुरु (कर्नाटक) रामेश्वरम कैफे विस्फोट मामले के दो मुख्य आरोपितों मुसव्विर हुसैन शाजिब और ए मथीन अहमद ताहा को आज एनआईए की विशेष अदालत ने 10 दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया है। इसके पहले उनका नियमित चिकित्सीय परीक्षण कराया गया था। रामेश्वरम कैफे विस्फोट मामले में गिरफ्तार दोनों संदिग्धों को ट्रांजिट रिमांड पर शुक्रवार को बेंगलुरु लाया गया था। इन्हें शनिवार को राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) की विशेष अदालत के न्यायाधीश के सामने पेश किया गया। एनआई ने आरोपितों एक मार्च को हुए विस्फोट में उनकी कथित भूमिका के लिए कल पश्चिम बंगाल से गिरफ्तार




किया था। एनआईए के अनुसार शाजिब ने कैफे में विस्फोटक रखे और ताहा विस्फोट की योजना बनाने और उसे अंजाम देने का मुख्य साजिशकर्ता है। बेंगलुरु में ब्रुकफील्ड के आईटीपीएल रोड स्थित रामेश्वरम कैफे में 1 मार्च को दोपहर 1 बजे बम विस्फोट हुआ था। तीन मार्च को एनआईए ने इस मामले की जांच का जिम्मा संभाला था। एनआईए ने 23 मार्च को दोनों संदिग्धों की पहचान कर ली थी।

## कैलाश गहलोत को 50 करोड़ रुपये का भुगतान किया : सुकेश चन्द्रशेखर

**एजेंसी। नई दिल्ली**

कथित ठग सुकेश चंद्रशेखर ने शनिवार को दावा किया कि उसने राज्यसभा सीट हासिल करने के लिए आप नेता कैलाश गहलोत को 50 करोड़ रुपये दिए। सुकेश ने कहा, मैंने राज्यसभा सीट सुरक्षित करने के लिए जेल में बंद दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के निर्देश पर आप नेता कैलाश गहलोत को उनके फार्म हाउस पर 50 करोड़ रुपये का भुगतान किया।



उन्होंने कहा कि वह आप नेतृत्व को बेनकाब करेंगे और आप नेताओं के साथ हुई कथित व्हाट्सऐप चैट को भी सार्वजनिक कर देंगे। सुकेश फिलहाल दिल्ली की मंडोली जेल में बंद है।

## छत्तीसगढ़ से कांग्रेस डायनासोर की तरह विलुप्त हो जाएगी : राजनाथ सिंह

**एजेंसी। दंतेवाड़ा**

भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह शनिवार को बस्तर में भाजपा उम्मीदवार महेश कश्यप के समर्थन में दंतेवाड़ा जिले के गीदम में चुनावी सभा को संबोधित किया। इस अवसर पर केंद्रीय रक्षा मंत्री ने कहा कि इस चुनाव के बाद छत्तीसगढ़ से कांग्रेस भी निपट जाएगी। जिस तरह से धरती से डायनासोर विलुप्त हो गए, उसी तरह कांग्रेस भी गायब हो जाएगी। उन्होंने कहा कि पूरा छत्तीसगढ़ इस समय बोल रहा है- आमचो सरकार, आमचो मोदी,



आमचो भाजपा, यह छत्तीसगढ़िया की आवाज है। उन्होंने कहा कि जब-जब कांग्रेस की सरकार यहां आई है, तब-तब घोटालों की बाढ़ आ जाती है। उन्होंने कहा कि आपने पिछली बार छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की सरकार तो बना दी थी, तब यहां गोठान घोटाला हो गया, गोबर का घोटाला हो गया।

# राजद के परिवर्तन पत्र में एक करोड़ नौकरी का वादा

- वर्तमान अग्निवीर योजना को रद्द कर पुरानी भर्ती प्रक्रिया को शुरू करेंगे
- गठबंधन सरकार बनने पर राजद बिहार में 200 यूनिट मुफ्त में बिजली देगा
- बेरोजगारी देश की सबसे बड़ी दुश्मन है, जिस पर भाजपा चर्चा नहीं करती

**एजेंसी। पटना**

लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर के शनिवार सुबह 9:30 बजे राष्ट्रीय जनता दल (राजद) ने अपने घोषणा पत्र जारी किया। "परिवर्तन पत्र" के नाम पर जारी घोषणा पत्र में पार्टी ने कई बड़े वादे किए हैं। इस घोषणा पत्र में राजद ने केन्द्र में इंडी गठबंधन की सरकार बनने पर एक करोड़ नौकरी देने के साथ अग्निवीर योजना को रद्द करने और पुरानी भर्ती प्रक्रिया को शुरू करने का वादा किया है। साथ ही पार्टी ने राज्य में 200 यूनिट मुफ्त में बिजली देने का वादा किया है। तेजस्वी यादव ने पार्टी का घोषणा पत्र जारी करते हुए कहा कि केंद्र में विपक्षी दलों के आईएनडीआईए की सरकार बनने पर देशभर में एक करोड़ नौकरी देने का काम करेंगे। हम इसी साल 30 लाख रिक्त पदों को भी भरेंगे। तेजस्वी यादव ने कहा कि यह चुनाव बिहार की जनता की तकदीर है। इसे हम लोग पूरा करेंगे। हम जो कहते हैं वो पूरा करके भी दिखाते हैं। राजद सत्ता में आने पर महिलाओं के खाते में रक्षाबंधन पर 1 लाख रुपये डाले जाएंगे, बिहार में 500 रुपये में एलपीजी सिलेंडर दिया जाएगा। उन्होंने कहा, आने वाले 15 अगस्त से देश के युवाओं को बेरोजगारी से आजादी दिलाएंगे। अगर केंद्र में विपक्षी गठबंधन इंडिया की सरकार बनती है तो हम एक साल में एक करोड़ नौकरी देंगे। 15 अगस्त से 30 लाख रिक्त पदों को भी भरा जाएगा। इसके अलावा 70 लाख नए पद सृजन किए जाएंगे। इस तरह से एक करोड़ युवाओं को नौकरी दी जाएगी। उन्होंने कहा कि बेरोजगारी देश की सबसे बड़ी दुश्मन है, जिस पर भाजपा चर्चा तक नहीं करती है।



### मैं जब तक जिंदा रहूंगी, बंगाल के लोगों को पीड़ित नहीं होने दूंगी : ममता बनर्जी

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने एक बार फिर भारतीय जनता पार्टी पर पश्चिम बंगाल के साथ भेदभावपूर्ण व्यवहार का आरोप लगाया है। शनिवार को उन्होंने एक्स पर एक वीडियो शेयर किया है, जो उनके चुनाव प्रचार का हिस्सा है। इसमें वह संबोधन कर रही हैं और लोग खूब तालियां बजा रहे हैं। इसके साथ ही उन्होंने लिखा है कि बंगाल के प्रति भाजपा का भेदभावपूर्ण व्यवहार लोकतंत्र और सहकारी संघवाद का अपमान है। यह मेरा दृढ़ संकल्प है कि जब तक तृणमूल कांग्रेस खड़ी है, जब तक मैं सांस ले रही हूं, मैं अपने लोगों को पीड़ित नहीं होने दूंगी, भले ही इसके लिए जेल जाना पड़े। पहले चरण में लोकसभा की तीन सीटों पर अपनी पार्टी के लिए वोट देने की अपील करते हुए ममता बनर्जी ने लिखा कि 19 अप्रैल को, तृणमूल के लिए अपना वोट डालें और सुनिश्चित करें कि हमारे उम्मीदवार प्रो. निर्मल चंद्र रॉय, जगदीश चंद्र बसुनिया और प्रकाश चिक बड़ाईक इतने बड़े अंतर से जीतें कि भाजपा के प्रवासी पक्षी बंगाल में फिर से पैर रखने की हिम्मत करने से पहले दो बार सोचें!



## एनआईए ने 2023 मणिपुर विस्फोट मामले में दो के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल किया

**एजेंसी। नई दिल्ली**

केंद्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने मणिपुर वाहन विस्फोट मामले में शामिल मुख्य दो आरोपितों मोहम्मद नूर हसन उर्फ तोंबा उर्फ नुर हसन और सेमिनलुन गैंगटे उर्फ मिनलुन के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल किया है। स्थानीय विशेष अदालत में आज दोनों के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की विभिन्न धाराओं, यूएपीए, आर्म्स एक्ट, विस्फोटक अधिनियम, सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचाने के मामले में आरोप पत्र दाखिल किया गया। एनआईए का आरोप है कि क्वाक्ता




(मणिपुर) में एक वाहन में आईईडी ब्लास्ट हुआ था, उसकी योजना इन दोनों ने बनाई थी। इस हमले में तीन लोग घायल हो गए थे। इसमें निजी संपत्ति को भी काफी नुकसान पहुंचा था। इस मामले की जांच के दौरान एनआईए ने पिछले साल 16 अक्टूबर को नूर हसन और 2 नवंबर को सेमिनलुन गैंगटे को गिरफ्तार किया था।

## आज का राशिफल

**मेष** – कहीं रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे निपटा लें। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे।

**वृषभ** – व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। बुरी संगति से बचें। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। पत्नी व संतान पक्ष से थोड़ी चिंता रहेगी। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना। मित्रों से सावधानी रखें तो ज्यादा उत्तम है।

**मिथुन** – शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। संतान पक्ष की समस्या समाप्त होगी। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। खान-पान में सावधानी रखें। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे।

**कर्क** – रुपये पैसों की सुविधा नहीं मिल पाएगी। कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा। यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। मेहमानों का आगमन होगा।

**सिंह** – समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। यात्रा शुभ रहेगी। अपने काम को प्राथमिकता से करें। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़नेके अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा।

**कन्या** – महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा।

**तुला** – लाभकारी गतिविधियों में सक्रियता रहेगी। रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। व्ययाधिक्य का अवसर आ सकता है। कामकाज की अधिकता रहेगी। लाभ होगा और पुराने मित्रों से समागम भी होगा। दैनिक सुख-सुविधा में वृद्धि होगी।

**वृश्चिक** – घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। बढ़ते घाटे से कुछ राहत मिलने लगेगी। दवा-दारू में ज्यादा खर्च होगा। हाथ में आने वाला धन भी किसी अवरोध का शिकार हो जाएगा। व्यापार में स्थिति उत्तम रहेगी। धार्मिक स्थलों की यात्रा का योग है।

**धनु** – चापलूस मित्रों से सावधानी रखें तो ज्यादा उत्तम है। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। शैक्षणिक क्षेत्र में उदासीनता रहेगी। सब्र का फल मीठा होता है। अतः धैर्य रखें व अच्छे समय इन्तजार करें।

**मकर** – थोड़े प्रयास से कार्य सिद्ध होंगे। घर-परिवार में मांगलिक कार्य सम्पन्न होने से वातावरण आनन्द देने वाला बना रहेगा। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। सुबह-सुबह की महत्वपूर्ण सिद्धि के बाद दिन-भर उत्साह बना रहेगा। किये गए कार्यों का प्रतिफल मिलेगा।

**कुम्भ** – कुछ प्रतिकूल गोचर का क्षोभ दिन-भर रहेगा। दिन-भर का माहौल आडंबरपूर्ण और व्ययकारी होगा। वरिष्ठ लोगों से कहासुनी वातावरण में तनाव पैदा करेंगे। संयमित भाषा का इस्तेमाल करें। आवेग में आकर किये गए कार्यो का मलाल, अवसाद रहेगा। जरा-सी लापरवाही आपको परेशानी में डाल सकती है।

**मीन** – प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। कई प्रकार के हर्ष उल्लास के बीच अप्रत्याशित लाभ होंगे। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा।

## मोदी सरकार ने कारखानों को बड़े-बड़े उद्योगपतियों को सौंप दिया : प्रियंका

**एजेंसी। हरिद्वार**

कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा शनिवार को हरिद्वार के रुड़की में मोदी सरकार पर हमला बोला। उन्होंने आरोप लगाया कि मोदी सरकार ने कारखानों को बड़े-बड़े उद्योगपतियों को सौंप दिया है। जो रोजगार के अवसर थे, वह उनके खास उद्योगपतियों के पास चले गए। छोटे और मध्यम रोजगारों पर नोटबंदी थोप दी गई। लोगों को लाइनों में खड़ा किया गया। वे आज तक नहीं बता पाए कि काला धन कहां है? कांग्रेस की महासचिव प्रियंका शनिवार को रुड़की के केएलडीएवी कालेज के मैदान पर कांग्रेस उम्मीदवार वीरेंद्र



रावत के समर्थन में आयोजित जनसभा में बोल रही थीं।

उन्होंने कहा कि जब काम का समय होता है तो हिसाब लेने का भी समय होता है। यह हम सभी को समझना चाहिए। देश को बनाने वाले आप लोग हैं, जिसे आप चुनने वाले हैं ,उसे सोच समझ कर चुनिए। यह चुनाव आपका भविष्य तय करने जा रहा है। इससे पूर्व यहां पहुंचने पर कांग्रेस कार्यकताओं ने उनका भव्य स्वागत किया। इस दौरान बसपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष इसम सिंह ने कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की। प्रियंका ने कहा कि आप अपने मुद्दों को सर्वोपरि रखें। उन्होंने जनता से पूछा कि आज का सबसे बड़ा मुद्दा क्या है? बेरोजगारी का या महंगाई। प्रियंका ने कहा कि आज देश में सबसे ज्यादा महंगाई की मार है। नोटबंदी का नुकसान देश के लोगों को झेलना पड़ा। छोटे रोजगार करने वाले दुकानदारों को खत्म कर दिया गया। उन्होंने भाजपा पर आरोप लगाया कि उनकी नीति रोजगार घटाने वाली है।

## द्रमुक व अन्नाद्रमुक ने भ्रष्टाचार को बढ़ावा देकर तमिलनाडु के विकास को अवरुद्ध किया: शाह

**एजेंसी। चेन्नई**

भाजपा के वरिष्ठ नेता और केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कन्याकुमारी में रोड शो करते हुए तमिलनाडु में भाजपा के बेहतर चुनावी प्रदर्शन का भरोसा जताया है। उन्होंने कहा कि राज्य में शासन करने वाली दोनों पार्टियां द्रमुक और अन्नाद्रमुक ने भ्रष्टाचार को बढ़ावा देकर राज्य के विकास को अवरुद्ध कर दिया। उन्होंने दावा किया कि राज्य में मतदाताओं के बीच परिवर्तन की तीव्र आकांक्षा है, जिससे भाजपा विकल्प बनकर उभरी है। गृहमंत्री अमित शाह ने शनिवार सुबह 11 बजे कन्याकुमारी में मेट्टूकडाई जंक्शन से पुराने बस स्टैंड तक रोड शो किया। इस दौरान उन्होंने जनता को संबोधित करते



हुए कहा कि श्रीराममंदिर के विरोध से लेकर सनातन धर्म का विरोध करने वाली पार्टी और उसके नेताओं ने तमिलनाडु के करोड़ों लोगों का आहत किया जिसे वे भूले नहीं हैं।

उन्होंने कहा कि भाजपा ऐसी पार्टी है जो सभी को एक साथ लेकर चलती है। प्रधानमंत्री मोदी ने हमेशा सबकी सुरक्षा और समृद्धि की चिंता की। मोदी जी तमिल जैसी प्राचीन एवं ऐतिहासिक भाषा एवं संस्कृति को पूरे देश में आगे बढ़ाने के लिए निरंतर कार्य कर रहे हैं। आपको विश्वास दिलाता हूं कि मोदी जी को मजबूत करने के लिए अपने बहुमूल्य वोट देकर भाजपा उम्मीदवारों को जिताएं ताकि भारत की अर्थव्यवस्था विश्व की तीसरे स्थान पर रहे।

## नई दिल्ली लेकसभा सीट की अजब-गजब कहानी

# सोनिया, राहुल करेंगे मतदान पर कांग्रेस का नहीं होगा उम्मीदवार

**एजेंसी। नई दिल्ली**

देश की सबसे पुरानी लोकसभा सीटों में से एक नई दिल्ली लोकसभा सीट पर इस बार आम आदमी पार्टी और भाजपा के बीच सीधा मुकाबला है। आजादी के बाद यह पहला अवसर है जब कांग्रेस पार्टी का कोई उम्मीदवार यहां मैदान में नहीं है। दिल्ली में कांग्रेस और आम आदमी पार्टी के बीच हुए सीट समझौते के कारण इस बार कांग्रेस यहां मुकाबले से बाहर है। यह वही सीट हैं जहां के मतदाताओं में कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी, सांसद राहुल गांधी व उनकी बहन प्रियंका वाड्रा समेत कांग्रेस के कई बड़े नेता हैं। ऐसे में यह पहली बार होगा जब सोनिया, राहुल, प्रियंका समेत यहां रहने वाले तमाम कांग्रेस नेता कांग्रेस की बजाए किसी और (आम आदमी पार्टी) पार्टी को वोट करेंगे। कांग्रेस व 'आप' में हुए गठबंधन से पहले आम आदमी पार्टी के विधायक जरनैल सिंह व अन्य सदस्यों ने दिल्ली विधानसभा में राजीव गांधी से भारत रत्न वापस





### बांसुरी बनाम सोमनाथ भारती में है टक्कर

इस बार भाजपा ने पूर्व केंद्रीय मंत्री सुषमा स्वराज की बेटी बांसुरी स्वराज को अपना उम्मीदवार बनाया है। वहीं आम आदमी पार्टी की ओर से सोमनाथ भारती मैदान में हैं। सोमनाथ भारती आम आदमी पार्टी के विधायक हैं और दिल्ली सरकार में मंत्री भी रह चुके हैं। भाजपा उम्मीदवार बांसुरी स्वराज ने वारविक विश्वविद्यालय से अंग्रेजी साहित्य में ग्रेजुएशन की है। उन्होंने लंदन के बीपीपी लॉ स्कूल से कानून की पढ़ाई और ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय के सेंट कैथरीन कॉलेज से मास्टर्स की है। वहीं 'आप' के सोमनाथ भारती की बात की जाए तो वह भी पेशे से वकील हैं। वह दिल्ली की केजरीवाल सरकार में कानून मंत्री रह चुके हैं। वर्तमान में वह दिल्ली जल बोर्ड के उपाध्यक्ष हैं। सोमनाथ भारती ने 1997 में आईआईटी दिल्ली से एमएससी की थी। इसके बाद उन्होंने दिल्ली यूनिवर्सिटी से लॉ किया।






### इस सीट पर सात बार कांग्रेस तो 11 बार जीत चुकी है भाजपा

आजादी के बाद 1952 में हुए पहले चुनाव से अब तक कांग्रेस 7 बार नई दिल्ली लोकसभा सीट पर चुनाव जीत चुकी है, वहीं भाजपा ने यहां से अब तक 11 बार जीत दर्ज की है। इस लोकसभा सीट से पहला चुनाव साल 1952 में किसान मजदूर प्रजा पार्टी की नेता सुचेता कृपलानी ने जीता था। इसके बाद 1957 में हुआ दूसरा चुनाव भी उन्होंने ही जीता था, लेकिन 1957 में वह कांग्रेस की उम्मीदवार थीं। उनके बाद यहां से भारतीय जनसंघ के बलराज मधोक निर्वाचित हुए। छठी लोकसभा के लिए यहां से जनता पार्टी के टिकट पर पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी चुने गए। 1980 में अटल बिहारी वाजपेयी यहां से भाजपा के सांसद बने। भाजपा अध्यक्ष रहे लालकृष्ण आडवाणी भी यहां से सांसद चुने गए। इसके अलावा सुपर स्टार राजेश खन्ना यहां से कांग्रेस के टिकट पर जीते थे। भाजपा की ओर से 11वीं, 12वीं, व 13वीं, लोकसभा के लिए पूर्व केंद्रीय मंत्री जगमोहन यहां से चुनाव जीते। 2004 व 2009 में कांग्रेस के अजय माकन यहां से सांसद बने। पिछले दो लोकसभा चुनावों से यहां भाजपा का कब्जा है और मीनाक्षी लेखी इस सीट से जीत कर लोकसभा पहुंची थीं। 2019 के लोकसभा चुनाव में यहां भाजपा प्रत्याशी मीनाक्षी लेखी को कुल 54.77 प्रतिशत वोट मिले थे। 2014 के मुकाबले यहां उनके पक्ष में 8 प्रतिशत अधिक मतदान हुआ। उन्हें कुल 504,206 वोट मिले थे। कांग्रेस के अजय माकन यहां दूसरे नंबर पर रहे और उन्हें 2,47,702 वोट मिले थे। यहां कांग्रेस की हार हुई थी लेकिन 2014 के मुकाबले कांग्रेस के मत प्रतिशत में भी 8 फीसदी का इजाफा हुआ था। तीसरे नंबर पर रहीं आम आदमी पार्टी को यहां 13.64 प्रतिशत वोट का नुकसान हुआ था और उसके उम्मीदवार ब्रिजेश गोयल को 150,342 वोट मिले थे।





# घरेलू मैदान पर लखनऊ सुपर को हराने उतरेगी केकेआर

**एजेंसी। कोलकाता**

दो बार की चैम्पियन कोलकाता नाइट राइडर्स अपने गढ ईडन गार्डंस पर रविवार को आईपीएल के मैच में मयंक यादव के बिना उतर रही लखनऊ सुपर जाइंट्स के खिलाफ उतरेगी तो उसका लक्ष्य जीत की राह पर लौटने का होगा। यह ईडन गार्डंस पर केकेआर का इस सत्र में पहला मैच है। मेंटोर गौतम गंभीर को बखूबी पता है कि यहां होने वाले पांच मैच 2021 के बाद पहली बार प्लेऑफ में जगह बनाने के लिये निर्णायक साबित हो सकते हैं।

दोनों टीमों ने तीन तीन जीत दर्ज की है जबकि पिछले दौर में पराजय का सामना करके आई हैं। केकेआर को वेस्टइंडीज के आंद्रे रसेल और सुनील नारायण पर अत्यधिक निर्भरता का खामियाजा भुगतना पड़ रहा है जो चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ साबित हो गया। चेन्नई ने पिछले मैच में उसे सात वि... हराया। नारायण (27) और रसेल (10) बल्ले से नाकाम रहे। इन दोनों के जबर्दस्त फॉर्म के चलते तीन मैचों में 200 पार का स्कोर बनाने वाली केकेआर चेन्नई के खिलाफ नौ विकेट पर 137 रन ही बना सकी। ऊंगली की चोट के कारण नीतिश राणा यह मैच भी नहीं खेल सकेंगे। केकेआर के कप्तान श्रेयस अय्यर प्रभावित नहीं कर सके हैं और चार मैचों में 0, नाबाद 39, 18 और 34 रन बनाए। वेंकटेश अय्यर तीन मैचों में दोहरे अंक तक नहीं पहुंच पाए और एकमात्र अर्धशतक रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर के खिलाफ लगाया। सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ पहले मैच में वह तीसरे नंबर पर उतरे लेकिन पिछले दो मैचों में सातवें और पांचवें नंबर पर उतरे। रमनदीप सिंह ने भी प्रभावित नहीं किया। अंडर 19 विश्व कप 2022 विजेता अंगकृष रघुवंशी ने दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ 54 रन बनाए।



**कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) :** फिलिप साल्ट (विकेटकीपर), सुनील नरेन, वेंकटेश अय्यर, श्रेयस अय्यर (कप्तान), अंगकृष रघुवंशी, आंद्रे रसेल, रिंकू सिंह, रमनदीप सिंह, मिशेल स्टार्क, वैभव अरोड़ा, वरुण चक्रवर्ती।

**लखनऊ सुपर जाइंट्स (एलएसजी) :** क्विंटन डी कॉक, केएल राहुल (कप्तान और विकेटकीपर), देवदत्त पडिक्कल, मार्कस स्टोइनिस, निकोलस पूरन, आयुष बदोनी, क्रुणाल पंड्या, रवि बिश्नोई, नवीन-उल-हक, यश ठाकुर, अरशद खान।

## दूसरे ओलंपिक क्वालीफायर में नौ सदस्यीय भारतीय दल का नेतृत्व करेंगे निशांत, अमित



**नई दिल्ली।** बॉक्सिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया (बीएफआई) ने पेरिस ओलंपिक गेम्स 2024 के दूसरे विश्व क्वालिफिकेशन टूर्नामेंट के लिए नौ सदस्यीय भारतीय मुक्केबाजी दल का चयन किया है। दल का नेतृत्व 2022 राष्ट्रमंडल खेलों के चैंपियन अमित पंघाल (51 किग्रा) और विश्व चैंपियनशिप के कांस्य पदक विजेता निशांत देव (71 किग्रा) करेंगे। यह टूर्नामेंट 23 मई से 3 जून तक बैंकॉक, थाईलैंड में होने वाला है। पंघाल, जिन्होंने हाल ही में स्ट्रैंड्जा मेमोरियल टूर्नामेंट में स्वर्ण पदक जीता था, वर्तमान राष्ट्रीय चैंपियन हैं और शानदार लय में दिख रहे हैं। दूसरी ओर, निशांत मार्च में इटली में आयोजित पहले ओलंपिक क्वालिफायर के अंतिम चरण में पहुंचे थे और ओलंपिक कोटा हासिल करने से एक जीत दूर रह गए थे। उनके साथ एक अन्य स्ट्रैंड्जा स्वर्ण पदक विजेता और राष्ट्रीय चैंपियन, सचिन (57 किग्रा), 2022 एशियाई खेलों के कांस्य पदक विजेता नरेंद्र बेरवाल (92 किग्रा) और राष्ट्रीय चैंपियन संजीत कुमार (92 किग्रा) भी होंगे। अभिनाश जामवाल (63.5 किग्रा) और अभिमन्यु लूरा (80 किग्रा) भी उस टीम का हिस्सा हैं जो अपनी-अपनी श्रेणियों में पेरिस 2024 कोटा के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगे। महिला वर्ग में पूर्व युवा विश्व चैंपियन अंकुशिता बोरो (60 किग्रा) और अरुंधति चौधरी (66 किग्रा) है, जो वर्तमान राष्ट्रीय चैंपियन भी हैं, दो और कोटा हासिल करने की कोशिश करेंगी।

## बैडमिंटन एशिया चैंपियनशिप : चीन ने महिला एकल का खिताब सुनिश्चित किया

**निंगबो।** चीन ने शुक्रवार को यहां बैडमिंटन एशिया चैंपियनशिप में अपने चार शटलरों के साथ सेमीफाइनल में जगह बनाकर महिला एकल का स्वर्ण पदक सुनिश्चित किया। पांचवीं वरीयता प्राप्त हे बिंगजियाओ ने शीर्ष वरीय दक्षिण कोरिया की एन से-यंग पर 21-17, 21-18 से कड़ी जीत दर्ज की। उनका अगला मुकाबला हमवतन वांग झीयी से होगा, जिन्होंने एक गेम से पिछड़ने के बाद जापान की अया ओहोरी को 15-21, 21-12, 21-11 से हराया। अन्य महिला एकल सेमीफाइनल में ओलंपिक चैंपियन चेन युफेई का मुकाबला हान यू से होगा। दूसरी वरीयता प्राप्त चेन ने इंडोनेशिया की ग्रेगोरिया मारिस्का तुनजुंग को 21-16, 21-19 से हराया, जबकि हान ने जापान की अकाने यामागुची पर सीधे गेम में जीत हासिल की। पुरुष एकल में शीर्ष वरीय चीन के शी युकी ने थाईलैंड के कुनलावुत विटिडसार्न के खिलाफ सीधे गेम में जीत हासिल की। एक अन्य चीनी खिलाड़ी ली शिफेंग ने गत चैंपियन इंडोनेशिया के एंथोनी सिनिसुका गिंटिंग को 21-9, 21-10 से हराया।

## अपनी मानसिकता और शरीर को ध्यान में रखते हुए आईपीएल को छोड़ा : जेसन रॉय

**नई दिल्ली।** इंग्लैंड के स्टार बल्लेबाज जेसन रॉय ने शुक्रवार को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के मौजूदा सीजन से बाहर होने का खुलासा करते हुए कहा कि उन्होंने अपनी मानसिकता और शरीर को ध्यान में रखते हुए यह फैसला किया। रॉय 2.8 करोड़ रुपये में कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) में शामिल हुए थे। उन्होंने व्यक्तिगत कारणों का हवाला देते हुए मार्च की शुरुआत में प्रतियोगिता से नाम वापस ले लिया। उनकी जगह इंग्लैंड और लंकाशायर के बल्लेबाज फिल साल्ट को टीम में शामिल किया गया। रॉय ने ईएसपीएनक्रिकइन्फो के हवाले से कहा कि आईपीएल जैसे टूर्नामेंट को मिस करना एक बड़ा फैसला है और सीजन को मिस करने से ऐसा लगता है कि उन पर बहुत बड़ी रकम बकाया है। रॉय ने कहा, मुझे लगता है कि इस साल के आईपीएल को मिस करना एक बहुत बड़ा निर्णय था। केकेआर ने पिछले साल अच्छे प्रदर्शन के बाद मुझे रिटेन करके मुझ पर बहुत भरोसा किया, मुझे ऐसा लगा जैसे मुझ पर बहुत बड़ी रकम बकाया है। यह एक बहुत बड़ा निर्णय था, लेकिन मैंने यह निर्णय सिर्फ इसलिए लिया क्योंकि यह मेरी बेटी का पांचवां जन्मदिन था और मैं थका हुआ भी था, मैंने अपनी मानसिकता और शरीर को पहले रखते हुए यह फैसला किया। सलामी बल्लेबाज ने आगे कहा कि वह उनकी समस्या को समझने के लिए कोलकाता नाइट राइडर्स फ्रेंचाइजी के आभारी हैं। उन्होंने आगे कहा कि फ्रेंचाइजी के साथ उनका रिश्ता शानदार रहा है।

## मनु गंडास ने 66 का कार्ड खेला, एकमात्र बढ़त हासिल की

**नोएडा।** गुरुग्राम के मनु गंडास ने दिन का सर्वश्रेष्ठ स्कोर छह-अंडर 66 का कार्ड खेलकर कुल 13-अंडर 203 के स्कोर के साथ 1 करोड़ रुपये की पुरस्कार राशि वाले निसान प्रेजेंट दिल्ली-एनसीआर ओपन 2024 के तीसरे राउंड के बाद एकमात्र बढ़त हासिल कर ली है, जो नोएडा गोल्फ कोर्स में खेला जा रहा है। आयोजन के 2022 संस्करण के विजेता मनु गंडास (68-69-66) ने एक त्रुटि-मुक्त दिन का आनंद लिया और वह रातोंरात चौथे स्थान से तीन स्थान ऊपर चले गए। कल शीर्ष पर रहे तीन खिलाड़ियों में से एक, मैसूर के यशस चंद्रा (71-64-69) ने 69 का स्कोर बनाकर दिन का अंत 12-अंडर 204 के साथ दूसरे स्थान पर किया। वीर अहलावत (70) और अंगद चीमा (71), अन्य दो संयुक्त ओवरनाइट लीडर, क्रमशः 11-अंडर 205 के साथ तीसरे स्थान पर और 10-अंडर 206 के साथ चौथे स्थान पर रहे। नोएडा के विक्रांत चोपड़ा चार अंडर 212 के साथ 12वें स्थान पर रहे और स्थानीय पेशेवरों में सर्वश्रेष्ठ स्थान पर हैं। डिफेंडिंग चैंपियन गौरव प्रताप सिंह, नोएडा के एक अन्य खिलाड़ी, एक कदम पीछे होकर संयुक्त 15वें स्थान पर हैं।

# काजल के शतक से खूंटी ने कोडरमा को हराया

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

जेएससीए इंटर डिस्ट्रिक्ट वीमेंस अंडर-19 क्रिकेट टूर्नामेंट बोकारो में खेला जा रहा है। शनिवार को खूंटी और कोडरमा के बीच मैच खेला गया। इसमें खूंटी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 40 ओवर में 295 रन का स्कोर खड़ा किया। काजल कुमारी ने शानदार नाबाद 106 रन बनाए एवं महिमा पांडेय ने 77 रनों की पारी खेली। कोडरमा की तरफ से राधा कुमारी ने 2 विकेट लिये। इसके जवाब में कोडरमा 22 ओवर में 38 रन बनाकर ऑलआउट हो गई। इसमें रिया कुमारी ने 13 रन बनाए। खूंटी की तरफ से रिया, साक्षी और प्रिया ने 2-2 विकेट लिये। कशिश और नाहरिका को 1-1 विकेट मिला।



## 'हम देख सकते थे कि मैकगर्क के पास एक्स-फैक्टर है': प्रवीण आमरे

**लखनऊ।** दिल्ली कैपिटल्स के सहायक कोच प्रवीण आमरे ने नवोदित जेक फ्रेजर-मैकगर्क के शानदार अर्धशतकीय प्रदर्शन की सराहना की, जिससे डीसी ने लखनऊ सुपर जायंट्स को छह विकेट से हरा दिया। मैकगर्क ने अपने आईपीएल डेब्यू पर 31 गेंदों में अर्धशतक बनाया और आईपीएल इतिहास में अर्धशतक बनाने वाले तीसरे सबसे युवा विदेशी बल्लेबाज बन गए। उन्होंने कप्तान ऋषभ पंत के साथ तीसरे विकेट के लिए 77 रन जोड़े जिससे मेहमान टीम 11 गेंद शेष रहते 168 रन का लक्ष्य हासिल करने में सफल रही। शुक्रवार को मैच के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में आमरे ने कहा, यह जेक की जबरदस्त पारी थी। वह नेट्स में बहुत अच्छी बल्लेबाजी कर रहे थे और हम देख सकते थे कि उनके पास एक्स-फैक्टर है, उनमें छक्के लगाने की क्षमता थी। अगर आप उनकी पारी देखें, तो उन्होंने पांच छक्के लगाए और उनके पहले दो स्कोरिंग शॉट छक्के थे। यही बात हम इस प्रारूप में चाहते हैं।

केएल राहुल ने मयंक यादव की चोट के बारे में जानकारी दी, कहा-

# उन्हें अभी और आराम की जरूरत

**एजेंसी। लखनऊ**

लखनऊ सुपर जाइंट्स (एलएसजी) के कप्तान केएल राहुल ने शुक्रवार को युवा तेज गेंदबाज मयंक यादव की चोट के बारे में अपडेट देते हुए कहा कि इस तेज गेंदबाज को अभी और आराम देने की जरूरत है।

एलएसजी के पिछले मैच के दौरान, मयंक रविवार को गुजरात टाइटंस के खिलाफ सिर्फ एक ओवर फेंकने के बाद मैदान से बाहर चले गए। बाद में, टीम के मुख्य कार्यकारी ने बताया कि स्पीडस्टर को पेट के निचले हिस्से में दर्द हुआ है और उनके कार्यभार को नियंत्रित किया जाएगा। मयंक ने अपनी गति, लाइन और लेंथ गेंदबाजी से क्रिकेट पंडितों को हैरान कर दिया है। वह लगातार 150 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से गेंद फेंक रहे थे। राहुल ने अपडेट देते हुए कहा कि तेज गेंदबाज वापसी के लिए तैयार है, हालांकि टीम को उसे थोड़ा पीछे खींचने की जरूरत है ताकि वो बेहतर वापसी करे।

राहुल ने शुक्रवार को मैच के बाद कहा, मयंक अच्छा दिख रहा है औ? अच्छा महसूस कर रहा है लेकिन हम यह भी सुनिश्चित करना चाहते हैं कि हम उसे बहुत जल्दी वापस न ले आएं। वह युवा है, हमें उसके शरीर की रक्षा करने की जरूरत है। वह मैच खेलने के लिए उत्सुक है, हमें बस उसे थोड़ा आराम देने की जरूरत है, ताकि वह बेहतर वापसी कर सके। शुक्रवार को दिल्ली कैपिटल्स ने लखनऊ को छह विकेट से हराया। इस हार के साथ ही एलएसजी की टीम पहली बार आईपीएल में अपने घरेलू मैदान पर 160 से अधिक के लक्ष्य का बचाव करने में विफल रही। राहुल ने कहा कि उनकी टीम 15-20 रन पीछे रह गई और उन्होंने मैच को अपनी टीम के पक्ष में मोड़ने का श्रेय कुलदीप यादव और जेक फ्रेजर-मैकगर्क को दिया। एलएसजी को दिल्ली के नवोदित जेक फ्रेजर-मैकगर्क ने पूरी तरह से चकित कर दिया और अपनी बल्लेबाजी से दिल्ली को जीत दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।



## व्यापार/लाइफ व साइंस

## भारत यात्रा के दौरान एलन मस्क सस्ती स्टारलिंक इंटरनेट सेवा की घोषणा करेंगे

**नई दिल्ली।** एलन मस्क का भारत दौरा को लेकर बड़ी जानकारी आई है वह जल्द ही भारत आ सकते हैं। क्या स्पेसएक्स और टेस्ला के पीछे के दूरदर्शी एलम मस्क अपनी आगामी यात्रा के दौरान भारत में एक किफायती उपग्रह-आधारित इंटरनेट सेवा, स्टारलिंक पेश करने के लिए तैयार हैं? आइए इस तकनीकी सफलता के संभावित प्रभाव का पता लगाएं। कई असफलताओं के बाद, स्टारलिंक लगभग 920 मिलियन ब्रॉडबैंड ग्राहकों वाले देश भारत में अपनी सैटेलाइट ब्रॉडबैंड सेवाएं शुरू करने की कगार पर है। नियामक बाधाओं को दूर कर दिया गया है, और दूरसंचार विधेयक 2023 के हालिया पारित होने के साथ, सैटेलाइट-आधारित सेवाओं के लिए स्पेक्ट्रम आवंटन को सुव्यवस्थित किया गया है, जिससे स्टारलिंक जैसी कंपनियों को फायदा हुआ है। विशेषज्ञों का सुझाव है कि स्टारलिंक के संभावित आगमन से भारत की डिजिटल अर्थव्यवस्था को बढ़ावा मिल सकता है, जिससे देश भर के नागरिकों को डिजिटल पहुंच में वृद्धि मिलेगी। इससे उद्यमशीलता में वृद्धि हो सकती है, शिक्षा और स्वास्थ्य देखभाल तक बेहतर पहुंच हो सकती है और डिजिटल कार्यबल में अधिक भागीदारी हो सकती है। स्टारलिंक 220 एमबीपीएस तक की डाउनलोड स्पीड के साथ अनलिमिटेड हाई-स्पीड डेटा प्रदान करता है। जबकि भारत में स्टारलिंक सेवाओं की कीमत का खुलासा अभी तक नहीं किया गया है, अमेरिका में, ग्रामीण परिवारों के लिए बुनियादी योजनाएं $120 प्रति माह से शुरू होती हैं। अपनी यात्रा के दौरान, मस्क के प्रधान मंत्री मोदी से मिलने की उम्मीद है और वह भारत के लिए टेस्ला की योजनाओं का अनावरण कर सकते हैं, जिसमें एक महत्वपूर्ण निवेश की आवश्यकता वाले विनिर्माण संयंत्र की संभावित स्थापना भी शामिल है। जबकि मस्क की यात्रा के लिए अंतिम यात्रा कार्यक्रम अपुष्ट है, भारत में स्टारलिंक के संभावित प्रवेश और टेस्ला।

## बढ़ती मांग के बीच गैस आधारित बिजली संयंत्रों को उत्पादन शुरू करने का दिया निर्देश

**नई दिल्ली।** गर्मियों के मौसम में देश में बिजली की ऊंची मांग पूरी करने के लिए केंद्र सरकार ने गैस-आधारित बिजली संयंत्रों में उत्पादन शुरू करने का फैसला किया है। बिजली मंत्रालय ने शनिवार को कहा, गैस-आधारित उत्पादन संयंत्रों से अधिकतम बिजली उत्पादन सुनिश्चित करने के लिए सरकार ने बिजली अधिनियम, 2003 की धारा 11 के तहत सभी गैस-आधारित उत्पादन संयंत्रों को निर्देश जारी किए हैं। इस धारा के तहत राज्य या केंद्र सरकार निर्दिष्ट कर सकती है कि असाधारण परिस्थितियों में एक उत्पादक कंपनी किसी भी उत्पादन स्टेशन का संचालन और रखरखाव उस सरकार के निदेशों के अनुसार करे। गैस-आधारित उत्पादन स्टेशनों (जीबीएस) की एक महत्वपूर्ण क्षमता वर्तमान में अप्रयुक्त है, मुख्यतः व्यावसायिक कारणों से। धारा 11 के तहत जारी आदेश का उद्देश्य आगामी उच्च-मांग अवधि के दौरान गैस-आधारित उत्पादन स्टेशनों से बिजली की उपलब्धता को अनुकूलित करना है। बिजली मंत्रालय ने कहा, यह आदेश 1 मई 2024 से 30 जून 2024 तक बिजली उत्पादन और आपूर्ति के लिए वैध रहेगा। बिजली मंत्रालय ने कहा कि ग्रिड-इंडिया गैस आधारित उत्पादन स्टेशनों को पहले से सूचित करेगा कि कितने दिनों के लिए गैस आधारित बिजली की आवश्यकता है। वितरण लाइसेंसधारियों के साथ बिजली खरीद समझौते (पीपीए) रखने वाले गैस आधारित उत्पादन स्टेशन पहले पीपीए धारकों को अपनी बिजली की पेशकश करेंगे। यदि दी गई बिजली का उपयोग किसी पीपीए धारक द्वारा नहीं किया जाता है, तो इसे बाजार में उपलब्ध कराया जाएगा।

# सचिव निधि खरे ने की दालों की उपलब्धता की समीक्षा

- म्यांमार से दालों का आयात करने के लिए भुगतान तंत्र को सरल बनाया गया
- दालों के भंडार का लिया जायजा, 15 अप्रैल से स्टॉक की जानकारी देना जरूरी

**एजेंसी। नई दिल्ली**

चुनावी सीजन में दालों की बढ़ती कीमतों पर नियंत्रण के लिए सरकार ने कमर कस ली है। उपभोक्ता मामलों के सचिव ने इसको लेकर कई पक्षों के साथ बैठकें की। बैठक में दालों के भंडार और उपलब्धता का जायजा लिया गया है।



उपभोक्ता, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मामलों के मंत्रालय ने शनिवार को जारी बयान में कहा कि उपभोक्ता मामलों के सचिव निधि खरे ने दालों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए दाल उद्योग के हितधारकों के साथ बैठकें की हैं। निधि खरे ने म्यांमार से दालों के आयात से संबंधित मुद्दों पर यांगून में भारतीय मिशन के साथ भी बैठक की है।

मंत्रालय के मुताबिक उपभोक्ता मामलों के सचिव ने 15 अप्रैल, 2024 से ऑनलाइन स्टॉक मॉनिटरिंग के संचालन के लिए दाल उद्योग के प्रतिनिधियों के साथ बातचीत में इस बात पर जोर दिया कि दालों के वायदा व्यापार में शामिल पाए जाने वाले किसी भी व्यक्ति से आवश्यक प्रावधानों के अनुसार सख्ती से निपटा जाएगा। मंत्रालय के मुताबिक म्यांमार से दालों का आयात करने वाले व्यापारियों के लिए भुगतान तंत्र को और आसान तथा सरल बनाया गया है।

उल्लेखनीय है कि भारत घरेलू जरूरतों को पूरा करने के लिए दालों के आयात पर निर्भर है। देश में म्यांमार से तुअर यानी अरहर और उड़द दाल का आयात करता है। भारतीय दूतावास ने व्यापार और लेन-देन को सरल बनाने के लिए इस साल 25 जनवरी, 2024 से रुपया/क्यात निपटान तंत्र चालू कर दिया है। सेंट्रल बैंक ऑफ म्यांमार ने 26 जनवरी, 2024 को एसआरवीए के तहत भुगतान प्रक्रियाओं के लिए दिशा-निर्देश भी जारी किए हैं।

## टेस्ला कर सकती है 20 लाख की 'मेक इन इंडिया' ईवी का उत्पादन

**नई दिल्ली।** एलन मस्क इस महीने के अंत में देश में कम से कम 48 घंटे बिताने के लिए पहली बार भारत आ रहे हैं। चूंकि सभी की निगाहें इस पर हैं कि अरबपति मस्क प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उद्योग जगत के नेताओं के साथ अपनी बैठक के दौरान क्या घोषणा करेंगे, टेस्ला प्रेमियों का सिर्फ एक ही सवाल है : वे आखिरकार 'मेक इन इंडिया', किफायती ईवी कब चला पाएंगे? एक सस्ता मॉडल 3, एंट्री-लेवल टेस्ला है, जिसे सिर्फ बैटरी घटकों के स्थानीय विनिर्माण और एक मजबूत ईवी आपूर्ति प्रणाली के साथ ही चलाना संभव हो सकता है। इसके लिए मस्क को देश की अपनी पहली यात्रा के दौरान निश्चित रूप से एक महत्वपूर्ण घोषणा करनी होगी।

# अगर आप भी विदेश जाकर पढ़ना चाहते हैं लेकिन कंफ्यूज हैं



विदेश में पढ़ने का सपना हर छात्र का होता है। वहीं लोग मानते है कि इससे देश-विदेश में जॉब्स और करियर बनाने में आसानी होती है। दूसरे देश में जाकर पढ़ाई करने से फॉरेन के लोगों से तालमेल बैठाने का भी अवसर मिलता है। वहीं स्टूडेंट्स की पर्सनालिटी भी ऊभर के आती है। ऐसे में कई लोग हैं, जो पढ़ाई करना चाहते हैं लेकिन उन्हें निर्णय लेने में काफी परेशानी होती है। सबसे ज्यादा मन में यही सवाल आता है कि आखिर किस ड्रिगी के बाद विदेश जाकर पढ़ाई करना ज्यादा बेहतर रहेगा। अगर आप भी स्नातक या स्नातकोत्तर की पढ़ाई के लिए विदेश जाने सहीं समय का इंतजार कर रहे हैं, फाउंडर ममता शेखावत के बताए गए राय आपके लिए काफी मददगार साबित हो सकती है।


**स्नातक या स्नातकोत्तर क्या करें विदेश में पढ़ाई**

एक्सपर्ट के मुताबिक, स्नातक या स्नातकोत्तर कोर्स करने के लिए विदेश जाकर पढ़ाई करना छात्रों पर निर्भर करता है। उनके बताए गए टिप्स के जरिए, आपको डिसीजन लेने में आसानी हो सकती है।

**विदेश जाकर पढ़ने से पहले जाने का समय सीमा तय करें**



दरअसल, स्नातक कार्यक्रम तीन से चार साल तक चलते हैं। वहीं स्नातकोत्तर कोर्स सिर्फ 2 साल के होते हैं। आपको बता दें, स्नातकोत्तर कार्यक्रम स्नातक से एक वर्ष कम होती है। इन डिग्रियों के समयावधि को देखते हुए आप विदेश में कितने समय तक पढ़ाई करना चाहते हैं, खुद तय कर सकते हैं।



**बजट के अनुसार ले सकते हैं निर्णय**

स्नातक अध्ययन की तुलना में विदेश में स्नातकोत्तर अध्ययन कम खचीर्ला हो सकता है। फिर भी, ऐसें में आप अपनी बजट के हिसाब से तय कर सकते हैं। इसके अलावा, विदेश जाने पहले आपको कौन सी योग्यता हासिल करनी है, यह भी निर्णय लेना होगा।

**स्नातक या स्नातकोत्तर की लर्निंग एक्सपीरिएंस में है भिन्नता**

एक्सपर्ट के मुताबिक हैं कि आपको दोनों कार्यक्रमों में अलग-अलग एक्सपीरियंस लेने का मौका मिलेगा। वहीं स्नातक अध्ययन आम तौर पर छात्रों को अध्ययन के विशिष्ट क्षेत्र से जुड़े ज्ञान से परिचित कराता है। वहीं दूसरे, स्नातकोत्तर आपके अध्ययन के क्षेत्र में पूरी तरह से डूबने और डीप अंडरस्टैंडिंग को सिखाता है।

# प्रधानमंत्री मोदी की गेमिंग क्षमता से प्रभावित हुए युवा गेमर्स ने उन्हें 'नमो ओपी' दिया नाम

**एजेंसी। नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पीसी और वीआर गेमिंग की दुनिया में खुद को सराबोर करते हुए भारत के शीर्ष गेमर्स के साथ एक अनोखी बातचीत की। सत्र के दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने तेजी से विकसित हो रहे गेमिंग उद्योग के प्रति अपना उत्साह दिखाते हुए गेमिंग सत्रों में सक्रिय रूप से भाग लिया।

इस कार्यक्रम में प्रधानमंत्री मोदी ने जिन सात गेमर्स से मुलाकात की, उनमें तीर्थ मेहता (जीसीटीर्थ), पायल धारे (पायल गेमिंग), अनिमेश अग्रवाल (8बीटग), अंशु बिष्ट (गेमरफ्लीट), नमन माथुर (मॉर्टल), मिथिलेश पाटणकर (मिथपैट) और गणेश गंगाधर (एसक्रोसी) शामिल थे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गेमिंग कम्युनिटी के इन बहुचर्चित लोगों की मुलाकात का पूरा वीडियो आज रिलीज कर दिया गया है। इससे पहले 11 अप्रैल को इस मुलाकात का एक टीजर रिलीज किया गया था। प्रधानमंत्री मोदी ने इस मुलाकात के दौरान मोबाइल, पीसी और वीआर गेमिंग में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस दौरान प्रधानमंत्री का गेम नियंत्रण और उद्देश्यों की त्वरित समझ से युवा गेमर्स आश्चर्यचकित हो गए। प्रधानमंत्री मोदी के गेमिंग कौशल से प्रभावित होकर गेमिंग समुदाय ने उन्हें नमो ओपी नाम दिया। यहां ओपी का मतलब प्रबल होता है। गेमर्स ने कहा, हम सभी के पास गेमर टैग हैं। चूंकि आप हमारी तरह जेन जेड हैं, इसलिए हम अब आपको नमो ओपी(प्रबलित) कहेंगे, क्योंकि आप हमारे लाइवस्ट्रीम चैट में देश के सबसे शक्तिशाली व्यक्ति हैं।



जिस बात ने पूरी बातचीत को और भी दिलचस्प बना दिया, वह थी प्रधानमंत्री मोदी की ट्रेंडिंग गेमिंग भाषा जैसे 'ग्राइंड', 'एएफके' और बहुत कुछ सीखने की उत्सुकता। मोदी ने जीटीजी (गॉट टू गो) और एएफके (कीबोर्ड से दूर) जैसे कई गेमिंग वाक्यांश भी सीखे, जिनका उपयोग क्रिएटर्स द्वारा लाइव-स्ट्रीमिंग के दौरान किया जाता है।

## एक नजर

### अंबेडकर पार्क की करायी गयी साफ-सफाई



**मेदिनीनगर।** पलामू भारतीय जनता युवा मोर्चा पलामू के द्वारा बाबा साहब भीमराव अंबेडकर जी की जयंती के पूर्व अंबेडकर पार्क स्थित बाबा साहब की प्रतिमा के साफ सफाई की गई। इस अवसर पर भाजपा पलामू जिला अध्यक्ष अमित तिवारी ने कहा कि आजाद भारत में लोकतंत्र की स्थापना के लिए किए गए प्रयासों में बाबा साहब का योगदान अतुलनीय रहा है।लोकतांत्रिक व्यवस्था बहाल करने के लिए बनाए गए संविधान समिति के अध्यक्ष के रूप में उन्होंने एक मजबूत संविधान देकर भारत के हर वर्ग के लिए एक समान अधिकार एवं कर्तव्य की शक्तियों को देने का काम किया है। युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष ज्योति पांडेय ने कहा कि मोर्चा के द्वारा देश के वीर सपूतों की जयंती और पुण्यतिथि के अवसर पर प्रतिमा की साफ सफाई कर उन्हें श्रद्धांजलि देने का कार्य हमेशा किया जाता रहा है। जिससे युवा पीढ़ी को महापुरुषों के जीवन चरित्र से सदैव मार्गदर्शन मिलता रहे। इस अवसर पर श्वेतांक गर्ग,रोहित शर्मा,राहुल अग्रवाल,प्रभात सिंह,बिट्टू कश्यप,अश्विनी सिंह,विशाल कुमार सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहें ।

### अपने पति के खिलाफ महिला ने थाना दर्ज कराया शिकायत



**मेदिनीनगर।** चैनपुर थाना क्षेत्र के बभंडी गांव निवासी राजू पासवान ने अपनी पत्नी आशा देवी को शुक्रवार की रात पीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया है। शनिवार की सुबह घायल महिला मेदिनीनगर सदर अस्पताल में इलाज करवाने के बाद आशा ने पति के द्वारा मारपीट करने से संबंधित मामला महिला थाना में दर्ज कराया है। घायल महिला ने महिला थाना प्रभारी रूपा कुमारी को बताया कि शुक्रवार को आशा अपने बच्चों के सामान मंगवाने के लिए अपने चचेरे देवर को पति का बाइक दी थी। इसी बात पर पति राजू पासवान ने उसे मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। महिला थाना प्रभारी ने आशा के लिखित आवेदन पर उसे न्याय दिलाने का आश्वासन दिया है।

### बिहार का 22 वर्षीय युवक हैदरनगर देवीधाम से लापता



**मेदिनीनगर।** विहार के रोहतास जिला निवासी नागेंद्र राम का पुत्र अमरेश कुमार उम्र 22 वर्ष पलामू के हैदरनगर देवी धाम से 10 अप्रैल को लापता हो गया है। इस संबंध में जानकारी देते हुए लापता के पिता नागेंद्र राम ने बताया कि अमरेश अपने परिजनों के साथ 10 अप्रैल को हैदरनगर देवी धाम मेला देखने गया था। इसी बीच मेला से ही सुबह 11:00 बजे वह लापता हो गया। लापता होने के बाद परिजनों के द्वारा उसे सभी जगहों पर खोजा गया। परंतु अभी तक उसका कुछ भी पता नहीं चल पाया है। वही अमरेश के लापता होने के बाद परिजनों के द्वारा हैदरनगर थाना में लापता होने से संबंधित मामला को दर्ज करा दिया गया है। मामला दर्ज होने के बाद से हैदरनगर थाना की पुलिस भी अमरेश की खोजबीन में जुट गई है।

### नि:शुल्क जांच शिविर का किया गया आयोजन

**मेदिनीनगर।** चैनपुर थाना क्षेत्र के नरसिंहपुर पथरा गांव में रविवार को जैनुल मेडिकल दुकान में मेदिनीनगर शहर के सुप्रसिद्ध पेट और मूत्र रोग विशेषज्ञ डॉक्टर संजय कुमार के द्वारा निः शुल्क जांच शिविर का आयोजन किया गया है।चैनपुर प्रखंड के नरसिंहपुर पथरा के मुखिया पति व्यास गुरुजी ने इस संबध में जानकारी दी है।

# गरीब लाभुक को नहीं मिला अबूआ आवास, घर ध्वस्त होने से हुई बेघर



**इटखोरी(चतरा)।** इटखोरी प्रखंड क्षेत्र के धूना पंचायत अंतर्गत वार्ड संख्या 5 की अनीता देवी का नाम अबुआ आवास में रहने के बावजूद नहीं मिल पाया आवास। मुखिया और पंचायत सचिव ने घर का निरीक्षण भी किया फिर भी इस गरीब को अबुआ आवास नहीं मिल पाया।

शनिवार को अनीता देवी पति मोहन ठाकुर अपने बच्चों के साथ मिट्टी का टूटे हुए घर में थी, कि अचानक से घर ध्वस्त हो गया और उनका बच्चा बाल-बाल बच गया। हालांकि घर ध्वस्त होने से बच्चों को चोट भी आई है इससे साबित होता है कि झारखंड सरकार द्वारा चलाए जा रहे अबुआ आवास गरीबों तक नहीं पहुंच कर पंचायत के बाबूओं के हाथ चढ़ गया है। पंचायत में यदि पदाधिकारियों के द्वारा सही से जांच किया जाए तो कई आवास संपन्न लोगों को बाबूओ की मेहरबानी मिलने के मामले उजागर होंगे। घर ध्वस्त होने के बाद बेघर हो गई है महिला।

## अपने मताधिकार का प्रयोग कर देश के विकास में अपनी भागीदारी करें सुनिश्चित : डीडीसी

**गिद्धौर (चतरा)।** गिद्धौर प्रखंड अंतर्गत मंझगांवां तरी उत्क्रमित उच्च विद्यालय में शुक्रवार की देर शाम रात्रि चौपाल का आयोजन किया गया। रात्रि चौपाल में मुख्य रूप से उप विकास आयुक्त पवन कुमार मंडल, प्रखंड विकास पदाधिकारी राहुल देव, अंचल अधिकारी राकेश सहाय सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे। चौपाल के क्रम में मतदान केंद्र संख्या 164, 165 व 166 पर मतदान प्रतिशत बढ़ाने को लेकर मतदाताओं को जागरूक किया गया। उपस्थित मतदाताओं से कम से कम 80 प्रतिशत मतदान करने की अपील की गई। उप विकास आयुक्त ने कहा कि आपका एक-एक मत से लोकतंत्र मजबूत होगा। उन्होंने उपस्थित जन समूह से मतदान के प्रति जागरूक रहने का आह्वान किया।

### नवनिर्मित देवी मंदिर प्राण प्रतिष्ठा को लेकर निकाली गयीं कलश यात्रा



**हुसैनाबाद।** पलामू जिले के हुसैनाबाद प्रखंड के महुअरी पंचायत के मिरहीयाडीह गांव में नव निर्मित देवी मंदिर प्राण प्रतिष्ठा को लेकर शनिवार को गाजे-बाजे के साथ कलश यात्रा निकाली गई। यात्रा मंदिर से शुरू होकर एसबीएस महाविद्यालय, सैदाबाद, स्टेशन रोड व जेपी चौक होते हुए देवरी सोननदी पहुची। यहां हिमांचल मिश्र व सूर्यकांत पाठक जी महाराज ने मंत्रोंच्चारण के साथ कलश में जलभरी कराया। माथे पर कलश में जल लिये श्रद्धालु मंदिर लौटे। इनके जयकारे से आसपास का क्षेत्र गूंज उठा।आयोजन समिति के राजू सिंह,श्रवण मेहता,राहुल सिंह, गुड्डू मेहता,संतोष मेहता, पप्पू मेहता,सतीश मेहता, अमित मेहता,सुदेश्वर मेहता आदि ने बताया कि 14 अप्रैल को नगर भ्रमण,15 अप्रैल को देवी मां की प्राणप्रतिष्ठा, पूणार्हुति व रात्रि में अखंड-किर्तन व हरि भजन का आयोजन रखा गया है।16 अप्रैल को को भंडारे के साथ इस धार्मिक अनुष्ठान की पूणार्हूति होगी।

### छात्राओं ने निकाली मतदाता जागरूकता रैली



**लातेहार।** बालूमाथ प्रखंड मुख्यालय में शनिवार को स्वीप कार्यक्रम के तहत परियोजना इंदिरा गांधी मेमोरियल बालिका उच्च विद्यालय कें छात्राओं ने मतदाता जागरूकता रैली निकाली। जागरूकता रैली विद्यालय परिसर से प्रारंभ होकर आदर्श नगर, मुरपा मोड़, कसियाडीह, प्रखंड कार्यालय व दिवाकर नगर होते हुए गुजरी । इस दौरान इस मतदाता जागरूकता रैली में शामिल छात्राएं पहले मतदान फिर जलपान, सब काम छोड़ दो पहले मतदान दो, मतदान है हमारा अधिकार,लोकतंत्र का यह अधिकार वोट न जाये बेकार जैसे कई नारे लगा रहे थे । मतदाता जागरूकता रैली के बारे में शिक्षक निर्मल सिन्हा ने बताया कि इसके तहत क्षेत्र के लोगों को जागरूक करना है ।

### कोल वाहन ने बाइक सवार को मारी टक्कर, बाइक चालक गंभीर

**गिद्धौर(चतरा)।** गिद्धौर थाना क्षेत्र के बांय मोड़ के समीप शनिवार को अनियंत्रित कोल वाहन ने बाइक सवार को टक्कर मार दिया। जिससे बाइक पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई व बाइक चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना की सूचना मिलते ही थाना प्रभारी अमित कुमार गुप्ता घटनास्थल पर पहुंचकर कोल वाहन को जब्त करने के साथ घायल चालक को बेहतर इलाज के लिए हजारीबाग भेज दिया। घायल चालक कटकमसांडी के मुकेश कुमार राणा बताया जा रहा है। बताया जाता है कि मुकेश अपने किसी रिश्तेदार के घर से कटकमसांडी लौट रहा था। इसी क्रम में बांय मोड़ के समीप अनियंत्रित हाइवा ने बाइक चालक को पीछे से टक्कर मार दिया।

# रामनवमी जुलूस रूट पर लगाएं सीसीटीवी : उपायुक्त



**नवीन मेल संवाददाता। लातेहार**

रामनवमी पर्व के अवसर पर विधि व्यवस्था को ले कर उपायुक्त गरिमा सिंह ने शहरी क्षेत्र के विभिन्न जुलूस मार्गों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में उन्होने जुलूस आवागमन को सुलभ बनाने सहित कई मुद्दों पर चर्चा की । जुलूस के निर्धारित मार्गों में रोशनी की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया । सभी जगहों पर दंडाधिकारी और पुलिस बल पर्याप्त मात्रा में तैनात करने का निर्देश दिया गया । सुरक्षा के दृष्टिकोण से जुलूस मार्गों पर पर्याप्त संख्या में सीसीटीवी लगाने का निर्देश दिया ।

उपायुक्त ने सड़क मार्ग में पड़ने वाले पेड़ों के डालियों व अव्यवस्थित बिजली के तारों आदि को व्यवस्थित करने का निर्देश दिया । उपायुक्त ने अंबाकोठी, थाना चौक, बाजार टांड़ व नवरंग चौक तक रूट का निरीक्षण किया । इस मौके पर अपर समाहर्ता रामा रविदास, अनुमंडल पदाधिकारी कौशल कुमार, नगर प्रशासक राजीव रंजन व गोपनीय शाखा के विशेष कार्य पदाधिकारी श्रेयांश व अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे ।

### सुल्तानी में प्राण प्रतिष्ठा को लेकर निकाली गई कलश यात्रा


**हुसैनाबाद।** प्रखंड के सुल्तानी गांव में नवनिर्मित मंदिर में हनुमान जी के मूर्ति शिवलिंग तथा शनिदेव मूर्ति के प्राण-प्रतिष्ठा को लेकर शनिवार को भव्य कलश यात्रा निकाली गयी। इसमें बाबा सूरज नाथ परिवार के सानिध्य में गाजे-बाजे, घोड़े, रथ, झंडा पताका सहित सैकड़ो महिला पुरुष श्रद्धालु शामिल हुए. कलश यात्रा में बतौर मुख्य अतिथि भाजपा नेता कर्नल संजय कुमार सिंह, जिप सदस्य मंजू देवी तथा समाजसेवी राजेश राम ने भाग लिया. कलश यात्रा में महिला पुरुष श्रद्धालुओं ने अपने माथे पर कलश लेकर नवनिर्मित मंदिर से निकलकर सुल्तानी गांव होते हुए बतरे व जुड़ी नदी के संगम घाट पहुंचे जहां से वैदिक मंत्रोचार के साथ कलश में जल लेकर मंदिर प्रांगण में स्थापित किया गया।

# लोक अस्था के महापर्व चैती छठ के गीतों से चहुंओर हो रहा गुंजायमान

**नवीन मेल संवाददाता। चतरा/टंडवा**

लोक आस्था के महा पर्व चैती छठ को लेकर शनिवार को व्रतियों द्वारा खरना का अनुष्ठान नेम निष्ठा के साथ किया गया। इसके साथ ही जिला मुख्यालय के साथ टंडवा आदि प्रखंड क्षेत्र में लोक आस्था के महापर्व छठ के भक्तिमय लोक गीतों से पूरा क्षेत्र सुरम्य गुंजायमान है। छठव्रतियों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुवे शनिवार को चुन्दरू धाम परिसर की विशेष तौर पर साफ-सफाई व आकर्षक साज-सज्जा किया गया।

बताया गया कि सूर्य मंदिर परिसर में निर्मित गेस्ट हाउस में अन्य राज्यों से करीब 20 छठव्रती समेत कुल 63 व्रतियों ने कमरे बुक कराये हैं। वहीं देर शाम शनिवार को व्रतियों द्वारा विधिवत तरीके से खरना का महाप्रसाद ग्रहण किया गया। वहीं रविवार को व्रती अस्तांचलगामी भगवान भास्कर को अर्घ्य अर्पित करने के बाद सोमवार को उदीयमान अर्घ्य देकर अपने 36 घंटों के कठिन व्रत का पारण करेंगी।



### श्री वैष्णव दुर्गा मंदिर में मां की आराधना, चैत्र नवरात्र की धूम

**लातेहार ।** शहर श्री वैष्णव दुर्गा मंदिर मे वासंतिक नवरात्र पर प्रतिदिन कई कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं. प्रातः आठ बजे से एक बजे तक दुर्गा सप्तशती व नौ दुर्गा का पाठ किया जा रहा है । संध्या सात बजे से आरती एवं महाप्रसाद का वितरण किया जा रहा है । इसके बाद स्थानीय कलाकार भजन की प्रस्तुति दे रहे है । शुक्रवार की संध्या में मंदिर परिसर में स्थानीय लोक कलाकार अशोक कुमार महलका, भुनेश्वर साहु, बमशंकर सिंह, नरेंद्र प्रजापति व किरण चंद्रवंशी के द्वारा भजन व चैता का आयोजन किया गया । कार्यक्रम का प्रारंभ अशोक कुमार महलका ने गणेश वंदना से किया । इसके बाद उन्होंने रघुपति राघव राजा राम, पतित पावन सीता राम समेत कई भजन गाये । वहीं भुनेश्वर साहु ने मेरी माता मेरा जो है तेरा है दिया भजन गाया ।

### जलियांवाला बाग नरसंहार में शहीद हुए देशभक्तों को किया गया याद

**मेदिनीनगर।** सदर प्रखंड के रजवाडी पंचायत के मुखिया शह अधिवक्ता अनुज कुमार त्रिपाठी ने जलियांवाला बाग नरसंहार में बलिदान देने वाले देश भक्तो को याद किया और श्रद्धांजलि अर्पित की। मौके पर उपस्थित मुखिया अनुज त्रिपाठी ने कहा कि अंग्रेजो के कायरपन और बर्बरता की कहानी को जलियावाला बाग की घटना बताती है कि इस देश की आजादी के लिए स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों ने कितना उत्पीड़न और दर्द सहा है।

## वाहन चेकिंग के दौरान 70 हजार रुपये राजस्व की हुई वसूली



**नवीन मेल संवाददाता। गिद्धौर (चतरा)**

जिला परिवहन विभाग के नेतृत्व में गिद्धौ थाना के समीप शनिवार को सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया।

जिसमें अंचल अधिकारी राकेश सहाय, पुलिस अवर निरीक्षक सुनील कुमार सिंह सहित परिवहन विभाग के कर्मी मौजूद थे। अभियान के दौरान कई कोल वाहन चालक बगैर कागजात व ड्राइविंग लाइसेंस के पकड़े गए। जिन्हें ऑन द स्पॉट चलान काटकर छोड़ दिया गया। जबकि कई बैगर हेलमेट के दोपहिया वाहन चालक को भी चलान काटा गया। लोकसभा चुनाव को देखते हुए चालकों से सभी जरूरत के कागजात पास में रखने के साथ ड्राइविंग लाइसेंस, हेलमेट व सीट बेल्ट का प्रयोग करने की बात कही। शनिवार को वाहन चेकिंग के दौरान करीब 70 हजार राजस्व की वसूली भी की गई। इधर अंचल अधिकारी ने हाईवा चालकों से गांव में प्रवेश करने के दौरान 20 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार रखने का निर्देश दिया है। तेज रफ्तार वाहन चलाते पकड़े जाने पर कार्रवाई करने की भी चेतावनी दी।

## न्यूज बॉक्स

### रामनवमी आत ही सज चुकी है मेदिनीनगर



**मेदिनीनगर।** शहर का मुख्य पथ महावीरी झंडे से पट गया है। मुख्य बाजार, महावीर मंदिर रोड, पुलिस लाइन रोड आदि में भी महावीरी झंडा लगाकर सजाय गया है। मेदिनीनगर के चैनपुर, शाहपुर, रेड़मा में भी रामनवमी को लेकर पथ सजाने का क्रम जारी है।मेदिनीनगर में रामनवमी महोत्सव की शोभायात्रा पंचमी से ही निकाली जाती है। महाअष्टमी व महानवमी को शोभायात्रा में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ती है। केंद्रीय कमेटी श्रीमहावीर नवयुवक दली जेनरल के नेतृत्व में विभिन्न अखाड़ा कमेटियां झांकी बनाने का काम भी तेज कर दिए है। वही चैनपुर रामनवमी पूजा को ले पलामू जिला महावीरी झंडे से पट गया है। शहर व ग्रामीण क्षेत्र के चौक-चौरहों पर लहरा रहे महावीर झंडे आकर्षण के केंद्र बने हुए हैं। यहां लगे महावीर झंडे व सजावट लोगों का बरबस अपनी ओर ध्यान खींच रहे हैं। मुख्य बाजार क्षेत्र समेत अन्य जगहों पर महावीरी झंडे लगाए गए हैं। सड़क किनारे व विभिन्न चौक-चौराहों पर महावीरी झंडा लगाया गया है। मेदिनीनगर में रामनवमी का मुख्य जुलूस धूम धाम से निकाला जाएगा।

### अज्ञात बदमाशों ने सोलर पैनल में लगाई आग, लाखों का नुकसान

**पलामू।** जिले के हरिहरगंज थाना क्षेत्र के पिरौंजी गांव में स्ट्रॉबेरी खेत में पटवन के लिए लगाए गए सोलर पैनल में अज्ञात बदमाशों ने आग लगा दी। इस घटना में सोलर पैनल के नीचे खड़ी कार, मोटर, 20 बंडल मिलिचिंग, 5 बंडल ड्रीप, 3 सेट स्प्रे मशीन, 15 बोरा खाद, एक पेटी दवा आदि जलकर बर्बाद हो गए। इस घटना के बाद 10 एकड़ एरिया में सिंचाई व्यवस्था ठप हो गयी है। आगजनी से आठ लाख का नुकसान बताया गया है। बताया जाता है कि कोल्हुवारा निवासी पम्मी कुमार मेहता पिरौंजी गांव में स्ट्रॉबेरी की खेती करते हैं। स्ट्रॉबेरी के अलावा टमाटर, फूलगोभी, तरबूज एवं करेला का भी पैदावार करते हैं। फसलों की सिंचाई के लिए सोलर पैनल लगाया हुआ था। शुक्रवार की रात करीब 8 बजे पम्मी भोजन करने के लिए घर गए थे। भोजन करने के बाद पुनः खेत पर लौटना था। इसी दौरान अज्ञात बदमाशों ने सोलर पैनल में आग लगा दी। आग की लपटें उठता देखकर आसपास के लोगों ने इसकी जानकारी पम्मी कुमार मेहता को दी। ग्रामीणों के साथ मिलकर पम्मी ने आग बुझायी, लेकिन तब तक सारा सेटअप जल गया था। सोलर पैनल के नीचे खड़ी कार भी जलकर नष्ट हो गयी।

### पुलिस ने अवैध हथियार के साथ दो युवकों को गिरफ्तार कर भेजा न्यायिक हिरासत में

**मेदिनीनगर।** पलामू एसपी रिशमा रमेशन के निर्देश पर लोकसभा चुनाव को लेकर सदर थाना प्रभारी उत्तम कुमार राय के नेतृत्व में सदर थाना क्षेत्र के खैराही गणके में गुप्त सूचना के आधार पर शनिवार की दोपहर दो युवकों को देशी कट्टा के साथ गिरफ्तार करने में सफलता मिली है। गिराफ्तार विकास कुमार व चुन्नू मोची के पास से जांच करने पर पुलिस को देशी कट्टा बरामद हुआ है। पुलिस दोनों को हिरासत में लेने के बाद उनसे पूछताछ कर रही है। थाना प्रभारी उत्तम कुमार राय ने पत्रकारों को बताया कि लोकसभा चुनाव को लेकर पुलिस अर्लट मोड में काम कर रही है। थाना क्षेत्र के सभी स्थानों पर पुलिस की विशेष निगाह है। इस क्रम दोपहर पुलिस को सूचना मिली की खैराही गणके में दो युवक देशी कट्टा लेकर आराम से घूम रहे हैं। सूचना के सत्यापन के बाद तत्काल ही टीम गठित कर उक्त क्षेत्र में पुलिस के पहुंचने पर दोनों पुलिस देखकर भागने लगे। पुलिस ने दौड़ाकर दोनों को पकड़ने में कामयाब रही है। उन्होंने बताया की दोनों का अपराधिक इतिहास खंगालने पर पता चला की चुन्नू दो तीन बार पहले भी विभिन्न मामलों में जेल जा चुका है। पुलिस दोनों से पूछताछ कर यह जानने का प्रयास कर रही है कि उनके पास हथियार कहां से आया। हथियार लेकर किस मकसद से घूम रहे थे। दोनों पर आर्म्स एक्ट के तहत सदर थाना में प्राथमिकी दर्ज पुलिस अभिरक्षा में न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है। उन्होंने बताया कि थाना क्षेत्र में अपराधियों की धरपकड़ के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है। अपराधियों पर नकेल कसने के लिए पूरी तरह से पुलिस मुस्तैद है।

### बिजली चोरी के विरुद्ध में विभाग ने छापेमारी दल का किया गया गठन



**मोहम्मदगंज।** विद्युत विभाग के उच्च अधिकारियों के निर्देश पर शनिवार को विद्युत अवर प्रमंडल जपला के द्वारा बिजली चोरी के विरुद्ध विशेष छापेमारी दल का गठन किया गया। गठित छापेमारी दल में शामिल कनीय विद्युत अभियंता प्रदीप कुमार सिंह के नेतृत्व में मोहम्मदगंज थाना क्षेत्र के कादलकुर्मी गांव में छापेमारी अभियान चलाया गया।इस दौरान कादलकुर्मी गांव के 8 लोगो को अवैध रूप से बिजली चोरी करते हुए पकड़ा।कनीय अभियंता प्रदीप कुमार सिंह ने सभी आरोपियों के विरुद्ध मोहम्मदगंज थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई है। साथ ही कुल 80 हजार का जुमार्ना भी लगाया गया है। कनीय अभियंता श्री सिंह ने बताया की छापेमारी दल ने कादलकुर्मी गांव के बलराम साव,राजदेव साव,मनोज साव,शशांक कुमार,प्रवेश उरांव,रामप्रवेश मेहता,सतेंद्र मेहता व मनोज राम को अवैध तरीके से बिजली चोरी के आरोप में पकड़ा। थाना प्रभारी पंकज कुमार तिवारी ने बताया की प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कानूनी कारवाई की जा रही है।

# पेयजल विभाग को सूचना देने के बावजूद नहीं बन पा रहा है खराब चापाकल : मुखिया



**नवीन मेल संवाददाता। कुंदा(चतरा)**

आजादी के 75 वर्ष बीत जाने के बावजूद भी कुंदा प्रखंड क्षेत्र में अंतर्गत बौधाडीह पंचायत के कमाल गांव में लोग आज भी बुनियादी सुविधाओं से वंचित हैं। इस गांव में लगभग 100 परिवार निवास करते हैं। उसके बावजूद भी जनप्रतिनिधियों ने उक्त गांव की शुद्ध लेना उचित नहीं समझा है। ग्रामीण कहते हैं की गांव में बिजली खंभा तो है लेकिन खंभो में लगे तार में करंट नहीं है। जिसके कारण घरों में बल्ब नहीं टिमटिमाता हैं और अंधेरे में रहने को विवश हैं। वही लोगों ने बताया की आवागमन के लिए सड़क नही है आज भी प्रखंड मुख्यालय मुख्य पथ तक पहुंचने के लिए पगडंडियों का सहारा लेना पड़ता है। उक्त गांव में पानी का भी घोर अभाव है। इतनी बड़ी आबादी वाले गांव में सिर्फ एक कुआं है, वह भी गर्मी के दिनों में सूख जाता है। पेयजल को लेकर भी ग्रामीणों को काफी जद्दोजिह्द करनी पड़ रही है। गांव में लगा चापाकल खराब है, नल जल योजना का लाभ भी अभी तक ग्रामीणों को नहीं मिल पाया है। हालांकि नल जल योजना से उक्त गांव में तीन बोरिंग करवाया कर छोड़ दिया गया है। फिलहाल ग्रामीण विद्यालय के पास लगे चापाकल से किसी तरह अपनी प्यास बुझा रहे हैं। वही संबंधित पंचायत की मुखिया अनीता देवी से संपर्क करने पर उबताया कि उक्त गांव में फिलहाल मनरेगा योजना से कुंवा की स्वीकृति दी गई है। कार्य प्रारंभ है वही उन्होंने यह भी कहा की चापाकल खराब होने की सूचना संबंधित विभाग के जेई को लगातार दी जा रही है, लेकिन उसके बावजूद विभाग द्वारा सकारात्मक पहल नहीं की जा रहा है। वही ग्रामीणों ने आगामी लोकसभा चुनाव में वोट बहिष्कार करने का संकल्प लेते हुए कहा है कि गांव में बिजली, पानी, सड़क, नहीं तो वोट नहीं।

### लोकसभा के भाजपा उम्मीदवार ने किया इटखोरी प्रखंड का दौरा

**इटखोरी(चतरा)।** चतरा लोकसभा क्षेत्र के भाजपा उम्मीदवार कालीचरण ने इटखोरी प्रखंड के धुंना, करनी, इटखोरी समेत विभिन्न पंचायत के कई गांवों का दौरा कर अपने पक्ष में वोट देने की अपील लोगों से की। श्री सिंह ने इस दौरान कहा कि में आपका बेटा हूं, भाई हूं, मुझे एक बार मौका दीजिए आपने जो स्थानीयता की मांग की है और आपका स्थानीय बेटा, भाई, उस मांग पर खरा उतर कर दिखाऊंगा। हमें जनता का अपार समर्थन मिल रहा है। दौरे में विधायक किशुन कुमार दास, जिलाध्यक्ष रामदेव सिंह भोक्ता, जिला महामंत्री डॉ. मृत्युंजय सिंह, रतन शर्मा, प्रीतम राय आदि शामिल थे।

## पेज एक के शेष

### जैक बोर्ड 20 को जारी...

विषयों की कॉपियों की जांच हो चुकी है।

मैट्रिक-इंटर की परीक्षा में राज्यभर के 7,66,520 छात्र परीक्षा में शामिल हुए थे। सभी जिलों में कुल 1978 परीक्षा केंद्र बनाए गए थे। मैट्रिक में 4,21,678 और इंटर में 3,44,842 छात्र परीक्षा में शामिल हुए थे। बोर्ड परीक्षा छह फरवरी से शुरू होकर 26 फरवरी तक चली। रांची जिले में करीब 70,000 छात्रों के लिए 159 परीक्षा केंद्र बनाए गए थे।

### झारखंड की सभी...

महागठबंधन की जीत का दावा किया।

गम्हरिया प्रखंड में तीन अलग-अलग स्थानों पर आयोजित बैठक में हिस्सा लेने के बाद मुख्यमंत्री रविवार को सरायकेला मुख्यालय में बूथ स्तरीय संवाद कार्यक्रम में हिस्सा लेंगे। वहीं 16 अप्रैल को जिले में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में हिस्सा लेंगे और भ्रमण करेंगे।

### प्रदेश में पावर शिफ्टिंग की...

गलियारे में कई तरह के सवाल उठने लगे हैं। क्या कल्पना सोरेन को सुपर सीएम के रूप में स्थापित करने की ये रणनीति तो नहीं। संगठनात्मक काम में चंपई को व्यस्त दिखला कार्यकर्ताओं और नेताओं के लिए कल्पना की उपलब्धता सुनिश्चित की जा रही है। वहीं सीएम के पार्टी के प्रति जिम्मेदारी और जवाबदेही पर सवाल उठेंगे क्योंकि वह ना सिर्फ राज्य के सीएम हैं बल्कि झामुमो के उपाध्यक्ष भी हैं। इस बात के भी कयास लगाए जा रहे हैं कि क्या झारखंड में पावर शिफ्टिंग की तैयारी हो रही है। क्या गांडेय उपचुनाव से पहले कल्पना सोरेन की बकौल सीएम ताजपोशी हो जाएगी। झामुमो का पैटर्न तो इसी ओर इशारा कर रहा है। मधुपुर में उपचुनाव से पहले पार्टी ने हफीजुल हसन को मंत्री बना दिया था, बाद में उपचुनाव में उनकी जीत भी हुई। इसी तरह जगरनाथ महतो के निधन के बाद डुमरी उपचुनाव से पहले उनकी पत्नी बेबी देवी को मंत्री पद की शपथ दिला दी गई थी। वहां भी पार्टी को सफलता मिली। जाहिर है कि कल्पना सोरेन को उसी तर्ज पर आगे बढ़ाया जाता है तो पार्टी की जीत की गारंटी और मजबूत हो जाएगी। पिछले दिनों नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी भी कह चुके हैं कि सत्ता की कमान सोरेन परिवार के पास ही है। कोल्हान टाइगर कहे जाने वाले चंपाई को सर्कस का टाइगर बना दिया गया है।

पावर शिफ्टिंग के कयासों के पीछे की कुछ और भी वजहें हैं। मसलन, 21 अप्रैल को रांची में आहूत उलगुलान न्याय रैली की तैयारी को लेकर पिछले दिनों गठबंधन दलों की बैठक को कल्पना सोरेन ने ही लीड किया था। यही नहीं राहुल गांधी की मुंबई में न्याय यात्रा के समापन और केजरीवाल की गिरफ्तारी के विरोध में दिल्ली में इंडिया गठबंधन के शक्ति प्रदर्शन में भी कल्पना सोरेन की ब्रांडिंग हुई थी। दोनों कार्यक्रमों में चंपाई सोरेन को तरजीह नहीं दी गई थी।

### नाबालिग आदिवासी लड़की के...

सुनसान ईलाके में बांस झूड़ के पीछे अंजाम दिया जा रहा था। तभी कुछ ग्रामीणों को इसकी भनक मिल गयी। तब तक पहुंचे ग्रामीणों ने सभी युवकों को पकड़कर उनकी पिटाई की और रातू पुलिस को सौंप दिया। ग्रामीण एसपी ने इस घटना की पुष्टि की है। रातू थाना पुलिस ने आरोपियों से पूछताछ करने के बाद बताया कि लड़की को मेला के बहाने बुलाया गया था। जहां पर उसके ब्वॉयफ्रेंड ने अपने अन्य चार दोस्तों को बुला लिया। इसके बाद सभी ने शराब पी और लड़की के साथ दुष्कर्म करने लगे। पीड़िता छोड़ देने का गुहार लगाती रही, लेकिन किसी ने उसकी एक ना मानी।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC
Dr. Vaibhav Kashyap
" Smiles & More"
Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist &
Implantologist Certified Orthodontist, MIDA
छात्र-छात्राओं के लिए
50% की छूट
Facilities
❖ आरसीटी
❖ पायरिया का ईलाज
❖ टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
❖ स्माईल डिजाइन
❖ इनविजिवल क्लिप
❖ दंत रोपण
❖ फिक्स दाँत लगाना
❖ अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज

CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com


## एक नजर

### राष्ट्रपति ने देशवासियों को अंबेडकर जयंती की शुभकामनाएं दीं

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शनिवार को भारत रत्न भीमराव अंबेडकर की जयंती की पूर्व संध्या पर देशवासियों को शुभकामनाएं दीं और उनके आदर्शों को अपनाकर समावेशी विकास के लिए एकजुट होकर काम करने का आह्वान किया। राष्ट्रपति मुर्मू ने अपने शुभकामना संदेश में कहा कि हमारे संविधान निर्माता एवं अग्रणी राष्ट्र निर्माताओं में से एक विभूति बाबासाहब भीमराव रामजी आंबेडकर के जन्मदिवस के अवसर पर मैं सभी देशवासियों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं देती हूं। उन्होंने कहा कि सामाजिक परिवर्तन के अग्रदूत और बहुमुखी प्रतिभा के धनी बाबासाहब ने एक कानूनविद, शिक्षाविद, अर्थशास्त्री, समाज-सुधारक और राजनेता के रूप में हमारे देश और समाज को अप्रतिम योगदान दिया। संवैधानिक व्यवस्था में उनका दृढ़ विश्वास आज भी हमारे लोकतंत्र व सुशासन का मूल आधार है। दलित समाज के उत्थान के लिए वे आजीवन संघर्ष करते रहे और समतावादी समाज की स्थापना के लिए समर्पित रहे। राष्ट्रपति ने देशवासियों का आह्वान करते हुए कहा कि आइए, इस अवसर पर हम सब डॉ. आंबेडकर के आदर्शों को अपनाएं एवं समावेशी विकास के लिए एकजुट होकर कार्य करें।

### उपराष्ट्रपति 15 को नागपुर का दौरा करेंगे

**नई दिल्ली।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ 15 अप्रैल को नागपुर का दौरा करेंगे। उपराष्ट्रपति सचिवालय ने शनिवार को बताया कि अपने एक दिवसीय दौरे के दौरान, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ राष्ट्रीय प्रत्यक्ष कर अकादमी (एनएडीटी), नागपुर में भारतीय राजस्व सेवा (आईआरएस) के 76वें बैच के समापन समारोह में मुख्य अतिथि होंगे।

### केजरीवाल की याचिका पर सुनवाई एससी में कल

**नई दिल्ली।** दिल्ली शराब नीति मामले में ईडी द्वारा मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी और रिमांड के खिलाफ याचिका पर सुप्रीम कोर्ट 15 अप्रैल यानी सोमवार को सुनवाई करेगा। जस्टिस संजीव खन्ना और जस्टिस दीपांकर दत्ता की खंडपीठ इस मामले की सुनवाई करेगी। दिल्ली हाई कोर्ट ने मंगलवार को गिरफ्तारी को चुनौती देने वाली याचिका खारिज कर दी थी, इसके बाद केजरीवाल ने बुधवार को शीर्ष अदालत का रुख किया। हाईकोर्ट ने ईडी की इस दलील पर गौर किया कि एजेंसी के पास केजरीवाल की गिरफ्तारी के लिए पर्याप्त सबूत हैं। इसमें कुछ बयान और शराब नीति के निर्माण में उनके शामिल होने के आरोप शामिल हैं।

### सिडनी के एक शॉपिंग सेंटर में पांच लोगों की चाकू मारकर हत्या

**सिडनी।** ऑस्ट्रेलिया के सिडनी में शनिवार को एक शॉपिंग सेंटर में पांच लोगों की चाकू मारकर हत्या कर दी गई। इसके बाद हमलावर को पुलिस ने गोली मार दी। स्थानीय मीडिया में ये बात कही गई है। ऑस्ट्रेलिया की मीडिया की एक रिपोर्ट के अनुसार, प्रत्यक्षदर्शियों ने कहा कि एक व्यक्ति लोगों का पीछा कर रहा था और उन्हें चाकू मार रहा था, इसके बाद वेस्टफील्ड बॉन्डी जंक्शन को खाली करा लिया गया। कैनबरा में ऑस्ट्रेलियाई संघीय पुलिस ने ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज को इस घटना की जानकारी दी।

# पश्चिमी विक्षोभ से तीन दिन बारिश, तेज हवा बदलेगी मौसम का मिजाज


**एजेंसी। नई दिल्ली**

मौसम विभाग का अनुमान है कि अगले तीन दिनों में राजस्थान में धूल भरी आंधी चलेगी और उत्तर-पश्चिम और मध्य भारत में गरज के साथ भारी बारिश, तेज हवाएं और ओलावृष्टि हो सकती है। विभाग का कहना है कि 13 अप्रैल को एक तीव्र पश्चिमी विक्षोभ उत्तर पश्चिम भारत तक पहुंचने वाला है। विभाग के अनुसार 13 से 15 अप्रैल के दौरान उत्तर-पश्चिम भारत में तेज हवा, ओलावृष्टि और आकाशीय बिजली गिरने के साथ मध्यम से गंभीर तूफान की संभावना है, जिसकी तीव्रता 13 और 14 अप्रैल को चरम पर होगी। इसका असर झारखंड पर भी पड़ेगा। मध्य भारत में आज भी तेज हवा, ओलावृष्टि, बिजली और हल्की से मध्यम वर्षा के साथ मध्यम तूफान जारी रहने की संभावना है। उसके बाद इसमें काफी कमी आएगी। अगले दो दिनों के दौरान उत्तर पश्चिम भारत में तापमान में धीरे-धीरे 2-4 डिग्री सेल्सियस की गिरावट होने की संभावना है और उसके बाद कोई महत्वपूर्ण बदलाव नहीं होगा। कल पश्चिमी राजस्थान के कई हिस्सों में अधिकतम तापमान 40-42 डिग्री सेल्सियस के बीच रहा।

दिल्ली, चंडीगढ़ और हरियाणा में 14 अप्रैल को आंधी, बिजली और तेज हवा के साथ अलग-अलग स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है। 15 अप्रैल को अलग-अलग स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है। 13 और 14 अप्रैल को अलग-अलग स्थानों पर ओलावृष्टि की भी संभावना है।

एक चक्रवाती तूफान के रूप में एक तीव्र पश्चिमी विक्षोभ मध्य और ऊपरी क्षोभमंडलीय पश्चिमी हवाओं में एक ट्रफ के साथ ईरान के ऊपर स्थित है। 13-15 अप्रैल के दौरान अरब सागर से उत्तर पश्चिम भारत में उच्च नमी आने की संभावना है। एक चक्रवाती तूफान दक्षिणी राजस्थान और उससे सटे उत्तरी गुजरात पर स्थित है और इस चक्रवाती परिसंचरण से निचले क्षोभमंडल स्तर पर उत्तरी ओडिशा तक एक ट्रफ रेखा बनी हुई है। पिछले 24 घंटों के दौरान मध्य प्रदेश और मराठवाड़ा में अलग-अलग स्थानों पर ओलावृष्टि हुई है। मध्य प्रदेश और विदर्भ में अलग-अलग स्थानों पर गरज के साथ आंधी और तेज हवा चली है। मध्य प्रदेश, तेलंगाना, तमिलनाडु, पुडुचेरी और कराईकल, आंतरिक कर्नाटक के कुछ हिस्सों में और उत्तर प्रदेश, पश्चिम राजस्थान, छत्तीसगढ़, उप-हिमालयी पश्चिम बंगाल और सिक्किम, असम और मेघालय, ओडिशा, झारखंड, मध्य महाराष्ट्र, मराठवाड़ा, तटीय कर्नाटक और तटीय आंध्र प्रदेश में अलग-अलग स्थानों तथा विदर्भ, केरल और माहे में कई स्थानों पर गरज के साथ बारिश की संभावना है।

**तापमान में होगी 2-4 डिग्री की गिरावट**




## छत्तीसगढ़ में बोले राहुल गांधी, आज दो विचारधाराओं की लड़ाई

# एक झटके में हम हिंदुस्तान से गरीबी मिटा देंगे : राहुल

**एजेंसी। छत्तीसगढ़**

राहुल गांधी ने कहा कि गरीबी रेखा से नीचे (बीपीएल) से, हम हर परिवार में एक महिला का चयन करेंगे, और हमारी सरकार महिला के खाते में प्रति माह 8,500 रुपये देगी, और एक वर्ष में हम इन महिलाओं को कुल 1 लाख रुपये देंगे। 'एक झटके से, हिंदुस्तान से हम गरीबी को मिटा देंगे।' कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने शनिवार को कहा कि अगर उनकी पार्टी केंद्र में सत्ता में आती है तो वह तुरंत देश में जाति जनगणना कराएगी। छत्तीसगढ़ के बस्तर जिले के बस्तर गांव में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए, उन्होंने आगामी लोकसभा चुनावों को दो विचारधाराओं के बीच की लड़ाई बताया, जिसमें संविधान की रक्षा करने वाले और इसे नष्ट करने वाले



लोग शामिल हैं। उन्होंने लोगों से कहा कि हम आपका जीवन बदलना चाहते हैं, हम आपकी मदद करना चाहते हैं। अगर नरेंद्र मोदी करोड़पतियों को पैसा दे सकते हैं, तो कांग्रेस वह पैसा गरीबों को दे सकती है। और इसलिए हम एक नई नीति, 'महालक्ष्मी' ला रहे हैं, जिसे चुनाव जीतने के तुरंत बाद लागू किया जाएगा।

राहुल गांधी ने कहा कि गरीबी रेखा से नीचे (बीपीएल) से, हम हर परिवार में एक महिला का चयन करेंगे, और हमारी सरकार महिला के खाते में प्रति माह 8,500 रुपये देगी, और एक वर्ष में हम इन महिलाओं को कुल 1 लाख रुपये देंगे। 'एक झटके से, हिंदुस्तान से हम गरीबी को मिटा देंगे।' उन्होंने कहा कि आपको जानकर हैरानी होगी कि देश में 22 लोगों के पास उतनी ही संपत्ति है जितनी देश के 70 करोड़ लोगों के पास है। पीएम मोदी दिन भर उन 22 लोगों की मदद करते हैं। उन्होंने कहा कि बेरोजगारी फैल रही है, हर राज्य में लोग आपको बताएंगे कि मुख्य मुद्दा बेरोजगारी, महंगाई और भागीदारी है।

### केरल में चार दिनों तक प्रचार करेंगे राहुल गांधी

**तिरुवनंतपुरम।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी अपनी पार्टी के लिए चार दिनों तक केरल में प्रचार करेंगे और अपनी पार्टी के लिए ज्यादा से ज्यादा वोट जुटाने की कोशिश करेंगे। वह सोमवार को कोझिकोड पहुंचेंगे, जहां वह एक चुनावी रैली को संबोधित करेंगे, मंगलवार को अपने निर्वाचन क्षेत्र वायनाड का दौरा करेंगे। गुरुवार को राहुल गांधी कन्नूर, पलक्कड़ और कोट्टायम में प्रचार करेंगे। वह त्रिशूर, तिरुवनंतपुरम और अलाप्पुझा का भी दौरा करेंगे। 16 अप्रैल को कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डी.के. शिवकुमार तिरुवनंतपुरम, कन्नूर, वडकारा, कोझिकोड और मलप्पुरम में प्रचार करेंगे। केरल में 26 अप्रैल को 20 लोकसभा सीटों के लिए मतदान होगा।



## बैसाखी स्नान पर्व पर भारी संख्या में हरिद्वार पहुंचे श्रद्धालु

**एजेंसी। हरिद्वार**

उत्साह और उमंग से भरपूर बैसाखी के पावन पर्व पर गंगा स्नान के लिए हरिद्वार में भारी भीड़ उमड़ी है। हर की पैड़ी सहित आसपास के घाट श्रद्धालुओं से भरे हुए हैं। लक्खी मेला बैसाखी की व्यवस्थाओं पर नजर रखने के लिए जिलाधिकारी धीराज सिंह गर्ब्याल तथा एसएसपी प्रमेंद्र डोबाल स्वयं मेला नियंत्रण भवन में मौजूद हैं। बैसाखी के पावन पर्व हरिद्वार में गंगा जी में डुबकी लगाने के लिए विशेष कर पंजाब, हरियाणा, दिल्ली तथा पश्चिम उत्तर प्रदेश से श्रद्धालुओं की भारी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। श्रद्धालु भक्ति भाव के साथ गंगा स्नान कर मंदिरों में दर्शन करने के बाद गरीबों को दान पुण्य कर मोक्ष प्राप्ति की कामना कर रहे हैं। बैसाखी स्नान पर्व पर सुरक्षा व्यवस्था की दृष्टि से पुलिस महकमें ने काफी तैयारी की हैं। संपूर्ण मेला क्षेत्र को 13 जोन तथा 39 सेक्टर में बांटा गया है। बीते शुक्रवार से ही हरिद्वार में भारी वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित किया गया है। आज सायंकाल तक लाखों की संख्या में श्रद्धालुओं के गंगा स्नान करने का अनुमान है।

## 20 देशों के राजदूत क्रूज से गंगा आरती देखने पहुंचे

**एजेंसी। वाराणसी**

20 देशों के राजदूत शनिवार शाम लक्जरी क्रूज पर सवार होकर दशाश्वमेध घाट पर पहुंचे। विदेशी डेलीगेट्स घाट पर गंगा सेवा निधि की ओर से आयोजित सायंकालीन गंगा आरती में शामिल हुए। घाट पर भव्य गंगा आरती के दौरान विदेशी मेहमान आध्यात्मिक भाव में दिखे। लयबद्ध गंगा गीतों को समझने का प्रयास करते दिखे। मां गंगा की आरती देख मेहमान मंत्रमुग्ध नजर आ आए। आरती के दौरान डेलीगेट्स कभी तस्वीर खींचते तो कभी सेल्फी लेते नजर आए। गंगा आरती में आए सभी अतिथियों का निधि के अध्यक्ष सुशांत मिश्रा, कोषाध्यक्ष आशीष तिवारी, सचिव हनुमान यादव ने गुलाब का फूल देकर स्वागत किया। साथ ही सभी डेलीगेट्स को जाते समय प्रसाद ब्रोसर भी दिया गया। घाट पर इस दौरान सुरक्षा का व्यापक प्रबंध किया गया। अपर पुलिस आयुक्त एस चिनप्पा,दशाश्वमेध एसीपी प्रज्ञा पाठक समेत बड़ी संख्या में फोर्स मुस्तैद रही।

14 अप्रैल, रविवार को नमो घाट पर इंडियन माइनारिटी फाउंडेशन की ओर से आयोजित दो दिवसीय धरोहर काशी की कार्यक्रम में भाग सभी राजदूत लेंगे। राजदूतों के घाट पर आगमन को देखते हुए जिला प्रशासन भी सतर्क है। कार्यक्रम में घाट पर अंतरराष्ट्रीय फैशन डिजाइनर मनीष मल्होत्रा अपने फैशन शो में बनारस के बुनकरों के शिल्प को प्रदर्शित करेंगे।

# बाबासाहेब को अपमानित करने वाले संविधान बदलने का झूठ फैला रहे हैं : प्रधानमंत्री मोदी

**देश और समाज को विभाजित, विखंडित करने और बांटने के लिए कांग्रेस को सजा दें**

**एजेंसी। नई दिल्ली**

संविधान निर्माता बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर की रविवार को 133वीं जयंती है। इसको लेकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पहले से ही एक माहौल बना दिया है। शुक्रवार को बाडमेर की सभा में प्रधानमंत्री मोदी ने डॉ. अंबेडकर को भारत रत्न नहीं देने के लिए सीधे तौर पर कांग्रेस को जिम्मेदार ठहराया। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि कांग्रेस हमेशा से दलित और पिछड़ा विरोधी रही है और इसीलिए उसने डॉ. अंबेडकर को सदैव अपमानित किया और उन्हें उचित सम्मान नहीं दिया।

भाजपा के वरिष्ठतम नेता और प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, जब भी



चुनाव आता है - संविधान के नाम पर झूठ बोलना इंडी गठबंधन के सभी घटक दलों के लिए फैशन बन गया है। कांग्रेस ने बाबा साहेब भीम राव अंबेडकर को जानबूझ कर चुनाव हरवाया, उन्हें भारतरत्न नहीं मिलने दिया। कांग्रेस ने देश में आपातकाल लगाकर संविधान को खत्म करने की कोशिश की आज वे लोग मोदी को गाली देने के लिए संविधान के नाम पर झूठ का सहारा ले रही है। यह मोदी ही है जिसने पहली बार देश में संविधान दिवस मानना शुरू किया, बाबा साहेब से जुड़े पंचतीर्थों का विकास किया है। इसलिए बाबासाहेब और संविधान का अपमान करने वाली कांग्रेस और उनके इंडी गठबंधन से सावधान रहने की जरूरत है। कांग्रेस को सजा देने का समय आ गया है।

पीएम देश की सुरक्षा के मुद्दे पर भी लगातार कांग्रेस पर हमलावर हैं। वे कहते हैं कि कांग्रेस के लोग देश के सीमावर्ती गांवों को देश के आखिरी गांव कहते थे, हम उन्हें पहला गांव मानते हैं। देश की सुरक्षा के लिए महत्वपूर्ण इन गांवों को कांग्रेस ने जानबूझकर विकास से वंचित रखते थे और कहते थे कि अगर इन क्षेत्रों का विकास होगा तो देश पर दुश्मन के हमले की आशंका बढ़ जाएगी। कांग्रेस को अपने इस तर्क पर शर्म आनी चाहिए। किस दुश्मन के कलेजे में इतनी हिम्मत है कि वो बाड़मेर की सीमा में घुसकर कब्जा करने की सोच सके? हमारे लिए देश की सीमाएं यहां खत्म नहीं होती हैं, हमारे लिए देश यहां से शुरू होता है। पीएम चिंता जताते हुए कहा कि इंडी गठबंधन में शामिल एक और दल ने देश के खिलाफ बहुत खतरनाक ऐलान किया है।


### इजराइली गोलाबारी में 3 पत्रकार घायल

**गाजा।** फिलिस्तीनी सूत्रों ने कहा कि मध्य गाजा में नुसेइरात शरणार्थी शिविर पर इजराइली गोलाबारी में तीन फिलिस्तीनी पत्रकार घायल हो गए। प्रत्यक्षदर्शियों ने शुक्रवार को समाचार एजेंसी शिन्हुआ को बताया कि इजराइली तोपखाने ने पत्रकारों के एक समूह पर उस समय गोलाबारी की, जब वे नुसेरात शिविर में घटनाओं को कवर कर रहे थे। समाचार एजेंसी की रिपोर्ट के अनुसार, गुरुवार को इजराइली सेना ने नुसीरात शिविर के बाहरी इलाके में एक सैन्य अभियान शुरू करने की घोषणा की। चिकित्सा सूत्रों ने समाचार एजेंसी को बताया कि तीन घायल पत्रकार दीर अल-बाला के शुहदा अल-अक्सा अस्पताल पहुंचे। उनमें से एक का दाहिना पैर कट गया और उसके शरीर पर छर्रे के घाव हो गए, जबकि अन्य दो को मामूली चोटें आईं।

# क्या 50 से कम उम्र के लोगों को अपनी चपेट में ले रहा है पार्किंसंस?

**एजेंसी। नई दिल्ली**

अक्सर माना जाता है कि बढ़ती उम्र पार्किंसंस रोग का एक प्रमुख कारण है। लेकिन अब एक नई स्टडी में स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने खुलासा किया है कि 50 वर्ष से कम उम्र के लोगों में भी ये बीमारी हो सकती है। उन्होंने इस पर चिंता भी व्यक्त की है। पार्किंसनिज्म एंड रिलेटेड डिसऑर्डर जर्नल में प्रकाशित एक अध्ययन में कहा गया है कि भारत में पार्किंसंस रोग तेजी से पांव पसार रहा है। अब यह बाकी देशों की तुलना में 10 साल पहले हो रहा है। भाईलाल



अमीन जनरल हॉस्पिटल वडोदरा की कंसल्टेंट न्यूरो-फिजिशियन डॉ. आश्का पोंडा ने आईएएनएस को बताया, "पहले ऐसी धारणा थी कि पार्किंसंस रोग मुख्य रूप से उम्र दराज व्यक्तियों को प्रभावित करता है। लेकिन नए शोध से यह बात सामने आई है कि यह कम उम्र के लोगों को भी अपनी चपेट में ले रहा है। पार्किंसंस के मामलों में हालिया वृद्धि से यह पता चला है कि इस रोग के लक्षण 50 वर्ष की आयु से पहले देखे जा रहे हैं।" स्टडी में पार्किंसंस के लिए पर्यावरण, जेनेटिक्स और लाइफस्टाइल को मुख्य रूप से दोषी ठहराया गया है। डॉक्टर ने कहा, कीटनाशकों के संपर्क में आना, वायु प्रदूषण और खान-पान की आदतें जैसे कारक आनुवांशिक संवेदनशीलता के साथ मिलकर रोग को बढ़ाते हैं।" इसके लक्षणों में कम गतिशीलता, स्टिफनेस, कंपकंपी और संतुलन का बिगड़ना है। पार्किंसंस दैनिक गतिविधियों और गतिशीलता को काफी हद तक बाधित कर सकता है, जिससे परेशानी हो सकती है। डॉ. आशका ने कहा, पार्किंसंस के रोगियों का एक बड़ा हिस्सा अब कम उम्र के वर्ग में आता है, इसलिए यह जानना जरूरी है कि यह तंत्रिका संबंधी विकार केवल उम्र के आधार पर भेदभाव नहीं करता। इसके बजाय, आनुवंशिक प्रवृत्तियों, पर्यावरणीय जोखिमों और दूसरी बिमारियों का होना पार्किंसंस रोग की जटिलता को रेखांकित करता है।"

### बलूचिस्तान में 11 लोगों की हत्या से सनसनी

**एजेंसी। इस्लामाबाद**

पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत के नोशकी इलाके में शनिवार को 11 लोगों की हत्या कर दी गई। वे सभी पाकिस्तान के पंजाब प्रांत से थे। 10-12 की संख्या में अज्ञात बंदूकधारियों ने सुल्तान चोरहाई क्षेत्र नोशकी के क्वेटा-ताफ्तान राजमार्ग को अवरुद्ध कर दिया और एक बस से 11 यात्रियों का अपहरण कर लिया। डिप्टी कमिश्नर ने कहा, बंदूकधारियों ने ताफ्तान जाने वाली बस से यात्रियों की जांच की और उनका अपहरण कर लिया। बाद में उनको गोली मार दी। उनके शव डेढ़ घंटे बाद पास के एक पुल के नीचे पाए गए। नोशकी स्टेशन हाउस अधिकारी असद मेंगल ने बताया, ग्यारह मृतकों में से नौ पंजाब से थे।

## पाक के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में मुठभेड़ में दो सैनिक और एक आतंकवादी ढेर



**एजेंसी। इस्लामाबाद**

पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के बुनेर जिले में शनिवार को एक खुफिया-आधारित ऑपरेशन में दो सैनिक और एक आतंकवादी मारा गया। यह जानकारी सेना ने दी। पाकिस्तानी सेना की मीडिया शाखा, इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस (आईएसपीआर) ने एक बयान में कहा, ऑपरेशन के दौरान भारी गोलीबारी के बाद आतंकवादी गिरोह का एक सरगना मारा गया, जबकि दो अन्य आतंकवादी घायल हो गए। डॉन की रिपोर्ट के अनुसार, दो सैनिकों की पहचान लांस हवलदार मुदस्सर महमूद और लांस नायक हसीब जावेद के रूप में की गई, जो शहीद हो गए। ऑपरेशन में वांछित आतंकवादी मारा गया, जिसकी पहचान सलीम रब्बानी के रूप में हुई। उस पर 50 लाख रुपये का इनाम था। आईएसपीआर ने कहा, आतंकवादी सुरक्षा बलों के खिलाफ कई आतंकवादी गतिविधियों के साथ-साथ निर्दोष नागरिकों से जबरन वसूली और लक्षित हत्याओं में सक्रिय रूप से शामिल था। वह कानून प्रवर्तन एजेंसियों का वांछित था। प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने सफल ऑपरेशन के लिए सुरक्षा बलों की सराहना की और शहीद हुए लोगों के प्रति शोक जताया।